ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 6 जून 2024
वर्ष 5, अंक 200, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर नहीं माने : रोहित 13
सनी लियोनी की 'कोटेशन गैंग' का पोस्टर रिलीज 14

# राजग ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को चुना नेता

## राष्ट्रपति के समक्ष कल पेश कर सकते हैं सरकार बनाने का दावा, तीसरी बार संभालेंगे देश की बागडोर

- सत्तारूढ़ गठबंधन की 7 जून को होगी एक और बैठक
- सप्ताहांत तक हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के एक दिन बाद यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में राजग के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में राजग सरकार भारत के गरीब, महिला, युवा, किसान, शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, जन सेना पार्टी के पवन कल्याण, राकांपा (अजित पवार) के प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, असम गण परिषद के अतुल बोरा, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो और जद(यू) के राजीव रंजन सिंह और संजय झा भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने बैठक में हिस्सा लिया।

तेदेपा, जद (यू), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने क्रमशः 16, 12, सात और पांच लोकसभा सीट जीती हैं और ये दल सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। इसमें कहा गया कि बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। सूत्रों ने बताया कि 7 जून को राजग की एक और बैठक हो सकती है, जिसके बाद राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। शपथ ग्रहण की तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन गठबंधन के कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर नई सरकार की रूपरेखा जल्द तैयार हो जाती है, तो यह (शपथ ग्रहण) सप्ताहांत तक हो सकता है।



राजग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख नीतीश कुमार व शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे।

### फड़णवीस ने की इस्तीफे की पेशकश



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपेक्षा से विपरीत प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए बुधवार को पार्टी हाईकमान के समक्ष सरकार के पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। फडणवीस ने आज यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र के नतीजों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रहे हैं क्योंकि राज्य में पार्टी का दायित्व उन पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भाजपा नेतृत्व से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए और कड़ी मेहनत कर सकूं। राज्य में विधानसभा के चुनाव इस साल के उत्तरार्ध में होने वाले हैं।

### राष्ट्रपति ने भंग की सत्रहवीं लोकसभा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पहले दोपहर में मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था।

### महत्वपूर्ण विभागों की मांग कर सकते हैं तेदेपा, जदयू

ऐसी चर्चा है कि सरकार गठन के सिलसिले में तेदेपा और जद(यू) जैसे दलों की ओर से कुछ महत्वपूर्ण विभागों की मांग की जा सकती है, क्योंकि उनका समर्थन सरकार के गठन और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बार नई सरकार की सूरत बदली-बदली नजर आने की संभावना है, क्योंकि भाजपा को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिला है और उसे अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। राजग 293 से अधिक सीट हासिल कर 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आंकड़े को पार कर गया है।

## उचित समय पर लेंगे उचित फैसला : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने बुधवार को कहा कि वह भाजपा सरकार के विपरीत जनाकांक्षा को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित कदम उठाएगी। इस कदम को सरकार गठन की संभावना से जुड़े सारे विकल्प खुले रहने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

गठबंधन के घटक दलों की अपने आधिकारिक आवास '10 राजाजी मार्ग' पर मेजबानी करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने सरकार गठन की संभावना और आगे की रणनीति पर करीब दो घंटे तक चर्चा की। बैठक में गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के कुल 33 नेताओं ने भाग लिया। खरगे के अलावा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, आप सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत और कई अन्य नेता शामिल हुए। बैठक के बाद खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा की गई और बहुत से सुझाव आए। उन्होंने गठबंधन की तरफ से एक बयान भी पढ़ा। खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन को मिले भारी जनसमर्थन के लिए हम मतदाताओं को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। इस जनादेश ने भाजपा और उसकी नफरत की राजनीति, भ्रष्टाचार और लोगों को हक हकूक से वंचित करने की राजनीति को बहुत करारा जवाब दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक और नैतिक पराजय है। यह जनादेश महंगाई, बेरोजगारी और पूंजीवाद के खिलाफ है।



इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल राहुल गांधी, अखिलेश व डीएमके नेता स्टालिन।



- इंडिया गठबंधन ने दिया विकल्प खुले रखने का संकेत



### सेंसेक्स 2,303 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

- चुनाव नतीजों के झटकों से उबरा बाजार
- निवेशकों की 13.22 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

**मुंबई।** चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303 .19 अंक यानी 3 .20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382 .24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735 .85 अंक यानी 3 .36 प्रतिशत उछलकर 22,620 .35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785 .9 अंक तक चढ़ गया था। बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13 .22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।


## राहुल को सौंपा रायबरेली से जीत का प्रमाण पत्र

### केएल शर्मा ने सोनिया से लिया आशीर्वाद

**अमेठी।** अमेठी लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को दिल्ली में गांधी परिवार से मुलाकात की है। उन्होंने राहुल गांधी को रायबरेली की जीत का प्रमाण पत्र सौंपा और सोनिया गांधी से आशीर्वाद लिया। सोनिया गांधी ने किशोरी लाल से कहा कि आप जैसे हैं, वैसे ही रहना है। कोई घमंड नहीं करना है। शर्मा ने कहा कि मैं गांधी परिवार की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरूंगा। जीत के साथ जिम्मेदारी भी आती है और वह जिम्मेदारी मैं महसूस कर रहा हूं। अमेठी की जनता के साथ मिलकर काम करूंगा तो निश्चित रूप में सफल होऊंगा। किशोरी लाल ने भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को एक लाख 67 हजार वोटों से हराया है। स्मृति को तीन लाख 72 हजार वोट मिले, वहीं किशोरी लाल को पांच लाख 39 हजार वोट मिले हैं।









## बरसाती नाले में गिरा वाहन, छह की मौत

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार** : नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के पतलोट के समीप मैक्स वाहन (टैक्सी) देर शाम अनरबन गधेरे (बरसाती नाला) में गिरने से चालक समेत छह सवारों की मौत हो गई जिसमें तीन एक ही परिवार के थे, जबकि तीन बच्चों समेत सात लोग घायल हो गए। चार घायलों को इलाज हेतु हल्द्वानी भेजा गया है।

मैक्स वाहन (यूके04 टीए 4243) हल्द्वानी से पुड़पुड़ी गांव जा रहा था। शाम करीब सवा सात बजे वाहन पतलोट से पहले झड़गांव के पास 250 फीट गहरे गधेरे में गिर गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव में जुट गए। खनस्यू थाना पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए। मृतकों में पुड़पुड़ी निवासी चालक भुवन भट्ट (30), भद्रकोट निवासी उमेश परगाई (38), पुड़पुड़ी निवासी ममता (19), पार्वती देवी, महेश परगाई व दीपा परगाई शामिल हैं।

तीन घायलों पंकज (13), मनोज (11) व लक्की (7) को ओखलकांडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि गंभीर रूप से घायल चार लोगों को हल्द्वानी रेफर किया गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीण भुवन भट्ट ने बताया कि वाहन लगभग 250 फिट गहरे गधेरे में गिरा है। इधर, देर रात तक घायल हल्द्वानी नहीं पहुंच सके थे। एसडीएम एएन गोस्वामी ने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम पतलोट में कराया जा रहा है।



- तीन बच्चों समेत सात लोग घायल, चार घायलों को इलाज के लिए हल्द्वानी भेजा



गधेरे (बरसाती नाला) में गिरा मैक्स वाहन।

## उत्तरकाशी के सहस्त्रताल ट्रैक पर नौ ट्रैकर्स की मौत

- 5 ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू किए, 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया

**देहरादून।** उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल में ट्रैकिंग पर गया 22 सदस्यीय दल मौसम खराब होने के चलते फंस गया। जिसमें 9 ट्रैकर्स की मौत हो गई, चार ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू कर लिए गए। 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया है। सेना के साथ एसडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी है, लेकिन खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बन रहा है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के मुताबिक 22 सदस्यीय दल ट्रैकिंग के लिए 29 मई को रवाना हुआ था। 2 जून तो दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा। 3 जून को वहां खराब मौसम में ट्रैकिंग दल फंस गया। पूरी रात उन्हें ठंड में बितानी पड़ी। अगले दिन दल को ले जाने वाली गढ़वाल माउंटनेरिंग एवं ट्रैकिंग एजेंसी के मालिक को सूचना मिली कि ठंड लगने से चार ट्रैकर की मौत हो गई है जबकि सात की तबियत खराब है और 11 ट्रैकर फंसे हुए हैं। आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। सेना के जवान रेस्क्यू में जुट गए।

## विदेश से बात करा कंपनी को लगाई करोड़ों की चपत

- बीएसएनएल बरेली के डिविजनल इंजीनियर सहित पांच लोगों को पांच वर्ष की जेल

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : कंप्यूटर हैक कर विदेश में अवैध रूप से कॉल करके बीएसएनएल को 3.41 करोड़ का चूना लगाने के आरोपी बीएसएनएल बरेली के डिविजनल इंजीनियर सहित पांच लोगों को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने 5 वर्ष की जेल एवं 2.59 लाख का जुर्माना लगाया है।

सीबीआई के लोक अभियोजक के अनुसार बीएसएनएल बरेली के डिविजनल इंजीनियर प्रमोद गंगवार सहित छह आरोपियों के विरुद्ध सीबीआई ने 19 सितंबर 2011 को मामला दर्ज किया था। जिसमें कहा गया था कि 2009 से 2011 के बीच कंप्यूटर को हैक किया गया तथा 18 फोन लगाकर बरेली से विदेश बात की गई। इस तरह बीएसएनल को 3.41 करोड़ की क्षति हुई। सीबीआई ने 30 मई 2014 को प्रमोद कुमार गंगवार के अलावा महफूज अली, एजाज आलम, शाहनवाज आलम, मोहम्मद कादिर एवं मोहम्मद नायाब के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। 30 सितंबर 2015 को उनपर आरोप तय किए गए थे। कोर्ट ने मोहम्मद नायाब को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया जबकि अन्य पांचों को सजा सुनाई है।

### एयर कनाडा की फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप

**नई दिल्ली।** एयर कनाडा की टोरंटो जाने वाली उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को विमान में बम रखे होने की धमकी वाला ईमेल मिला। हालांकि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार रात 10 :50 बजे धमकी भरा ईमेल मिला था।

## बेटे ने मां को गड़ासे से काटा पेट्रोल डालकर शव जलाया

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

**दुस्साहस**

- ऊंचाहार की घटना, जघन्य हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी
- वजह स्पष्ट नहीं, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

**अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे उसरैना गांव में एक बेटे ने अपनी मां को गड़ासे से काटकर शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने अधजला शव कब्जे में लिया है। वारदात बुधवार की दोपहर हुई।

ठकुराइन मजरे उसरैना गांव निवासी लवकुश कुमार छोटे बेटे संदीप के साथ सलोन गए थे। घर में पत्नी सुशीला देवी (45) और बड़ा बेटा कुलदीप थे। ग्रामीणों का कहना है कि कुलदीप गांव में कहीं गया था। कुछ देर बाद घर लौटा, किसी बात पर उसने आपा खो दिया और गड़ासे से मां को काट डाला। फिर शव को घर के पीछे ले गया और पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। शव जलने लगा तो ग्रामीणों को जानकारी हुई। मौका पाकर कुलदीप भाग गया। पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कारणों का पता लगाया जा रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी।

## एक लाख लेने कांग्रेस दफ्तर पहुंचीं महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देने का वादा किया था जिसके तहत बुधवार को काफी संख्या में महिलाएं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गईं और गारंटी कार्ड जमा करने में मांग की। महिलाओं के अचानक पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने महिलाओं को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत किया। अभी सरकार न बनने का तर्क दिया।

कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को सुबह से ही महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी। दोपहर तक काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित हो गईं। इसमें ज्यादातर मुस्लिम थीं। वे गारंटी कार्ड लेने पहुंची थीं। मुख्यालय में पार्टी नेता चुनाव में शानदार प्रदर्शन पर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। महिलाओं के पहुंच जाने पर सभी सकते में आ गए। मौजूद नेताओं ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। मालूम हो कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने कई परिवारों को 'गारंटी कार्ड' वितरित किए थे। चुनावी सभाओं में इस घोषणा को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी का 'खटाखट-खटाखट' खाते में रुपये आने वाला बयान भी खूब चर्चा में रहा था।

### राहुल ने कहा था खटाखट रुपये मिलेंगे



रुपये लेने को परिजनों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- कांग्रेस पदाधिकारियों ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत किया

### सरकार बनने के बाद रकम देने की बात थी

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार बनने के बाद गरीब महिलाओं को रकम देने की बात कही गई थी। चुनाव से पहले बड़ी संख्या में यह कार्ड लोगों को बांटे भी गए थे। सभी प्रत्याशियों ने भी अपने क्षेत्रों में गारंटी कार्ड बांटे थे। ये गारंटी कार्ड लगातार जमा हो रहे हैं।

## एक नजर

### संस्कृति शर्मा ने पास की नीट परीक्षा



**बिसौली।** नगर निवासी शशिकांत शर्मा उर्फ मनोज शर्मा सीमेंट वालों की पुत्री संस्कृति शर्मा ने नीट की परीक्षा पास कर ली। उनकी सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है । संस्कृति की इस उपलब्धि पर अमित पाठक, ओमवीर शर्मा, अमित शर्मा, राजकुमार शर्मा, राजकिशोर शुक्ला ने बधाई दी है।

### सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के तीन युवक इशाक पुत्र दिलशाद, मोहम्मद शबाब पुत्र अकबर नवास, नदीम रहमान पुत्र सफी कुर्रहमान के खिलाफ अपनी 12 साल की बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण, पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# थोड़ा सा इंतजार, दस बेड की होगी डायलिसिस यूनिट

## जिला अस्पतालः डायलिसिस यूनिट का किया जा रहा है विस्तारीकरण, तेज गति से बन रहा है नया भवन

कार्यालय संवाददाता बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस यूनिट एक सप्ताह के बाद नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगी। नई बिल्डिंग में दस बेड का डायलिसिस यूनिट होगा, जिससे एक दिन में करीब तीस मरीजों का डायलिसिस किया जा सकेगा। अब सिर्फ एक सप्ताह का इंतजार करना होगा।

जिला अस्पताल में पिछले साल जुलाई में डीसीडीसी कंपनी ने तीन यूनिट का डायलिसिस यूनिट लगाया था। डायलिसिस यूनिट कुछ दिन चलने के बाद ही बंद हो गया। कंपनी और स्वास्थ्य निदेशालय के बीच कुछ जरूरी औपचारिकताएं पूरी नहीं होने से कंपनी को भुगतान नहीं हो पा रहा था। करीब एक महीने में उक्त औपचारिकताएं पूरी कर ली गयी, उसके बाद कंपनी ने डायलिसिस यूनिट फिर चालू कर दिया। जिला अस्पताल में निशुल्क डायलिसिस होने की खबर जैसे जैसे जिले के लोगों को मिलती गयी वैसे ही मरीज आने शुरू हो गये। करीब चार महीने चलने के बाद दो मशीनें खराब हो गयीं। बिजली समस्या के चलते डायलिसिस नियमित नहीं हो पा रही थी। काफी जद्दोजहद के बाद मशीन ठीक कराई गई, और यूनिट को फिर से चालू कर दिया गया।



जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस यूनिट। ● अमृत विचार

- **तकनीकी कारणों से रुका था कार्य, अगले सप्ताह तैयार हो जाएगा भवन**

इसी बीच इस साल फरवरी में डायलिसिस यूनिट के विस्तारीकरण का निर्देश शासन स्तर से दिया गया, तो स्वास्थ्य विभाग ने उक्त कंपनी संचालक को इस बाबत पत्र लिखा। कंपनी संचालक यूनिट विस्तारीकरण के लिए तैयार हो गया, लेकिन जिला अस्पताल में दस बेड का यूनिट लगाने को कोई वार्ड नहीं था, इसलिए अस्पताल प्रशासन ने नयी बिल्डिंग तैयार करायी। नई बिल्डिंग बन कर तैयार है। कुछ खामियां थीं जिनकी बजह से बिल्डिंग डायलिसिस कंपनी को हैंडओवर नहीं की जा रही थी। उक्त कमियां मई महीने में पूरी कर ली गयी हैं। जिसके बाद अब जून के दूसरे सप्ताह में इस बिल्डिंग में डायलिसिस यूनिट पहुंच जाएगा। दस बेड का नया यूनिट लगने से मरीजों को दिक्कत नहीं होगी। एक मशीन पर एक दिन में तीन मरीजों का डायलिसिस कराया जाता है। दस बेड पर एक दिन में तीस मरीजों का डायलिसिस कराया जाएगा। जिससे एक ओर कंपनी को आर्थिक लाभ होगा वहीं मरीजों को भी दिक्कत नहीं होगी।

दस बेड के डायलिसिस यूनिट को जिला अस्पताल की बिजली नहीं दी जाएगी। डायलिसिस कंपनी का जनरेटर लगाएगी जिससे यूनिट का निर्बाध गति से बिजली मिल सकेगी। नया जनरेटर लगाने को नई बिल्डिंग के निकट ही एक बड़ा सा फाउंडेशन भी बनाया गया है जिस पर कंपनी का जनरेटर रखा जाएगा। जनरेटर से यूनिट को बिजली दी जाएगी। जिसके बाद बिजली संकट खत्म हो जाएगा।

> बिजली संकट को लेकर पिछले 15 दिन से डायलिसिस यूनिट बंद है। हर दिन बिजली समस्या बनी रहती है। ट्रिपिंग होने से मशीन खराब होने का खतरा बना रहता है। इसलिए यूनिट को बंद कर दिया गया है। अब नई बिल्डिंग में जब यूनिट पहुंच जाएगी जो कंपनी के जनरेटर से मशीन चालू की जाएंगी। यूनिट के विस्तारीकरण के बाद ही काम शुरू किया जाएगा। **–मनोज कुमार**, मैनेजर डायलिसिस यूनिट

> नई बिल्डिंग अब तैयार हो चुकी है। उसमें जो भी कमियां थीं वे दुरुस्त कर ली गयीं हैं। मात्र एक सप्ताह के अंदर बिल्डिंग मिल जाएगी उसके बाद कंपनी को नई बिल्डिंग हैंडओवर कर दी जाएगी। जिससे अगले सप्ताह डायलिसिस यूनिट नई बिल्डिंग में पहुंच जाएगा। दस बेड की यूनिट चालू होने से मरीजों को लाभ होगा। जल्द ही सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। **–डा. कप्तान सिंह**, सीएमएस

### रेडीमेड कपड़े की दुकान में कूमल लगाकर लाखों की चोरी

**म्याऊं ।** थाना उसैहत क्षेत्र के गांव भन्द्रा निवासी खुर्शीद पुत्र मुन्ना की मिर्जापुर तिराहे पर रेडीमेड कपड़े की दुकान है जिसमें गोदाम भी बनी हुई है। सोमवार देर शाम वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। बुधवार की शाम पड़ोस के लोगों ने दुकान में नकब लगा और जीना टूटा हुआ देखा तो इसकी जानकारी दुकानदार को दी। दुकान मालिक खुर्शीद पहुंचे और देखा कि दुकान का सारा माल गायब था। 4 हजार की नगदी भी गायब थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दुकान का जायजा लिया। अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। दुकानदारों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दुकान के सामने प्रदर्शन किया और चोरी का जल्द खुलासा करने की मांगी की। पीड़ित ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। दुकानदारों का कहना था कि इससे पहले भी कई दुकानों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।







### निजी नलकूपों में हो रही चोरियां, पुलिस नहीं ले रही तहरीर

**कुंवर गांव।** क्षेत्र में निजी नलकूपों से चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं हैं। पुलिस किसी भी चोरी की घटना का सुराग नहीं लगा सकी है। यहां तक कि तहरीर भी नहीं ले रही है। गांव बाबट का मजरा हरीनगला निवासी किसान दिनेश यादव ने बताया कि गांव के किसान सूरज पाल, अर्जुन यादव, रामप्रकाश सिंह, हरिद्वारी लाल, श्यामलाल, विश्ननू, हरपाल सिंह, रामबाबू समेत नौ किसानों के निजी नलकूपों में मंगलवार की रात को बेखौफ चोरों ने कूमल लगाकर व कुछ के ताले तोड़कर नलकूपों में लगे स्टार्टर और हेल्पर,व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया । । क्षेत्र में लगातार नलकूपों में हो रही चोरियों से किसान बेहद परेशान हैं। किसानों में दहशत बनी हुई है। किसानों का कहना कि थाने में शिकायत करने जाते हैं तो तहरीर लेने से मना कर देता है आज तक नलकूपों में हुई चोरियों में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### आज से शुरू होगा बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट

**बिल्सी।** बिल्सी प्रीमियर लीग ( बीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के तत्वावधान में 51 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट छह जून से शुरू होगा। टूर्नामेंट अम्बियापुर ब्लॉक मैदान पर खेला जाएगा। जिसका आरंभ बृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि कोतवाल केके मिश्रा द्वारा किया जाएगा। बीपीएल क्रिकेट मैच के संयोजक सौरभ वार्ष्णेय और प्रशान्त जैन न बताया इस 51 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीम हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट प्रत्येक बृहस्पतिवार और रविवार को आयोजित होगा। क्रिकेट टूर्नामेंट समिति का गठन सर्व समिति से हुआ। जिसमें क्रिकेट टूर्नामेंट मैच के संयोजक प्रशांत कुमार जैन सौरभ वार्ष्णेय और शाहनवाज अल्वी को चुना गया। जिसमें चंद्रकेश शर्मा को अध्यक्ष, कुशमेश वार्ष्णेय, अंशुल शर्मा को उपाध्यक्ष, अरबाज हुसैन को कोषाध्यक्ष, वैभव वार्ष्णेय को सचिव, अनुज वार्ष्णेय को मंत्री चुना गया।

### चीनी मिल पर 49 करोड़ 48 लाख रुपए बकाया

**बदायूं।** बिसौली की यदु शुगर मिल ने इस साल 107 करोड़ 88 लाख 77 हजार का गन्ना खरीदा था। उक्त धनराशि में से मिल द्वारा मार्च से मई तक कई करोड़ का भुगतान कर दिया गया। 31 मई को चीनी मिल ने करीब एक करोड़ 28 लाख 50 हजार रुपए का गन्ना किसानों को भुगतान किया था। इस भुगतान के बाद अब चीनी मिल पर 49 करोड़ 48 लाख 36 हजार का बकाया है। चीनी मिल प्रशासन का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों में कुछ और भुगतान कर दिया जाएगा। या सत्र शुरू होने से काफी पहले गन्ना किसानों का पूरा भुगतान कर दिया जाएगा। गन्ना विकास परिषद के वरिष्ठ लिपिक अंजुम बाबू ने बताया कि गन्ना किसानों का भुगतान जल्द कराये जाने को जिला गन्ना अधिकारी ओमप्रकाश के आदेश पर चीनी मिल को पत्र जारी किया गया था जिसके बाद चीनी मिल ने 31 मई को कुछ भुगतान किया है। साथ ही दो दिन के अंदर कुछ और भुगतान किया जाएगा।

# आदित्य यादव का किया जोरदार स्वागत



आदित्य का तिलक करतीं सपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष संतोष कश्यप।



मिठाई बांटते सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मोतशाम सिद्दीकी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **सपा प्रत्याशी जीत पर बांटी गई मिठाइयां**

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा सीट से सपा (गठबंधन) के प्रत्याशी आदित्य यादव के जीतने के बाद सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका तिलक करके और माल्यार्पण करके स्वागत किया। बुधवार को जगह-जगह मिठाई वितरित की गई।

मतगणना के बाद रात आवास पर पहुंचने पर सपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष संतोष कश्यप ने टीका लगाया। मिठाई खिलाकर बधाई दी। गुंजन कश्यप, कमलेश यादव, माला शर्मा, विनीता कश्यप, जया सिंह, सरिता यादव, सब्बू खान, फूलबानो, फरजाना, नेहा चौहान के अलावा सुमन कश्यप आदि ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। सदर विधानसभा के महासचिव सलमान अल्वी ने गांव मोहम्मद सुलरा में ग्रामीणों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। मेहबूब अल्वी, चंद्रपाल साहू, गजेंद्र, फरमान अल्वी आदि मौजूद रहे। अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मोतशाम सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास पर मिठाई बांटी। मोहम्मद मियां ने कहा कि यह नफरत की हार और मोहब्बत की जीत है। वसीर उर रहमान, गौस मोहम्मद, अफसर अली, अनीस सिद्दीकी, भसीन अजमत, सकलैन सिद्दीकी, अनुज पटेल आदि मौजूद रहे।

### पालेज को बर्बाद करने का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के गांव बमेढ़ निवासी हरीशंकर शर्मा पुत्र रमेश चंद्र ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उनकी आठ बीघा तरबूज की पालेज में गांव के कुछ दंबग लोगों ने अपने पशुओं को छोड़ दिया। जिससे उनकी सारी फसल बर्बाद हो गई। जब इसकी शिकायत की गई तो वह झगड़ा करने को उतारू हो गए। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।




## सार-संक्षेप

### जल और वृक्ष जीवन का आधार, पौधारोपण करने का किया आह्वान

**बदायूं।** भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वाधान में गांधी नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर चल रहे नि :शुल्क जल सेवा शिविर के 16वें दिन स्काउट गाइड ने प्यास से व्याकुल राहगीरों को शीतल जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि जल और वृक्ष जीवन का आधार है। जीव-जंतु, पशु-पक्षियों और मनुष्यों को आश्रय और पोषण वृक्षों से मिलता है। प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट महेश चंद्र सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति को माता मानें। जल, जंगल और जमीन को बर्बाद न करें। जल अमृत है, जीवनदायिनी है।जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालय के स्काउट गाइड सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर महिपाल सिंह तोमर, गाइड रेनू, सोनम कश्यप, अर्पिता कश्यप, हिमांशु कश्यप, अशोक सक्सेना, प्रेम कश्यप, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### श्री रामजन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु




**बदायूं।** भगवान परशुराम विद्या मन्दिर इण्टर कालेज प्रांगण में चल रही कथा में चौथे दिन रवि जी समदर्शी महाराज ने नारद मोह, मनु सतरूपा, प्रताप भानु की संगीतमय कथा सुना कर भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा में राम जन्म के लिए कथा मंडप को संजू साहू ने सजवाया। सैकड़ों राम भक्तों ने कथा सुन आरती प्रसाद किया। इस अवसर पर रामबहादुर पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, लीला पाण्डेय, ब्रजेश शर्मा, कुसुम पाण्डेय, डा विनय दुवे ,रचना शंखधार, मनीष सिंहल, राजेश शर्मा, हिमांशु शर्मा, धनंजय मिश्रा, एन सी मिश्र, आकाश उपाध्याय, अवनेश सक्सेना, कुसुम सक्सेना, शिवदीप, सुरेश, दिलीप, एन सी मिश्र, निहार, निशि शर्मा, अनीता राज, नीतू शंखधार आदि उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्रेशन न डिग्री, खोल लिया अस्पताल, होगी जांच

**बदायूं।** सहसवान क्षेत्र के ग्राम कोल्हाई में एक महिला ने अस्पताल खेल रखा है जिसमें वह प्रसव कराती है। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की दो सदस्यीय जांच टीम ने बुधवार से जांच शुरू कर दी है। सहसवान क्षेत्र के ग्राम कोल्हाई में एक महिला ने छोटा सा अस्पताल खोल रखा है। बिना लाइसेंस, बिना रजिस्ट्रेशन, बिना किसी डिग्री के उक्त महिला गर्भवती महिलाओं को अपने यहां भर्ती करती है। उनका उपचार करती है और प्रसव भी कराती है। इसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अब्दुल सलाम खान से शिकायत की गई तो उन्होंने जांच की जिम्मेदारी एसीएमओ डा. मोहम्मद तहसीन को सौंप दी है। डा. मोहम्मद तहसीन ने बुधवार को दो सदस्यीय टीम का गठन कर मौके पर भेजा है। उधर बिसौली क्षेत्र के कस्बा आसफपुर में चल रहे एक अस्पताल संचालक महिला द्वारा नोटिस का जवाब नहीं देने पर अस्पताल को सील कर दिया। इसी तरह एक अन्य निजी अस्पताल में अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं था। स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस जारी किया है।


सीएमओ डा. अब्दुल सलाम खान ने कहा कि जिन अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन नहीं है या फिर कोई अन्य औपचारिकता पूरी नहीं कही गयी है उसके खिलाफ पहले नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। जवाब नहीं मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। जिले के सभी एमओआईसी को इस बाबत निर्देशित किया गया है।


















**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 45.0° | 29.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 07.04 |

# खंभे से टूटा तार, अंधेरे में डूबे रहे कई मोहल्ले

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बुधवार की शाम सात बजे इंदिरा चौक स्थित चौराहे पर खंभे से तार टूट गया। जिससे पूरे इलाके की बिजली गुल हो गयी। तार टूटने की शिकायत पनबड़िया बिजली घर पर की गयी उसने काफी देर बाद करीब आठ बजे बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अंधेरे में बिजली कर्मचारियों ने करीब आधे घंटे तक मशक्कत कर बिजली का तार जोड़ा तब कहीं जाकर सप्लाई शुरू हो सकी।


तार जोड़ता बिजलीकर्मी।

तार टूटने से इंदिरा चौक, गद्दी चौक पुलिस लाइन चौराहा, रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज के आस पास का इलाका एवं रोडवेज का पूरा इलाका अंधकार में डूबा रहा। भीषण गर्मी में लोग पसीना बहाते रहे। लोगों ने कहा कि खंभों पर जर्जर तार होने से इस तरह की हर रोज घटनाएं होती हैं। जिससे उपभोक्ता समस्याओं से जूझते रहते हैं। उधर शहर के अन्य मोहल्लों में दिन में कई बार ट्रिपिंग हुई, कुछ मोहल्लों में एक से दो घंटे तक की अघोषित कटौती हुई जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## दिन भर उमस भरी गर्मी में परेशान रहे लोग, पसीने से हुए तर-बतर

# जून का ताप कर रहा परेशान, 45 डिग्री पहुंचा तापमान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गर्मी से रात को भी नहीं मिली राहत, बदलते रहे करवट
- 20 जून के बाद मौसम में बदलाव के जताए जा रहे आसार

**अमृत विचार :** मई के बाद जून भी लोगों को तपा रही है। मई माह में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया। वैसे ही हालात इस माह भी बने हुए हैं। तापमान 44 और 45 के आस पास बना हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को न दिन में चैन और न रात में ही सुकून मिल रहा है। कृषि अधिकारियों के अनुसार 20 जून के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। जल्द राहत नहीं मिल वाली है।

मई का महीना सबसे गर्म गुजरा। तापमान 46 से 47 डिग्री तक चला गया था। आग उगलते सूरज और गर्म हवा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। जीव जन्तु तक व्याकुल हो उठे थे। स्थिति हो गई थी लोग घरों में कैद होकर रह गए। कूलर पंखा गर्म हवा फेंक रहे थे। एसी तक में लोगों को राहत नहीं मिल पा रही थी। दस बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा था। वैसे ही हालात जून में भी बने हुए हैं। तापमान अभी भी 44 और 45 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह के समय आसमान में जरूर बादल छाए हुए थे। लेकिन नौ बजे के बाद बादल हटते ही सूरज की तपिश से लोग बेहाल हो उठे। उमस भरी गर्मी में लोग पसीने से तरबतर हो गए। दिन लोग कपड़े से पसीना पोंछते रहे।


लू से बचने को सिर पर कपड़ा बांधकर जाता बाइक सवार।

- एक जून- 44 डिग्री अधिकतम, 30 डिग्री न्यूनतम
- दो जून- 43 डिग्री अधिकतम, 30 डिग्री न्यूनतम
- तीन जून- 45 डिग्री अधिकतम, 30 डिग्री न्यूनतम
- चार जून- 44 डिग्री अधिकतम, 30 डिग्री न्यूनतम
- पांच जून- 45 डिग्री अधिकतम, 29 डिग्री न्यूनतम

जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि गर्मी से जल्द राहत नहीं मिलने वाली। 20 तक हालात ऐसे ही बने रहेंगे। इसके बाद मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसानों को चाहिए कि वह खेतों में नमी को बनाकर रखे। और लोग गर्मी से बचाव के लिए पेय पदार्थ का अधिक सेवन करें।


चेहरे पर कपड़ा लपेटकर जाती महिला।

## भैंस चोरी करने वाले गिरोह का एक सदस्य पकड़ा

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना वजीरगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने कस्बा वजीरगंज से बघौल मार्ग पर मक्का के खेत के पास एक युवक को तीन भैंसों के साथ पकड़ा। उसके पास से एक तमंचा और तीन कारतूस बरामद हुए।

उसने अपना नाम जिला मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला करुला निवासी भूरा उर्फ गलकटा पुत्र मेंहदी हसन बताया। पुलिस उसे थाने आई और पूछताछ की। भूरा ने बताया कि मुरादाबाद के थाना मूढ़ापांडे क्षेत्र के गांव चमरुआ निवासी सद्दाम पुत्र दिलशाद और संभल के मियां सराय निवासी नावेद उसके साथी हैं। उन तीनों ने थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव दूदीनगला से दो और उझानी क्षेत्र के गांव लऊआ से एक भैंस चोरी की थी। सद्दाम की पिकअप से तीनों भैंस लेकर


# भाइयों से ट्रैक्टर के रुपये व जमीन बंटवारे को लेकर विवाद, युवक ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

## मृतक की पत्नी और साले ने युवक के भाइयों पर लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर बेचने के बाद मिले रुपये और जमीन के बंटवारे को लेकर चार भाइयों में विवाद होता रहता था। जिसके चलते एक भाई ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। उसके ससुरालीजनों ने मृतक के भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव उसहैता निवासी चार भाइयों भगवानदास, रामदास, रामनाथ और देवराज में ट्रैक्टर बिकने के बाद रुपयों और जमीन के बंटवारे को लेकर तीन महीने से विवाद चल रहा था। आए दिन कहासुनी होती रहती थी। रामनाथ (32) इस विवाद के चलते कई दिनों से परेशान थे। घर का विवाद निपटाने के लिए उन्होंने रिश्तेदारों से कहा। यहां तक कि थाने के चक्कर भी लगाए। पुलिस ने उनके अन्य भाइयों से बात की तो उन्होंने आपस


मृतक के परिजनों से जानकारी करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- बिनावर क्षेत्र के गांव उसहैता निवासी रामनाथ का भाइयों से चल रहा था विवाद

में मामला निपटाने की बात कही थी लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। जिससे परेशान होकर रामनाथ ने बुधवार को थाना बिनावर क्षेत्र में कासगंज की ओर से बरेली जा रही मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

मृतक की पत्नी कमलेश और थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव असरासी निवासी साला दीपक घटनास्थल पर पहुंच गए और मृतक के भाइयों पर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। रामनाथ की मौत के जिम्मेदार उनके तीन भाई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और ससुरालीजनों को समझाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तो हंगामा कर रहे लोग शांत हुए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि युवक का अपने भाइयों से ट्रैक्टर बेचने के बाद मिले रुपयों और जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। युवक ने थाने पर शिकायत की थी लेकिन उनका फैसला हो गया था। युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## महिला की मौत, बेटों के इंतजार में शव मोर्चरी में रखवाया

**बदायूं, अमृत विचार :** किराए पर कमरा लेकर रही रही महिला की मौत हो गई। महिला के दो बेटे जिला फिरोजाबाद रहकर मजदूरी करते हैं। मकान के मालिक ने उनके बेटों को सूचना दी। बेटों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

शहर के लोची नगला निवासी सोमवती के मकान के पहली मंजिल पर बने कमरे में पांच साल से ऊषा (55) पत्नी नरेश किराए पर कमरा लेकर रहती थी। सोमवती के अनुसार ऊषा कई दिनों से बीमार चल रही थीं। उनके दो बेटे संजीव और सोने के जिले से बाहर रहने की वजह से वह खुद ही अपना इलाज करा रही थीं। सोमवार सुबह अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई थी। वह चिकित्सक के पास जाने की तैयारी कर रही थीं लेकिन कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। मकान मालिक ने महिला के बेटे और कोतवाली सदर पुलिस को सूचना दी। बेटों के आने के बाद महिला का पोस्टमार्टम किया जाएगा। बेटों के न आने पर पुलिस 48 घंटों के नियम के अनुसार गुरुवार को पोस्टमार्टम कराएगी।

# फंदे पर मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, विजय नगला

- मृतका के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव में महिला का शव फंदे पर मिला। मायका पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग के लिए महिला की गला दबाकर हत्या करके शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। महिला के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


मृतका स्वाति।

बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव शिवपुरी रदौली निवासी वेदराम की बेटी स्वाति (23) की शादी लगभग पांच साल पहले थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मनकापुर कौर निवासी विवेक पुत्र बलदेव के साथ हुई थी। वेदराम के अनुसार उन्होंने उन्होंने बेटी की शादी में सामर्थ्य अनुसार खर्च किया था लेकिन ससुरालीजन खुश नहीं थे। वे अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर ससुरालीजनों ने स्वाति को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। स्वाति कुछ दिनों से मायके चली गई थी लेकिन विवेक ने दवाब बनाकर उसे ससुराल बुला लिया था।

मंगलवार सुबह घर पर स्वाति का शव फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने महिला के मायका पक्ष और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और मायके के लोग गांव मनकापुर कौर पहुंचे। मायका पक्ष ने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने गला दबाकर हत्या की है। वेदराम की तहरीर पर पुलिस ने पति विवेक, देवर राजन, परिवार के बलदेव और नन्हीं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी विवेक को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आगे की जांच चल रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डॉक्टर की जगह ड्राइवर कर रहा था बच्चों का इलाज, परिजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ की जगह उनका ड्राइवर एप्रन पहनकर बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा था। मरीजों ने हंगामा किया जिसके बाद उक्त ड्राइवर अस्पताल से भाग गया।

बुधवार को जिला महिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी पांच में उनका ड्राइवर एप्रन पहन कर पहुंच गया। ओपीडी में बीमार बच्चों लेकर आए परिजन डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे।

ड्राइवर डॉक्टर की कुर्सी पर बैठ गया और बच्चों को देखने लगा। कुछ बच्चों को वह देख चुका था। अस्पताल के अन्य स्टाफ को इसकी भनक लगी तो एक-दूसरे को बताने लगे। इसी बीच बच्चों के परिजनों को भी पता चल गया कि यह ड्राइवर है, तो परिजनों ने हंगामा कर दिया। अस्पताल स्टाफ भी इकटठा हो गया। हंगामा होता देख ड्राइवर वहां से भाग गया। परिजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमारे बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मामले में कार्यवाही की जानी चाहिए।


ओपीडी में बच्चों को देख रहा बाल रोग विशेषज्ञ का ड्राइवर।

- हंगामा हुआ तो ओपीडी से भागा ड्राइवर, कार्रवाई की मांग

> ओपीडी में कोई ड्राइवर बच्चों को देख रहा था इसकी जानकारी नहीं है। किसी ने बताया भी नहीं। अब उक्त चिकित्सक से पता किया जाएगा कि ड्राइवर को ओपीडी में बैठने की इजाजत किसने दी। जांच कराने के बाद उक्त बाल रोग विशेषज्ञ और उनके ड्राइवर पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> -डा. इंदु कांत वर्मा, सीएमएस

# किशोरी को अश्लील इशारे करने के दोषी को तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोर्ट ने 10 हजार रुपये लगाया जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी पूरी धनराशि

**अमृत विचार :** न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने किशोरी से अश्लील इशारे करने के दोषी को तीन साल की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की पूरी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। अन्य दो दोषियों को एक साल तक सदाचार पर रहने का आदेश दिया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने 13 जून 2023 को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उसने बताया कि रात नौ बजे उसकी 16 साल की रिश्तेदार उसके घर की छत पर खड़ी थी। पड़ोस में रहने वाला फिरोज उसे देखकर अश्लील इशारे कर रहा था। महिला ने फिरोज के पिता शहंशाह से शिकायत की तो वह गाली-गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर शहंशाह और उसके परिवार के मेहंदी झगड़ा करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की। साक्ष्य सकंलित करके किशोरी को अश्लील इशारे करने के आरोप में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी, वीरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदीप भारती और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद फिरोज को एक साल की सजा सुनाई है।

# बिसौली व शेखूपुर विधायक दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आशीष यादव, रचित गुप्ता, कैप्टन अर्जुन सिंह, काजी रिजवान भी थे आरोपी
- विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन 9 मार्च को मंडी समिति के बाहर किया गया था हंगामा

**अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन मंडी समिति के गेट पर हंगामा करने और अधिकारियों की गाड़ियों को रोककर जबरन गेट खोलने के मामले में दो सपा प्रत्याशी समेत छह लोगों को नामजद करते हुए 200-250 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एमपी, एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश ने बुधवार को सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया। विवेचना में लापरवाही के चलते विवेचक के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया है। एसएसपी, आइजी और डीजीपी अभियोजक, लखनऊ को निर्णय की कॉपी भेजी जाएगी।

2022 में विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन शहर की मंडी समिति के बाहर हंगामा हुआ था। अधिकारियों की गाड़ियां रोककर चेक करने की कोशिश की थी।


कोर्ट परिसर में मौजूद रचित गुप्ता।

बिसौली के तत्कालीन एसडीएम के वाहन चालक श्यामवीर ने 9 मार्च को कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंडी समिति के मुख्य गेट पर 200 से 250 लोगों ने रोक लिया। जबरन गाड़ी का दरवाजा खोलने लगे। गाली-गलौज भी की। सपा से बिसौली सीट से प्रत्याशी आशुतोष मौर्य, शेखूपुर से प्रत्याशी हिमांशु यादव, कैप्टन अर्जुन सिंह, सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष यादव, रचित गुप्ता, काजी रिजवान समेत 200-250 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 11 अक्टूबर 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया ।

मामला विशेष न्यायालय एमपी, एमएलए के न्यायाधीश लीलु की न्यायालय में चल रहा था। बुधवार को न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा आरोप साबित न कर पाने के कारण सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया। कोर्ट ने पुलिस के अधिकारियों को विवेचक की लापरवाही के लिए उनके खिलाफ विभागीय जांच कराने का आदेश दिया है।

**नहीं भांप पाये नब्ज** | गुटबाजी और कार्यकर्ताओं का असंतोष भी बजह, मतदान बाद समीक्षा में ही जताई गई हार की आशंका

# अति आत्मविश्वास ने लिखी भाजपा प्रत्याशी की हार की पटकथा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बदायूं संसदीय सीट पर एक बार फिर से समाजवादी पार्टी ने कब्जा कर लिया। भाजपा को अति आत्मविश्वास ले डुबा। गुटबाजी और कार्यकर्ताओं में असंतोष को भाजपा नेता भांप नहीं पाए और बड़े स्तर पर कैंपेन करते रहे। बड़े नेताओं के सहारे जीत की उम्मीद में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य कार्यकर्ताओं को ठीक से साध नहीं पाये।

हार का उसी समय अंदेशा हो गया था जब मतदान के बाद बूथवार समीक्षा की गई। 150 से अधिक बूथ ऐसे रहे जहां मात्र 20 से 37 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। यह हालत तब थे जब इन बूथों पर वोट डलवाने की जिम्मेदार पार्टी के जिले के बड़े नेताओं पर थी।

भाजपा प्रत्याशी की हार की पटकथा तो 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद ही लिख दी गई थी। स्थानीय नेताओं और विधायकों द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर बाहर से आए लोगों पर भरोसा जताना शुरू कर दिया। पार्टी कार्यकर्ता की मेहनत के बाद भी उसका फल नहीं मिल पा रहा है। जिसका गुस्सा सोशल मीडिया और पार्टी के व्हाटसअप ग्रुप में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जाहिर किया जाता रहा। इसके बाद भी उन्हें तरजीह नहीं दी गई।

लोकसभा चुनाव के दौरान खांटी कार्यकर्ताओं को साधा नहीं गया। मोदी, योगी व अन्य बड़े नेताओं की रैलियों के रास्ते जीत का भरोसा पाले रहे। राम मंदिर और मोदी फैक्टर के सहारे जीत का गुण भाग करते रहे। तामझाम के साथ प्रचार में लगे रहे वहीं सपा प्रत्याशी गांव-गांव घूमकर खामोशी के साथ कैंपेन करते रहे जिसका लाभ उन्हें मिला।

### शक्ति प्रदर्शन पर रहा जोर

भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य ने गांव गांव नुक्कड़ सभाओं की अपेक्षा शक्ति प्रदर्शन पर अधिक जोर दिया। जो समय नुक्कड़ सभाओं और घर घर जाकर वोट मांगने था उतना समय उनके द्वारा बड़ी-बड़ी सभाओं में गुजारा। लोगों से सीधा जुड़ने के स्थान पर विधायक और पूर्व विधायकों के सहारे रहे। मोदी-योगी की जनसभाओं से आत्मसंतुष्टि का भाव पाले रहे। इधर स्थानीय नेताओं के व्यवहार की वजह से कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी थी जिसे समय रहते वह भांप नहीं सके।

### दुर्विजय को तीन विधानसभाओं में अधिक मिले मत

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को बदायूं, बिल्सी और बिसौली में जीत मिली। परंतु इतने वोट नहीं मिले जो सहसवान और गुन्नौर विधानसभा में सपा प्रत्याशी को मिले वोटों के अंतर को कम कर सकें। इन तीनों विधानसभाओं में मिली जीत का अंतर गुन्नौर विधानसभा में पड़े मतों ने बरकरार कर दिया।

### बसपा उम्मीदवार रहे बेअसर

बसपा प्रत्याशी मुस्लिम खां को दलित वोट तो अधिक संख्या में मिले, साथ ही उन्होंने अन्य अति पिछड़ी जातियों में सेंधमारी की लेकिन मुस्लिम वोटों में सेंधमारी नहीं कर सके। मुस्लिम मतदाताओं ने एकजुट होकर सपा गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। यादव वोट अपेक्षानुसार नहीं बंटे। इसीलिए मुस्लिम बहुल सहसवान और यादव-मुस्लिम बहुल गुन्नौर विधानसभा क्षेत्रों ने आदित्य यादव की जीत की पटकथा लिख दी। बिल्सी विधानसभा क्षेत्र में सवर्ण वोटों में बिखराव रहा। हालांकि इस विधानसभा में दुर्विजय शाक्य ने जीत दर्ज की। लेकिन इतनी लीड नहीं मिल सकी कि वह जीत हासिल कर सकें।


दुर्विजय शाक्य।

- जिन बूथों पर जिम्मेदारी पार्टी के नेताओं की, वहां 25 से 30 प्रतिशत हुआ था मतदान

### विधानसभा वार मिले वोटों की स्थिति

- गुन्नौर: सपा -122044, भाजपा- 82012, जीत का अंतर- 40,032
- बिसौली: सपा- 95861, भाजपा- 107656, जीत का अंतर- 11,795
- सहसवान: सपा-119055, भाजपा- 82950, जीत का अंतर-36,105
- बिल्सी: सपा- 77044, भाजपा- 90,753, जीत का अंतर- 13,709
- बदायूं : सपा- 87386, भाजपा- 102952, जीत का अंतर- 15,566

## पत्नी को पीटकर निकाला, मायके आकर जान लेने की कोशिश

**बदायूं, अमृत विचार :** मोहल्ला मीरा सराय की गिहार बस्ती निवासी रिंकी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी 14 साल पहले बरेली के थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव पीपल साना चौधरी निवासी गुड्डू पुत्र नवाब जान के साथ हुई थी। पति उनके साथ अक्सर ही मारपीट करता था। रुपयों की मांग करता रहता था। उसे पीटकर घर से निकाल दिया। वह अपने पांच बच्चों के साथ मायके आक मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण करने लगी हैं।

चार जून की रात गुड्डू आया और जान से मारने की नीयत से गर्दन पर उस्तरा मार दिया जिससे खून निकलने लगा। इसके बाद शरीर पर उस्तरा से कई वार किए। महिला की चीख सुनकर पड़ोस में रहने वाले सनी, विनीता, सत्यपाल आदि आ गए और बचाया। गुड्डू गाली देता हुआ वहां से चला गया। लोगों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की तहरीर पर आरोपी पति पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# सरकारी जमीन पर कब्जा कर किया जा रहा पटान

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव अल्लैहपुर समसपुर में कुछ दबंगों ने सड़क किनारे खाली पड़ी सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया । उनके द्वारा मिट्टी डालकर भराव किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता अनेकपाल, अशोक, जयमंती, देवी, यादराम, अवधेश अमर, आशुतोष, आजादवीर आदि ने मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में कहा कि गांव स्थित 560 हेक्टयर सरकारी जमीन जिसका गाटा संख्या 1936 है।

इस भूमि पर अन्नपूर्णा मॉडल शॉप तथा पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है। साथ ही वहां पर आम, पीपल, बरगद, जामुन आदि के करीब 8 पेड़ खड़े हैं। जमीन का मौजूदा कीमत 40 लाख रुपये प्रति बीघा है। इस भूमि पर कुछ लोगों कब्जा कर लिया है। 560 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर कब्जा किए जाने की शिकायत कई बार एसडीएम, डीएम से की जा चुकी है। लेकिन आज तक भूमि कब्जा मुक्ति नहीं हो सकी है। अब कब्जा करने वाले लोगों द्वारा उस भूमि पर भराव डाला जा रहा है। खंड विकास अधिकारी ने शिकायत पर तहसील विभाग को प्रकरण का संज्ञान लेने के लिए पत्र भेजा है।


जमीन कब्जा कर भराव को डाली गई मिट्टी।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्मे की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाण्डेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

# शैक्षिक संस्थानों में मनाया गया पर्यावरण दिवस

## पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ लेकर शिक्षकों और बच्चों ने लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शैक्षिक संस्थानों में बुधवार को पर्यावरण दिवस मनाया गया। शिक्षकों ने बच्चों के साथ स्कूल परिसर में पौधे लगाए। साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए शपथ ली गई।

शहर के मदर्स पब्लिक स्कूल में पर्यावरण दिवस मनाया गया। शिक्षकों ने बच्चों के साथ स्कूल परिसर में पौधे लगाए। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या शीबा खान का भी सहयोग रहा। इस दौरान उनके द्वारा बच्चों को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए शपथ दिलाई गई।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पतंजलि योग टीम द्वारा ऑडिटोरियम में योग सीखने आए लोगों को योग शिक्षक गिरधारी सिंह राठौर ने पौधे भेंट किए। साथ ही पर्यावरण को बचाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर डा जुगल किशोर, आवेश पाल, योगेंद्र पाल, जन्मद चौधरी, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

आसिम सिद्दीकी मेमोरियल (पी.जी.) डिग्री कॉलेज में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कॉलेज के मैनेजर जोहेब अली सय्यद, निदेशक जोया अली सय्यद, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य रोमान रसूल हाशमी तथा प्राचार्य डॉ. नजीबुल हसन खान ने कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं हवादार पौधों का रोपण किया। साथ ही कहा कि पृथ्वी पर जीवन बनाए रखने के लिए पेड़ पौधों का होना अति आवश्यक है।

गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में पर्यावरण दिवस मनाया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर गार्गी बुलबुल, कॉर्डिनेटर सरला देवी चक्रवर्ती, प्रोफेसर इंदू शर्मा के नेतृत्व में कैडेट एवं छात्राओं ने कॉलेज परिसर में पौधा रोपण किया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य ने बच्चों को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

शहर के मदर एथीना स्कूल में पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण पर शोधकर्ता मोहम्मद कामिल वाकिल ने बच्चों को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। वहीं कॉलेज की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने कहा कि हमारे जीवन में पर्यावरण का विशेष महत्व है। इसका संरक्षण आवश्यक है।


आसिम सिद्दीकी मेमोरियल कॉलेज में पौधा लगाते संस्थापक सदस्य।


मदर्स स्कूल में शिक्षकों और बच्चों को शपथ दिलाती प्रधानाचार्या। ● अमृत विचार


ऑडिटोरियम में पौधों का वितरण करते योग शिक्षक। ● अमृत विचार


गिन्दो देवी स्कूल में पौधा लगाती शिक्षक और विद्यार्थी।


मदर एथीना स्कूल में पौधरोपण के बाद पानी लगाते शिक्षक।

# जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स ने लगाए छायादार पौधे


विश्व पर्यावरण दिवस मनाते जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स के सदस्य।

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स द्वारा औषधीय एवं छायादार पौधे लगाये गये। ग्रुप के सदस्यों द्वारा अशोक, अर्जुन, बरगद, नीम, नींबू, सहजन, करी पत्ता, जामुन, आंवला, आम आदि के पौधों को ऐसी जगह लगाया गया जहां पर उनकी देखभाल हो सके और पानी की व्यवस्था रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया, तथा पानी बचाओ मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, अध्यक्ष रविंद्र मोहन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, निशांत गोयल, सौरभ गुप्ता, अमित बाबू, गौरव वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, हर्ष रस्तोगी, विकास गुप्ता, जितेंद्र वार्ष्णेय, अंशुल गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## उद्योग केंद्र सालारपुर में होगा पांच दिवसीय कश्मीर ट्रेड शो का आयोजन

**बदायूं।** उद्योग केंद्र सालारपुर में पांच दिवसीय कश्मीर ट्रेड शो का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग अशोक उपाध्याय ने बताया कि आयोजन 20 से 24 जून के बीच होगा। नौ वर्ग मीटर में लगने वाली प्रदर्शनी में उद्यमी, हस्तशिल्पी, ओडीओपी के पात्र लाभार्थियों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। इसके लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं। स्टॉल लगाने के इच्छुक कार्यदिवस में आकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

## कहासुनी पर घर में घुसकर की मारपीट

**विजय नगला।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव अंबियापुर के मजरा गौटिया निवासी सोमवीर पुत्र रामपाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि हैंडपंप के पास मिट्टी डालने को लेकर करन पाल, गिरीश, शिवम से कहासुनी हो गई थी। तब से यह लोग रंजिश मान रहे हैं। मंगलवार रात इन लोगों ने उसके साथ घर में घुसकर मारपीट की और धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# पावर हिटर को हरा सुपर इंडियंस फाइनल में

**बेहटा गुसाई, अमृत विचार :** बीजीपीएल में सुपर इंडियंस ने पावर हिटर को 31 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली।

पावर हिटर के कप्तान राजीव पुरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। सुपर इंडियंस के ए कप्तान प्रद्युमन पुरी पारी के पहले ओवर में शून्य पर पवेलियन लौट गए। उपकप्तान शोभित पुरी और रामकिशन ने 65 रन जोड़े। पूरी टीम 104 रन पर ही सिमट गई। 105 रन का पीछा करने उतरी पावर हिटर टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही । इसके बाद 73 रनों पर ही पावर हिटर ऑल आउट हो गई। सुपर इंडियंस ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। प्रद्युमन पुरी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। बाल किशन गुप्ता, गोली पुरी, अंकित शर्मा, सुमित गुप्ता, सोनू गुप्ता, मोनू गुप्ता, शिवम गुप्ता, गौरव, राहुल, रवि, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रोपे गए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आज विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह जगह पौधा रोपण किया गया। जिले में कई जगह गोष्ठियां आयोजित कर पेड़ों के महत्व को बताया गया। धरती का श्रृंगार करने को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आवाहन किया गया। इस मौके पर स्कूल कॉलेजों में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा रोपण किया।

उझानी स्थित एपीएस इंटरनेशनल स्कूल में वृक्षारोपण गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलांशु अग्रवाल निदेशक एपीएस इंटरनेशनल स्कूल, सीमा चौहान प्रान्तीय सहसंयोजक गंगा समग्र, अब्दुल सबूर खां, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उझानी, प्रदीप कुमार वर्मा प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, आकांक्षा गुप्ता रेंजर रहे। निलांशु अग्रवाल ने कहा कि आज जितना जरूरी पेड़ लगाना है उतना ही जल का संरक्षण करना भी है।

डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष विभिन्न विभागों द्वारा पौधारोपण किया जाता है, लेकिन पौधे बहुत ही कम जीवित रह पाते हैं पौधों का संरक्षण जरूरी है। सहजन, गुलमोहर व एवं अमलतास के 100 पौधे रोपित किये गये। सभी लोगों का आभार अनुज प्रताप सिंह जिला परियोजना अधिकारी ने किया। संचालन अशोक तोमर द्वारा किया गया। नरेश कुमार सिंह डिप्टी रेंजर, शुभम प्रताप सिंह, मोहन सिंह, अमित चौहान, वन दरोगा, प्रतिज्ञा यादव, रौली शर्मा, कमलेश देवी, ज्योति रामू सिंह, राहुल, पप्पू, विनोद राठौर, संजीव गोयल, नताशा प्रिया राना, सुनील गोयल, मोहम्मद कमर जावेद, विकास मथुरिया, तौसीफ, राहुल, यश निखिल, संजय गौतम, नीरज शर्मा, पूर्वी सक्सेना, सुमित शर्मा, आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ नगर पालिका कर्मचारी, वन विभाग कर्मचारी एवं गंगा समग्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में भी पौधा रोपण किया। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बहुत जरूरी बताया। डीएफओ प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण करते जिलाधिकारी मनोज कुमार।

● **विश्व पर्यावरण दिवस: गोष्ठियों में बताया गया पेड़ पौधों का महत्व, जल संरक्षण का दिया गया संदेश**


एपीएस इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण करते वन विभाग के अधिकारी व पूर्व राज्य मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल।

# बाबा इंटरनेशनल में दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** बाबा इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण अभियान के तहत डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी, प्रशासक अमित माहेश्वरी तथा स्टाफ ने जामुन, तुलसी, नीम, अनार, करोंदा, एलोवेरा, कनेर, गुलाब, मिर्च, खजूर सहित अनेको प्रकार के पौधे लगाए।

डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने कहा किप्राकृतिक आपदाएं जो आ रही हैं वह पेड़-पौधों की कम संख्या के चलते हैं। जितने हम पेड़-पौधों लगाएंगे उतना ही हम प्रकृति के मित्र बने रहेंगे।प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। अमन गुप्ता, अरुण वार्ष्णेय एवं अभिषेक सिंह तोमर आदि का विशेष सहयोग रहा।


बाबा इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण करतीं प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी।

# बाइक से प्लाट पर जा रहा युवक छर्रे लगने से घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** बाइक से प्लाट पर जा रहा व्यक्ति गोली के छर्रे लगने से घायल हो गया।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव रोशन नगर निवासी राजवीर सिंह बुधवार को गांव बरामयखेड़ा से अपने प्लाट पर बाइक से जा रहे थे। बदायूं-बिल्सी मार्ग पर उन्हें गोली के छर्रे लगे। वह जमीन पर गिर गए। उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और घायल राजवीर सिंह को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किए। उसने पुलिस को बताया कि प्लाट को लेकर उनका एक नेता के प्रतिनिधि से विवाद चल रहा है। उसी ने गोली मारी है। पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है। उझानी कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि घायल की ओर से तहरीर नहीं आई है।

# चेयरमैन ने किया पौधरोपण मनाया पर्यावरण दिवस

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंतखाब सकलैनी ने पालिका परिषद में पौधारोपण किया। पालिका ईओ सुनील कुमार मिश्रा, सभासद व कर्मचारी शिवम माथुर, मुस्तजाब सकलैनी, अफनान खान भी मौजूद रहे।

ककराला व्यापार मंडल कार्यालय पर नगर अध्यक्ष खालिद महमूद ने भी पौधे लगाए। कस्बे के मुस्लिम पीजी कॉलेज में एम एस डब्लू विभाग अध्यक्ष शोएब एवं मैनेजर अजमल खां के साथ पौधारोपण किया।

पौधारोपण के महत्व को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन कस्बे के शिव भोले धाम पर किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने पर्यावरण और वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला।सभी ने बताया कि पेड़ पौधों के बगैर मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती क्योंकि प्राणवायु का आधार ही वृक्ष हैं।


पौधारोपण करते चेयरमैन इंतखाब सकलैनी।

# बच्चों की संख्या कम, तो नहीं मिलेगा अनुदान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के सहायता प्राप्त विद्यालयों में अनुदान पर खतरा मंडराने लगा है। इन स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होने पर अनुदान नहीं दिया जाएगा। स्कूलों में बच्चों की नामांकन स्थिति का ब्योरा बेसिक शिक्षा परिषद सचिव ने बीएसए से मांगा है। स्कूल में बच्चों की संख्या 105 होना अनिवार्य है। इतनी संख्या होने पर ही शासन की ओर से सहायता प्राप्त स्कूलों को अनुदान दिया जाता है।

जिले में सहायता प्राप्त स्कूलों की संख्या 46 है। इनमें से आधा दर्जन स्कूल ऐसे हैं जिनमें बच्चों की संख्या सौ से काफी कम है। जबकि नियमानुसार स्कूलों में 105 बच्चों की संख्या होना अनिवार्य है। इसी आधार पर शासन द्वारा इन स्कूलों को अनुदान मिलता आ रहा थी। लेकिन बच्चों की घटती संख्या पर शासन की ओर से चिंता जताई गई है। जिस पर बेसिक शिक्षा सचिव ने उन स्कूलों का ब्योरा मांगा है।जिनमें बच्चों की संख्या सौ से कम है।

> कुछ सहायता प्राप्त स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है।इनमें 105 बच्चों का नामांकन अनिवार्य है। इसी आधार पर इन्हें अनुदान दिया जाता है।ब्योरा जुटाने काम शुरू करा दिया गया है।जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हो, उन्हें इस बार अनुदान मिलना मुश्किल है। प्रधानाचार्यों से बच्चों की संख्या बढ़ाने के आदेश भी जारी किए जा रहे हैं।
> – स्वाती भारती, बीएसए

# पुलिस ने बाइक चोरी करने और खरीदने वाले को पकड़ा

**कुंवरगांव।** कुंवरगांव पुलिस ने बुधवार सुबह कैली मोड़ से गांव बादल निवासी सोमेंद्र और इसी गांव के सुर्जन को पकड़कर उनके पास से चोरी की दो बाइकें बरामद कीं। सोमेंद्र ने बाइक चोरी की थी जो अपने गांव के सुर्जन को बेची थी।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

43.0° अधिकतम तापमान | 37.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.33 | सूर्यास्त 06.52

**शहर में आज**

- मानव सेवा समिति द्वारा शहर के अमांपुर रोड स्थित बगीचे में पौधरोपण सुबह 10 बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक अमांपुर रोड स्थित कैंप कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- सात दिवसीय बौद्ध कथा का वाचन पटियाली के गांव रुस्तमपुर में दोपहर 12 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

**एक नजर**

### सड़क हादसे में घायल सिढ़पुरा के युवक की मौत

**सिढ़पुरा।** इलाहाबाद में बीती दो मई सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव कालोनी निवासी 37 वर्षीय अवनीश सड़क हादसे में घायल हो गया था। इलाहाबाद में उसका उपचार चल रहा था। जहां से उसे रेफर कर दिया गया था। परिवार उसे गांव कलानी ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर राधेश्याम का कहना है युवक की मौत कासगंज में हुई थी। इसलिए उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना स्थल इलाहाबाद होने से रिपोर्ट वहीं दर्ज होगी।

### सोरों में करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

**सोरों।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला सेढ़ू निवासी अमरीश की पत्नी ज्योति बुधवार सुबह घर की सफाई कर रही थी। उसी दौरान ज्योति का हाथ बिजली के बोर्ड में छू गया। इससे ज्योति को तेज करंट लगा। उसकी चीख सुन परिवार के लोग मौके पर जा पहुंचे। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया यगा। जहां चिकित्सकों ने ज्योति को भर्ती कर लिया गया। अमरीश ने बताया कि उपचार के बाद ज्योति की हालत में सुधार है।

# सराफ की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

## आग की लपटों के बीच धुएं का गुबार उठने से मची अफरा-तफरी, एसी का कंप्रेशर ज्यादा गर्म होने से आग लगने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के बीच बाजार में बुधवार दोपहर एक सराफा कारोबारी की दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान होना बताया जाता है। आबादी के बीच आग लगने की घटना से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

बारहद्वारी क्षेत्र में सराफा कारोबारी सीटू कावरा के प्रतिष्ठान की ऊपरी मंजिल पर लगे एसी में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग पूरे भवन में फैल गई। देखते ही देखते धुएं के गुबार के साथ आग की लपटें उठने लगी। इससे लोग घबरा गए, जिससे अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना अचानक होने से कोई समझ नहीं पाया कि आग कैसे लगी है, लेकिन बाद में पता चला कि एसी का तापमान एक साथ बढ़ जाने के कारण घटना हुई।



आग लगने के बाद सराफ की दुकान के ऊपर बिल्डिंग से उठता धुएं का गुबार ।

आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस बीच फायर ब्रिगेड की टीम दो गाड़ियां लेकर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**बढ़ा तापमान माना जा हादसे का कारण :** बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा। जानकारों का कहना है कि छत पर रखा होने के कारण एसी का कंपरेशर ज्यादा गर्म हो जाता है, एसी भी उस तापमान को सहन नहीं कर पाती है। अनुमान है कि इसी कारण आग लगी होगी।

> सूचना मिलते ही दमकल वाहन भेज दिए गए और आग पर नियंत्रण कर लिया गया। कोई जनहानि नहीं है, लेकिन प्रतिष्ठान मालिक ने बताया है कि लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।
> – **आरके तिवारी,** सीएफओ



सराफ की दुकान में लगी आग बुझाते दमकल कर्मचारी। ● अमृत विचार


आग लगने के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में एकत्र लोग। ● अमृत विचार

# मानसून से पहले नगर पालिका ने शुरू कराई नालों की सफाई


शहर में नाले के अंदर से सिल्ट निकालती जेसीबी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,कासगंज

**अमृत विचार:** शहर को जलभराव से निजात दिलाने के लिए पालिका ने सफाई अभियान शुरु किया है। जेसीबी से नालों की सिल्ट निकालने का कार्य किया जा रहा है। मानसून आने से पहले शहर के सभी नालों की सफाई की जाएगी।

बारिश के दिनों में ड्रेनेज व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है। शहर के गली कूचों से लेकर मुख्य बाजारों में जलभराव के हालात बन जाते हैं। पिछले दो वर्षो से शहर जलभराव की वजह से नरक बन गया है। गोदामों और दुकानों में बारिश का पानी भरने से दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान होता है। इस बार नगर पालिका ने बारिश आने से पहले नालों की सिल्ट सफाई का कार्य शुरु कराया है। सूचीबद्ध तरीके से शहर के सभी नालों की सफाई कराई जाएगी। नगर पालिका ने मानसून से पहले ही नालों की सफाई कराने की कार्ययोजना तैयार की है। नगर पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने बताया कि शहर में अबकी जलभराव की समस्या नहीं होगी। नालों की साफ सफाई के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

# अब कोटे की दुकानों पर मिलेगी सस्ती चाय

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर हर माह राशन के साथ सस्ती चाय पत्ती मिलेगी। उपभोक्ताओं को प्रति राशन कार्ड पर इलाइची युक्त चाय की पत्ती का 90 ग्राम का पैक दिया जाएगा। उपभोक्ताओं को प्रति पैकेट की कीमत 30 रुपये देने होंगे। चाय पत्ती की खेप कोटेदारों की दुकानों पर पहुंच रही है।

खुले बाजार में ब्राडेंड इलाइची युक्त चाय की कीमत 380 से 400 रुपये किलो तक है। अब सरकार उपभोक्ता को बाजार से 50 से 60 रुपये प्रति किलो सस्ती उपलब्ध कराएगा। गंजडुण्डवारा ब्लॉक क्षेत्र के डिस्ट्रीब्यूटर किशन दिवाकर ने बताया उनके द्वारा राशन वितरक को चाय की पत्ती आपूर्ति की जाएगी,


कोटेदार की दुकान पर वितरण को लाई गई चाय की खेप। ● अमृत विचार

- **उपभोक्ताओं को राशन के साथ दी जाएगी चाय पत्ती**

जिसके लिए चाय की पहली खेप आ चुकी है। जिसे गंजडुंडवारा ब्लॉक क्षेत्र के वितरकों को उपलब्ध कराया जायेगा। सरकार सस्ता गल्ला विक्रेताओं को चाय उपलब्ध कराने के लिए ब्लॉक स्तर डिस्ट्रीब्यूटर बनाए गए, जो अपने क्षेत्र के सभी कोटेदारों को चाय की सप्लाई देंगे। गंजडुंडवारा के पूर्ति निरीक्षक संधियान ने बताया कि उचित दर विक्रेताओं को राशन के साथ अन्य चीजें उपलब्ध कराने के लिए शासन ने अन्य चीजों की बिक्री के लिए अनुमति दी है। कोटेदारों की मांग पर उन्हें चाय दी जा रही है।

# भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया

**अमांपुर, अमृत विचार :** भाजपाइयों ने बुधवार को कस्बा बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर केक काटा। साथ ही मुख्यमंत्री के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कई जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा के कार्यालय और महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मीना चौहान के आवास पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिन मनाया। एक-दूसरे केक खिलाकर हैप्पी बर्थडे टू यू योगी बोलकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी, जिला महामंत्री संजय सोलंकी, साधना वर्मा, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा दरवेश फौजी, मंडल अध्यक्ष रूद्रप्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष ममता राजपूत, राकेश पाराशर रहे।

# देवेश शाक्य का जगह-जगह किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता,कासगंज

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित हुए देवेश शाक्य को बधाई देने वालों का बुधवार को दिनभर तांता लगा रहा है। आवास विकास स्थित कैंप कार्यालय पर समर्थकों व कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी रही। कार्यकर्ताओं ने देवेश शाक्य को फूल माला पहनाकर बधाई दी। देवेश शाक्य ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई।

एटा-कासगंज लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े देवेश शाक्य ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र व सांसद राजवीर सिंह को शिकस्त देकर जीत हासिल की। देवेश शाक्य की जीत से सपा कार्यकर्ताओं का उत्साह सातवें आसमान पर है। बुधवार को सुबह से ही जिले भर के सपा कार्यकर्ता और समर्थक बधाई देने के लिए शहर के आवास विकास कालोनी स्थित जिला कैंप कार्यालय पर पहुंचने शुरु हो गए। दोपहर तक हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ एकत्रित हो गई। कार्यकर्ताओं ने देवेश शाक्य को फूल माला पहनाई और जीत की बधाई दी। वहीं, सपा के नवनिर्वाचित सांसद ने अपनी जीत का श्रेय सपा एवं गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं को दिया है।

इस दौरान देव प्रकाश लोधी, मयंक यादव, विक्रम यादव, राजवीर यादव, राजकुमार यादव, पुष्पेंद्र यादव, मनोज यादव, नादिरा सुल्तान सहित आदि बड़ी संख्या में नेता मौजूद रहे।


नवनिर्वाचित सांसद देवेश शाक्य को मिठाई खिलाते समर्थक। ● अमृत विचार

# कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं

**सोरोंजी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को रेलवे रोड स्थित नेताजी सुभाष चंद बोस पार्क में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने कहा कि पर्यावरण बचाना सबकी जिम्मेदारी है। सभी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर पार्क में अशोक, सागौन, आंवला, बेलपत्र आदि के दो दर्जन से अधिक पौधे लगाए गए। पौधारोपण के दौरान ईओ मुकेश कुमार, टीएस ब्रजमोहन यादव, जयप्रकाश दुबे, परसादी लाल, शैलेंद्र प्रताप, गोपाल स्वामी, तरुण पाठक, गिरीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



सोरों में पौधा रोपण करते पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे।


दूल्हापुर गांव में पौधरोपण करते अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

### भाकियू नेताओं ने किया पौधरोपण

**कासगंज।** अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को गांव दूल्हापुर में पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी ने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष मानव व जीव जंतुओं के लिए बहुत आवश्यक हैं। आने वाले समय में नदी नाले तालाब नहीं होंगे तो अगली पीढ़ियों का जीवन भारी संकट में होगा। ना तो पीने के लिए पानी होगा और न ही जीवन जीने के लिए सांस रूपी हवा होगी। भीषण गर्मी से निजात पाने का भी कोई इलाज नहीं होगा। इसलिए सभी को मिलकर एक-एक पौधा अवश्य लगना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजपाल सिंह वर्मा, राजेश कुमार शर्मा, सत्यपाल सिंह जाटव, वीरेंद्र सिंह, भूप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण असंतुलन मानव जीवन के लिए खतरनाक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया जागरुकता शिविर, पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प**

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर मंगलवार को विभिन्न संस्थाओं ने पौधरोपण किया। साथ ही पौधों का पोषण करने एवं पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं दुलार सेव द प्लांनेट संस्था ने साक्षरता एवं जागरुकता शिविर लगाकर पौधे वितरित किए।

शिविर में मुख्य अतिथि अपर जिला जज विजय कुमार रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का असंतुलन मानव जीवन के लिए खतरा है। उन्होंने पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया। सेव द प्लांनेट संस्था के मनोज शर्मा ने कहा कि पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलित किया जा सकता है। मगर यह तब ही संभव है जब लगाए गए पौधों की भलीभांति देखभाल और उनका पोषण किया जाए। इस मौके पर अपर जिला जज व समाजसेवियों ने फल, फूल व औषधि के पौधे रोपित किए। कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र पाल सिंह वैस एडवोकेट ने किया। इस मौके पर कामिनी शर्मा, रामनरेश, एसवी सिंह, नीरज यादव, अवदेश वर्मा, अनुज भारद्वाज, हरिओम, रुबीना खान, देवांजलि, देव, यश मिश्रा, रामकिशोर आदि मौजूद रहे।

वहीं, जिला अस्पताल में सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना ने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पौधे रोपित किए और उनके पोषण की शपथ ली। सीएमएस ने पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ों की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही पेड़ों के हो रहे अंधाधुंध कटान पर चिंता व्यक्त की। स्वास्थ्य कर्मियों से प्रतिवर्ष एक पौधा रोपित करने को कहा। इस दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्ण अवतार, डॉ. ग्यास खान, डॉ. कर्मवीर सिंह, डॉ. रोहिताश सिंह आदि मौजूद रहे।



जागरुकता शिविर में पौधे वितरण करते अपर जिला जज। ● अमृत विचार

### पौधरोपण के साथ पौधों का पोषण करना जरूरी

**कासगंज :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय लोधी महासभा के तत्वाधान में एमएल पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर सई में पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। इसमें समाज के बंधुओं ने पौधे लगाकर उनके पोषण का संकल्प लिया। अखिल भारतीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष मुनेश राजपूत ने कहा की पौधरोपण बहुत आवश्यक है। क्योंकि वृक्ष पर्यावरण को आक्सीजन प्रदान करते हैं, और वायु की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। अधिक से अधिक पोधे लगाए जाएं तो बेहतर पर्यावरण बन जाएगा, जिससे ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में मिल सकेगी और प्रदूषण कम होगा। आगे आने वाली पीढियों का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। इस अवसर पर अमर सिंह राना, देवदत्त आचार्य, संजय राजपूत, नरेंद्र वर्मा, नरेंद्र राजपूत, प्रमोद राजपूत, राकेश राजपूत, ज्ञानेंद्र राजपूत, पंकज लोधी आदि उपस्थित रहे।



# शिक्षकों और बच्चों ने पौधरोपण के साथ पोषण का लिया संकल्प

**कासगंज।** सोरों स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में बुधवार को शिक्षकों और विद्यार्थियों ने फल, फूल, औषधि, बरगद एवं जामुन के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजन सिंह ने कहा कि पेड़-पौधों के कारण मनुष्य जीवित है। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जो पौधारोपण किया गया, यह आने वाली पीढ़ी के लिए तोहफा होगा। क्योंकि ये पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। क्षेत्रीय वन अधिकारी राहुल चौधरी, वन दरोगा विनय कुमार, वन रक्षक राजेश कुमार, मोहित कुमार ठेनुआ, आकाश कुमार ने पाखड़, नीम एवं पीपल आदि के पौधे रोपित किए।


विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय पॉलिटेक्निक में पौधरोपण करते प्रधानाचार्य राजन सिंह व अन्य।

अमृत विचार
**सूचना**
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-




# विश्व पर्यावरण दिवस: प्रदूषित संकल्पों से हो रहा प्रकृति का नाश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से सत्यधाम पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन पर चिंता जताई और इसके लिए मानव को ही जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान पौधे भी लगाए गए।

गोष्ठी में राजयोगिनी सरोज बहन ने कहा कि पर्यावरण में निरंतर बढ़ता प्रदूषण विश्व के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। प्रदूषण का मुख्य जिम्मेदार मानव मन है। मनुष्य के प्रदूषित संकल्पों से प्रकृति का नाश हो रहा है, और मानव जाति को ही खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसलिए प्रकृति के साथ मानवीय मूल्यों का भी संरक्षण करना होगा।

जिला विकास अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति बरसात के महीने में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसका संरक्षण करे। जिला कृषि अधिकारी डा. अवधेष मिश्र ने कहा कि पौधों को मात्र लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी पालना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने पौधों के औषधीय गुणों एवं उपयोगिताओं को भी स्पष्ट किया।

इस अवसर पर बदायूं से आईं बहन बीके करुणा ने पर्यावरण बचाने की प्रतिज्ञा करायी। कार्यक्रम की शुरूआत में बीएस डायनामिक एकेडमी के बच्चे यशिका, समृद्धि, दृश्या, दिव्या, काव्या ने नृत्य नाटिका के माध्यम से पौध संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में आए सभी लोगों को तुलसी का पौधा उपहार स्वरूप में दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व कृषि निदेशक रामप्रकाश चौहान ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। बीके आरती बहन ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संचालन बीके रूबी बहन ने किया।

कार्यक्रम में बीएस डाइनामिक एकेडमी के प्रबंध निदेशक मधुर पुण्ढीर, अनीता, मनीषा दीक्षित, राम प्रकाश यादव, रामबाबू प्रतिहार, ओमप्रकाश, हरिश्चन्द्र गुप्ता, कालीचरण, रामेश्वर, स्वराज, सरिता, सारिका, बीके नीरज बहन, बीके मंजू बहन, राधा आदि उपस्थित रहे।


पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते बह्माकुमारी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **कार्यक्रम में वक्ताओं ने पर्यावरण संतुलन बिगड़ने पर जताई चिंता**
- **ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में मना पर्यावरण दिवस**



सोरों के पॉलिटेक्निक स्कूल में पौधे रोपित करते वन विभाग के अधिकारी व अन्य।


विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बच्चे।

खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

## किशोरी से अश्लील हरकतें करने का आरोप

एटा। जैथरा थाने में एक व्यक्ति ने क्षेत्र के गांव कढिंगरा निवासी सुमित खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बताया कि तीन जून को सुमित उसकी 13 वर्षीय बेटी के पास पहुंचा। उस समय उसकी बेटी गांव में मौजूद थी। आरोप है कि सुमित ने वादी की बेटी के साथ अश्लील हरकतें कीं। उसके शोर मचाने पर अन्य लोग लोग पहुंच गए। तभी आरोपी फरार हो गया।

नर्सिंग एवं डॉक्टरी में है अधिक है रोगजार
B.A.M.S.
B.Sc. Nursing
महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ कॉलेज
धन्वन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Mob.: 9410405769, 7599203105
• A.N.M. • G.N.M.
• D. PHARMA • D.P.T.
• D.OPT. • DIPLOMA O.T.
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# प्रसव के बाद प्रसूता की मौत पर गुस्साए लोगों ने किया रोड जाम, जमकर हंगामा

### डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, एसीएमओ ने छानबीन के बाद हास्पिटल किया सील



हॉस्पिटल के बाहर शव रखकर हंगामा कर रहे लोगों को समझाते पुलिस वाले।



बीच सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा करके जाम लगाते परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से एक प्रसूता की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने शव हॉस्पिटल के बाहर रखकर अमांपुर-कासगंज रोड जाम कर दिया और जमकर हंगामा किया। परिवार वाले डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची अमांपुर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर बमुश्किल लोगों को शांत किया। इस घटना का पता लगने पर पहुंचे एसीएमओ ने छानबीन के बाद हॉस्पिटल सील कर दिया।

बदायूं के थाना उझानी क्षेत्र के गांव अथ्थैया निवासी भगवान सिंह का विवाह सोरों के मोहल्ला योग मार्ग निवासी रीता के साथ हुआ था। चूंकि रीता के कोई भाई नहीं था। इसलिए भगवान सिंह रीता के साथ अपनी सुसराल में रहते थे। मंगलवार को पत्नी रीता को प्रसव पीड़ा होने पर उन्होंने शहर के अमांपुर रोड स्थित ओम हास्पिटल में भर्ती कराया था। जहां रीता ने बच्चे को जन्म दिया। मगर प्रसव के बाद रीता की हालत बिगडती चली गई, जिससे चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। इससे परिजन रीता को आगरा ले जा रहे थे, लेकिन आगरा पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लौटाकर ओम अस्पताल ले गए। उन्होंने शव को हास्पिटल के बाहर सड़क पर रख दिया और ट्रैक्टर बीच में खड़ा करे अमांपुर-कासगंज रोड पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर इंस्पेक्टर रामवकील सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। लोगों के शांत होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतका रीता।

### बगैर अनुमित किए जा रहे थे प्रसव, जांच में हुआ खुलासा

घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम संजीव कुमार भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इंस्पेक्टर से घटना की जानकारी ली। मृतका के परिजनों से भी पूछताछ की और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीएमओ डा. राजीव अग्रवाल के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. एसके सिंह भी मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने पूछताछ के बाद पूरा मामला सीएमओ को अवगत कराया। सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. एसके सिंह ने हास्पिटल सील कर दिया है। एसीएमओ एके सिंह ने बताया कि अस्पताल पंजीकृत है, लेकिन उसे प्रसव करने की अनुमति नहीं है। लिहाजा हॉस्पिटल में प्रसव किया जाना गलत है। ऐसे में उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को लिखा जाएगा।

## मलावन इलाके से किशोर लापता, अपहरण की रिपोर्ट

एटा। मलावन थाने में अरविंद सिंह निवासी दलेलपुर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अरविंद ने बताया कि 30 मई को उनका 17 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार घर से मलावन बाजार गया था, जिसके बाद से घर नहीं लौटा। उन्होंने आकाश को हर संभव जगह तलाश लिया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उनका कहना है कि आकाश के साथ कोई अप्रिय वारदात हो सकती है। उपनिरीक्षक जवाहर सिंह धाकरे ने बताया कि इस मामले में अपरहण की रिपोर्ट अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कर ली गई है। गायब किशोर की तलाश की जा रही है।

## प्रधान समेत चार लोगों पर सरकारी जमीन कब्जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**एटा, अमृत विचार :** संजय निवासी शीतलपुर ने ग्राम प्रधान नीलम देवी समेत चार लोगों के खिलाफ धोखधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय ने बताया है कि नीलम ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी व षड्यंत्र कर मण्डी चौकी क्षेत्र में पड़ी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। इस मामले में पीड़ित ने सबसे पहले कोवताली में तहरीर दे चुका है। मगर पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर नीलम समेत 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच एसआई अभिषेक कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, जांच शुरू

एटा।: अभिषेक शर्मा निवासी मोहल्ला जोशियान थाना जलेसर ने पुलिस को बताया कि वह ढकेल लगाकर अपना व परिवार का पालन पोषण करता है। वह तीन जून की रात 11 बजे अवागढ़ से अपने घर आ रहा था। घर के सामने मोहल्ले के प्रेमचन्द्र पुत्र लालाराम व नितिन, आकाश, दीपक, हिमांशु व प्रिंस पुत्रगण प्रेमचन्द्र निवासी मोहल्ला जोशियान थाना जलेसर एकराय होकर हाथों में डण्डा, सरिया एवं अवैध तमंचा लेकर खड़े मिले। पीड़ित से गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर मारपीट करने लगे और घर के बाहर खड़ी ढकेल को पलट दिया, जिससे ढकेल टूट गयी, जब पीड़ित घर में घुस गया तो आरोपितों ने घर में घ्झुसकर दरवाजा तोड़ दिया, विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट की। सूचना पर डायल 112 पर सूचना देकर बुलाई। लेकिन पुलिस उन लोगों से मिलकर चली गई। प्रेमचन्द्र आदि बहुत ही शातिर किस्म के हैं, पीड़ित व परिवार के खिलाफ झूठा मुकदमा लिखा सकते हैं। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
QCI Rating 'A' Institute
Scholarship Facility
Smart Classes
100% Placement
Clinical Training in 1050 Beded Hospital
Experienced Faculty
Well Equipped Computer Lab.
Library
Modern Specialization Laboratory
Value Added Courses
Field Visits
Wi-Fi & Lush Green Campus
Hostel
Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## सार-संक्षेप

### जलेसर पुलिस ने पशु चोर दबोचा, मैक्स गाड़ी बरामद



**जलेसर।** थाना पुलिस ने पशु चोरी व तस्करी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास मैक्स पिकअप गाड़ी बरामद हुई है। एसएसपी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जलेसर पुलिस वांछितों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसके तहत पुलिस ने आरोपी कुलदीप पुत्र शोभाराम को गिरफ्तार किया है, जो अहरियान कस्बा मेडू थाना हाथरस का निवासी है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष आरके सिंह, उपनिरीक्षक आदित्य कुमार दिक्षित व रमेश चन्द्र शामिल रहे।

### समाजवादी पार्टी की जीत पर मनाया जश्न

**एटा।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य की जीत पर जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी व उनकी टीम की भूमिका की सराहना की गई। देवेश शाक्य की जीत का सिला पार्टीजनों को मिला। चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न जातियों के प्रतिष्ठित लोगों, जनप्रतिनिधियों की कड़ी से कड़ी मिलाकर इन लोगों ने काम किया। इस दौरान मिष्ठान वितरित कर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर सांसद देवेश शाक्य ने कहा कि चुनाव में लोगों ने सहयोग किया है। इस जीत के लिए जनपदवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से जो कार्य अधूरे रह गये हैं समय से पूरे कराए जायेंगे। उसके लिए जिलाध्यक्ष का नेतृत्व सराहनीय है।

### महिला को घर बुलाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

**एटा, अमृत विचार :** पिलुआ थाने में एक महिला ने गांव बरगिवां निवासी मनोज पुत्र दौतीराम समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 13 मार्च को मनोज ने उसे अपने घर धोखे से बुलाया और अपने साथी के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। एसआई अश्वनी कुमार ने बताया कि इस मामले में अदालत के आदेश पर मनोज समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हाईवे पर वाहन से कुचलकर महिला की मौत

## देर शाम तक नहीं हुई शिनाख्त, पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया, अन्य हादसों में कई घायल



हादसे की सूचना मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज पहुंचे घायल के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बुधवार को किसी वाहन ने 40 वर्षीय महिला को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा अन्य स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव मानपुर स्थित हाईवे पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे जा रही महिला (40) को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला सड़क पर जा गिरी।

तभी उसी वाहन का पहिया महिला के ऊपर से उतर गया, जिससे कुचलकर उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। खबर सुन पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इससे 72 घंटे के लिए शव मोरचरी में रखवा दिया है। वहीं, कोतवाली देहात के गांव गंगनपुर निवासी बंटी (30) पुत्र कप्तान सिंह, राजू पुत्र कप्तान सिंह, बागवाला थाना क्षेत्र के गांव मानिकपुर निवासी ओमेन्द्र (24) पुत्र जगदीश सिंह, दाताराम (50) पुत्र श्यामलाल सिंह, मलावन थाना क्षेत्र के गांव छछैना निवासी मोहकम सिंह पुत्र नाथूराम सिंह सड़क हादसों में घायल हो गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है।

### कार-बाइक की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**एटा :** बुधवार को दोपहर मलावन थाना क्षेत्र में आसपुर पुल की सर्विस रोड पर कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें कोतवाली देहात के गांव मानिकपुर निवासी योगेन्द्र कुमार और वहीं का तादाराम पुत्र श्यामलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी हादसे में पैदल जा रहे मलावन के गांव छछैना निवासी मोहकम सिंह भी घायल हुए हैं। बाइक सवार युवक आसपुर से गांव जा रहे थे। तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात योगेन्द्र और दाताराम को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### सड़क हादसों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल



मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल।

**एटा।** कोतवाली देहातक्षेत्र के ग्राम पमांस के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। सुनील पुत्र रमेश चन्द्र निवासी गांव पमांस बाइक पर एटा बाजार जा रहे थे। गांव के पास ही उनकी गाड़ी से दूसरी बाइक की भिड़ंत हो गई। इस घटना में सुनील को गंभीर चोटें लगी, जबकि सामने वाले युवक को मामूली चोट आई है। सुनील को मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया। डाक्टर ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया। कमलहसन निवासी पंजाबपुरा कोतवाली नगर ई-रिक्शा में सवारियां लेकर पुलिस लाइन की तरफ जा रहा था। कचहरी रोड स्थित बड़े डाकघर के सामने उसके ई-रिक्शा में कार ने टक्कर मार दी। इसमें कमलहसन व ई-रिक्शा में बैठे लोग घायल हो गए। रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। उदयकुमार मिश्रा मोहल्ला कूंचा पंडितायन थाना सहवार ने बताया कि वह अपनी अल्टो कार से जा रहे थे। तभी मिरहची थाना क्षेत्र में उनकी कार में ट्रैक्टर ने कार में टक्कर मार दी। इससे संजीव कुमार मिश्रा (45) और देवेन्द्र मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए।

# आसमान से बरस रही आग, व्याकुल हैं लोग



तेज धूप की वजह से जीटी रोड पर छाता लगाकर जातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

- तेज धूप के कारण दोपहर को सड़कों पर छा जाता है सन्नाटा

**अमृत विचार :** सूर्य के तल्ख तेवरों की वजह से आसमान से बरस रही आग ने जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। तेज धूप और गर्म हवाएं आमजन के शरीर को झुलसा रहीं हैं। दोपहर होते ही शहर के मुख्य मार्गों और बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। भीषण गर्मी के कारण हर कोई परेशान है।

भीषण गर्मी में बिजली और पानी बेहद जरूरी हैं। मगर विद्युत कटौती के चलते लोगों का रहना मुहाल हो गया है। वहीं, जगह-जगह लगे सरकारी हैंडपंप खराब होने से लोगों को पानी की किल्लत हो रही है। इससे शहर में जल और बिजली संकट बढ़ता जा रहा है। बिजली और पानी की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए आमजन के द्वारा की जा रहीं शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिस कारण आमजन में आक्रोश पनप रहा है।

भीषण गर्मी के चलते सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और भीषण गर्मी की वजह से लोग घरों में रहने को विवश हैं। इससे दोपहर होते ही शहर में सन्नाटा पसर जाता है। आवश्यक कार्यों से लोग घर से बाहर निकलते हैं। वहीं गर्मी के के चलते शीतल पेयजलों की बिक्री बढ़ गई है।

### शहर से देहात तक बिजली संकट

भीषण गर्मी में बिजली खूब छका रही है। अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग से उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। वोल्टेज घटने-बढ़ने से दिक्कतें आ रही हैं। देहात क्षेत्र में बिजली संकट कुछ ज्यादा है। लोगों को रात भर जागना पड़ रहा है। वहीं, अन्य कस्बों और देहात क्षेत्र से भी बिजली संकट की शिकायतें मिल रही हैं।

### पंखे दे रहे गर्म हवा, एसी हो रहे फेल

गर्मी के कारण पंखे और कूलर जवाब दे गए हैं। मौसम गर्म होने के कारण पंखे गर्म हवा दे रहे है। कूलर फेल हो रहे हैं। कई जगह एसी फट चुके हैं।

# सोच समझकर खरीदें आम, शहर में बिक रहे केमिकल में पकाए फल

संवाददाता, एटा



ठेले पर आम खरीदते ग्राहक।

**अमृत विचार :** फलों के राजा आम की आमद शहर में हो चुकी है। मगर मुनाफाखोर आम के साथ बीमारियां बेचे रहे हैं। घातक केमिकल से पकाए गए आम खाने से खतरनाक बीमारियां हो सकती है।

इन दिनों बाजार में दुकानों व ठेलों पर पीले रंग में आम नजर आ रहे हैं। मगर ये प्राकृतिक तौर पर पके हुए नहीं हैं, बल्कि इन्हें घातक केमिकल्स से पकाया जा रहा है। आमतौर पर आम व अन्य फलों को पकाने में कार्बेट का इस्तेमाल किया जाता है। यह कार्बेट (कार्बाइट) भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मगर इस बार कार्बेट से भी खतरनाक केमिकल फलों को पकाने में उपयोग किया जा रहा है।

इस कैमिकल को स्प्रे करने के महज 24 घंटे में आम का रंग इस तरह बदल जाता है जैसे डाल पर पका हो। जबकि इसके स्वाद में जमीन-आसमान का अंतर है। स्वाद बदलने की वजह आम को पकाने में उपयोग किया जा रहा घातक केमिकल है, जिसके स्प्रे से आम को पकाया जा रहा है। इन सबसे अनजान नागरिक इस आम को सीजन मानकर डाल का पका हुआ समझकर लेते हैं। जबकि स्थानीय स्तर पर पैदा की गई आम की फसल तो अभी बागवानी करने वालों ने पेड़ों से उतारी ही नहीं है।

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार कोई भी फल या सब्जी जिसे आर्टीफिशियल तरीके से उत्पादित किया या पका हुआ स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इसलिए केमिकल्स से पके आम खाने से नागरिक बचें, ताकि उनका जीवन सुरक्षित रह सके।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाने में उपनिरीक्षक श्रवण कुमार ने समाज पार्टी के रामसेवक पहलवान व अखिल भारतीय लोधी राजपूत महासभा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

उपनिरीक्षक ने बताया कि चार जून मतगणना के दिन मंगलवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के मण्डी समिति गेट से आगे कुसाड़ी के समीप रामसवेक पहलवान समेत दो लोगों ने आचार संहिता का उल्लंघन कर फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी की गई। प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास किया और खून खराब करने की धमकी दी। ऐसी वीडियो फेसबुक पर वायरल कर दी। इसकी जांच कोतवाली देहात थानाध्यक्ष निर्दोष सिंह सेंगर कर रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दम तोड़ रही तालाबों के संरक्षण की मुहिम



कासगंज के किसरौली रोड स्थित बदहाल तालाब। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तमाम क्षेत्रों में दबंगों ने तालाबों पर कर रखा है अतिक्रमण
- कभी आदर्श तालाब योजना बने जल श्रोतों का बुरा हाल

**अमृत विचार :** बारिश के पानी को सहेजने के लिए शासन से लेकर प्रशासन तक तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं जिम्मेदार इन प्रयासों को विफल करने में जुटे हैं। उनकी अनदेखी जल स्रोतों को अस्तित्व विहीन कर रही है। ग्राम पंचायतों की अनदेखी सबसे अधिक सामने आई है। इससे वर्षों पूर्व लागू की गई आदर्श तालाब योजना कागजों में दम तोड़ चुकी है। पूर्व में बनाए गए आदर्श तालाब बदहाल हैं। अधिकांश तालाबों पर अतिक्रमण हो चुका है। योजनाएं भी इनका संरक्षण नहीं कर पा रही हैं।

बारिश का पानी न सहेजने के कारण भूगर्भ जल का स्तर तेजी से गिर रहा है। गनीमत यह है गंगा में हर साल बाढ़ के बाद भूगर्भ जल स्तर में बढ़ोतरी हो जाती है। इससे कासगंज, सोरों, सहावर, पटियाली ब्लॉक डार्क जोन से बाहर आ चुके हैं। हालांकि जिले के सात विकासखंडों में से अब कोई भी डार्कजोन में नहीं है। जिले में जल संरक्षण की योजना पर बेहतर कार्य करने की जरूरत दिखाई दे रही है। जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सरकार ने लगभग 10 साल पहले आदर्श तालाब योजना शुरू की थी। इसके तहत जिले में आदर्श तालाबों का चयन किया गया था। योजना कुछ ही समय में फाइलों में गुम हो गई। परिणामस्वरूप आदर्श तालाब अपना अस्तित्व खो चुके हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत गुरैहना, बहेड़िया, भिटौना सहित कई ग्राम पंचायतों में तालाबों पर अतिक्रमण कर लिया गया। यहां अब मकान बना दिए गए, लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।

> ग्राम पंचायतें मनरेगा के तहत तालाबों का रख-रखाव कर रही हैं। सभी ग्राम पंचायतों में तालाबों के संरक्षण की योजना बनाने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और सचिव की है। अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब संरक्षित किए जा रहे हैं। जहां भी अतिक्रमण होगा जानकारी कर तालाबों से अतिक्रमण हटवाया जाएगा।
> – देवेंद्र सिंह, डीपीआरओ

### अब अमृत सरोवरों से जागी आस

सरकार ने पिछले ही वर्ष अमृत सरोवर योजना लागू की। इसके तहत जिले में 150 तालाबों को अमृत सरोवर बनाया गया। कुछ तालाब तो आदर्श बन चुके हैं, लेकिन अमृत सरोवर बने कुछ तालाबों पर अभी से ही अनदेखी हो रही है।

### अनदेखी से नष्ट हो गए पौधे

आदर्श तालाबों के आसपास पौधे लगाए गए थे। वे नष्ट हो चुके हैं। पेड़ों के रख-रखाव और तालाब के संरक्षण की जिम्मेदारी पंचायतों की थी। पंचायतों ने जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया।

# बेजुबानों का ध्यान रखना हर मानव का धर्म है

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



शहर के प्रभु पार्क में मिट्टी के पात्र रखने पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान
- गली, मोहल्लों, पार्क व छतों पर दाना पानी के लिए रखे मिट्टी के पात्र

**अमृत विचार :** जिले में भीषण गर्मी का सितम बरकरार है। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा शहर में भीषण गर्मी के दृष्टिगत पक्षी बचाओ अभियान चलाया गया। इसमें परिषद के कार्यकर्ताओं ने गली मोहल्ले एवं पार्कों में जाकर पक्षियों को दाना पानी रखने के लिए मिट्टी के पत्रों का वितरण किया। लोगों से अपने घरों की छतों पर पात्रों को रखकर पक्षियों को दाना-पानी रखने की अपील की।

अभाविप के जिला सह संयोजक यश मिश्रा ने कहा कि जल पक्षियों को उतना ही आवश्यक है जितना कि मनुष्य को जरूरत होती है। मनुष्य तो स्वच्छ जल प्राप्त कर लेता है, लेकिन पक्षियों व जीव जंतु ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं। अधिकतम स्थानों पर यदि पक्षी व जीव-जंतुओं को दूषित जल की प्राप्ति हो जाती है। उनके स्वास्थ्य के लिए दूषित जल अत्यधिक हानिकारक है। उन्होंने कहा कि यह सभी की जिम्मेदारी है कि सिर्फ अपने लिए ना सोचकर बेजुबानों का भी ध्यान रखे।

उन्होंने कहा कि बेजुबानों की देखभाल करना प्रत्येक मानव का धर्म है। ईश्वर द्वारा बनाई गई इस सृष्टि में सभी का समान अधिकार है। इस मौके पर राहुल वर्मा, ज्योतिर्मय शर्मा, मीतपाल, अंशु राजपूत आदि मौजूद रहे।

# टीकाकरण: एटा को प्रदेश में मिला दूसरा और मंडल में पहला स्थान

संवाददाता, एटा

- यूनीसेफ की ओर से जारी की गई रैंकिंग, जनपद स्तर से की जा रही समीक्षा

**अमृत विचार:** टीकाकरण को लेकर यूनीसेफ की ओर से मई माह की रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें एटा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि मंडल में पहला स्थान मिला है। अप्रैल में एटा को टीकाकरण में प्रदेश स्तर पर द्वितीय एवं मण्डल में प्रथम स्थान मिला था, जिसे जनपद की टीम ने मई में अच्छा प्रदर्शन कर कायम रखा है।

टीकाकरण में सुधार हेतु जिले के 100 अधिकारियों को नियमित निरीक्षण हेतु लगाया गया है, जो माइक्रो प्लान के अनुसार आवंटित ग्रामों में जाकर टीकाकरण की समीक्षा करते हैं। ये अधिकारी प्रत्येक बुधवार, शनिवार को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के पंचायत भवन, बेसिक स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्र, सचिवालय, एएनएम सेंटर आदि स्थानों पर आयोजित टीकाकरण निरीक्षण करते हैं। जनपद स्तर से की जा रही समीक्षा एवं अधिकारियों द्वारा किए जा रहे निरीक्षण और ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की मेहरत से जिले को बड़ी सफलता मिली है। यूनिसेफ डीएससी आलोक वर्मा ने बताया कि टीकाकरण के संबंध में लगातार फीडबैक दिया जाता है। इसके उपरान्त वीसी एवं अन्य माध्यमों से वीएचएनडी सत्रों की मॉनीटरिंग की जाती है। सका परिणाम है कि जनपद की स्थिति लगातार बेहतर हुई और जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान के साथ मण्डल में प्रथम स्थान मिला है।

# पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**बिल्सी।** कोतवाल केके मिश्र ने बताया कि नगर के मोहल्ला संख्या दो निवासी अनूप माहेश्वरी और गांव गढ़ी निवासी रतीभान सिंह विभिन्न आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे। जिस पर कोर्ट द्वारा वारंट जारी कर दिए गए। बृहस्पतिवार को थाना पुलिस दोनों को गिरफ्तार कोर्ट के समक्ष पेश किया है।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें

स्पीच थैरेपी
हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
बरेली मोड़ यो.सं.-3, शाहजहाँपुर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय /व्यवसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या, सेक्टर/खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व. उमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री रघुनन्दन लाल | म.अ. वर्ग भवन सं.-1/19 बरेली मोड़ यो.सं.-3 शाहजहांपुर | 14.11.2022 | श्रीमती सुनीता शर्मा, श्री तन्मय वशिष्ठ पत्नी/पुत्र स्व. उमेश चन्द्र शर्मा | श्रीमती वैशाली शर्मा पत्नी श्री अभिषेक, श्रीमती निकिता कालिया पत्नी श्री विवेक कालिया | पत्नी/पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
सम्पत्ति प्रबन्धक

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं V0764970 में मेरा नाम भूलवश SAHAV SINGH दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम SAHAB SINGH है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम SAHAB SINGH ही दर्ज है। **साहब सिंह पुत्र श्री अमरीक सिंह निवासी ग्राम सिमरा ता. महाराजपुर पोस्ट माधोटांडा पूरनपुर, जिला पीलीभीत।**

**खोया-पाया**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक-0756360 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0730212 की इलाहाबाद बोर्ड की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है। **विजित राठौर पुत्र प्रभाकर सिंह ग्राम परसिया, पोस्ट परवेजनगर, जिला बदायूँ।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. इमरान व उसकी पत्नी नजमा खान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मो. मुकीम पुत्र मो. अजीज निवासी म.नं. 12, आजाद नगर, मीरगंज, शाही बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपनी पुत्री साईबा को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण तंग होकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन की स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **छोटे खां पुत्र मंगल खां, निवासी- 97 परतापुर जीवन सहाय, बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र खालिद खां को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण तंग होकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **श्रीमती रजिया पत्नी स्व. शब्बीर खां, परतापुर जीवन सहाय, बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र ओमवीर सिंह व्यस्क श्रीपाल सिंह को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **अमित ठाकुर पुत्र श्री ओमवीर सिंह निवासी ग्राम जुन्हाई तहसील मीरगंज, बरेली**

**सूचना**
मेरे शिक्षा अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवस VEBHAV MISRA अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम VAIBHAV MISHRA है, अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाये। **वैभव मिश्रा पुत्र प्रेम शंकर शर्मा, निवासी- 19, हनूवन सिटी, वीर सावरकर नगर, बरेली**

**सूचना**
मैं कौशाम्बी (दिल्ली) से बरेली सैटेलाइट आ रहा था रास्ते में मेरा बैग जिसमें लैपटॉप, हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की मार्कशीट बी. टैक की मार्कशीट डिग्री, एम.टैक की मार्कशीट डिग्री एवं फायर एण्ड सेफ्टी सर्टिफिकेट कहीं गिर गये हैं। काफी तलाशने पर नहीं वह बैग नहीं मिला। जिसकी सूचना मैंने बारादरी थाने में दर्ज करा दी है। **कुलदीप पुत्र श्री नत्थू लाल पताः- ग्राम वारीनगला पो. उमरसिया, बरेली मो. 8394835426**

**इण्टर मीडिएट स्ववित्त पोषित (वित्तविहीन)/पी.टी.ए. के अन्तर्गत नितान्त रूप से अस्थायी शिक्षक/शिक्षिकाओं की सत्र 2024-2025 हेतु निश्चित मानदेय पर निम्नानुसार आवश्यकता है।**
**कक्षा** 6-10,
**न्यूनतम मानदेय प्रतिमाह** 6000
**अवधि**-1 जुलाई 2024 से 20 मई 2025 तक
**विषय**-हाईस्कूल के सभी अनिवार्य विषय
**योग्यता**-प्रशिक्षित स्नातक
**कक्षा 11-12, कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के लिए**
**न्यूनतम मानदेय 7000-8000**
**अवधि** उक्त वत
**विषय** - हिन्दी, अंग्रेजी, न.शा., सा.शा. शिक्षक, कला, इतिहास, गृह विज्ञान, शिक्षा शास्त्र संस्कृत भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान
**योग्यता**-स्नातकोत्तर प्रशिक्षित वरीयमान
सीधे/डाक से आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 24.06.2024 साक्षात्कार 25.06.2024 प्रातः 9:00 बजे विद्यालय परिसर में होगा।
**इसी के अन्तर्गत कार्यालय सहायक की भी आवश्यकता है।**
**सम्पर्क सूत्र : 9997990297, 9319622411**
**प्रबन्धक/प्रधानाचार्य**
**भारत इण्टर कॉलेज भोजीपुरा, बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने सगे भाई कन्हैया रस्तोगी, शंकर रस्तोगी, बहन प्रियंका रस्तोगी, बहनोई सचिन रस्तोगी, ताई शान्ति देवी व तहेरे भाई विनोद कुमार रस्तोगी व मनोज कुमार रस्तोगी, निवासीगण मोहल्ला गढ़ैया, थाना किला, जिला बरेली से उनके गलत आचरण के कारण अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। **वीरेन्द्र रस्तोगी पुत्र स्व. राम औतार रस्तोगी, निवासी- 117 मोहल्ला गढ़ैया, थाना किला, जिला बरेली**

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेन्ट में एक बिलिंग कार्य करने वाले **एकाउन्टेंट** की व एक **तन्दूरी शेफ** की।
(रहने व खाने की सुविधा फ्री)
सम्पर्क करें
**श्री कृष्णा रिजॉर्ट**
बड़ा बाईपास, लखनऊ-दिल्ली हाइवे, NH-27, बरेली
**मो. 6398112074**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# गुजरात में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा

## दो सांसदों ने विपक्षियों को सात लाख से अधिक मतों से दी शिकस्त, 2019 में सभी सीटों पर भाजपा ने दर्ज की थी जीत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कम से कम 13 उम्मीदवारों ने तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं दो मौजूदा सांसदों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को सात लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया है। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। तब इसके 15 उम्मीदवारों ने तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की थी, लेकिन कोई भी उम्मीदवार सात लाख के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था।

मंगलवार को आए लोकसभा चुनाव के परिणाम के अनुसार, मौजूदा सासंदों सीआर पाटिल और अमित शाह ने क्रमशः नवसारी और गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्रों से सात लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। कुल मिलाकर भाजपा ने गुजरात की 25 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। इसमें सूरत भी शामिल है, जहां पार्टी को निर्विरोध जीत हासिल हुई है। हालांकि, भाजपा क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने से चूक गई, क्योंकि बनासकांठा निर्वाचन क्षेत्र पर कांग्रेस ने अपना कब्जा जमा लिया। जिन निर्वाचन क्षेत्र मे भाजपा ने तीन लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की, वह अहमदाबाद पूर्व, अमरेली, भावनगर, छोटा उदयपुर, दाहोद, गांधीनगर, राजकोट, वडोदरा, खेड़ा, महसाणा, नवसारी, पंचमहल और पोरबंदर हैं। अमित शाह और सीआर पाटिल ही दो ऐसे उम्मीदवार हैं जिनकी जीत का अंतर 7 लाख के मतों से ज्यादा है।

गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने 7.73 लाख की सर्वाधिक बढ़त के साथ जीत दर्ज की और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के नैषध देसाई को हराकर नवसारी सीट बरकरार रखी है। साल 2019 में भी पाटिल ने दूसरे सबसे ज्यादा अंतर से जीतने का रिकॉर्ड बनाया था और इस बार अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा है। तब वह 6.89 लाख मतों के अंतर से जीते थे। अमित शाह ने गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र में 7.44 लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा के हेमांग जोशी और राजपालसिंह जाटव दो ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होंने पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। जोशी और जाटव की जीत का अंतर क्रमशः वडोदरा और पंचमहल निर्वाचन क्षेत्र में 5.82 लाख और 5.09 लाख मतों का है। नौ अन्य भाजपा उम्मीदवारों की जीत का अंतर तीन लाख से पांच लाख मतों के बीच है।



गुजरात के वडोदरा के सबसे युवा उम्मीदवार अपने प्रशंसकों के साथ।

### इन सीटों पर भाजपा तीन लाख वोटों से जीती

अहमदाबाद पूर्व, अमरेली, भावनगर, छोटा उदयपुर, दाहोद, गांधीनगर, राजकोट, वडोदरा, खेड़ा, महसाणा, नवसारी, पंचमहल, पोरबंदर

| दल | विजयी |
|---|---|
| बीजेपी | 25 |
| कांग्रेस | 1 |
| कुल | 26 |


### रोचक तथ्य

- भाजपा के 13 उम्मीदवार तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीते
- 26 सीटों में से 25 पर अटकी कांग्रेस ने इस बार खाता खोला

# भाजपा का मत प्रतिशत 1.25 फीसदी घटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- कांग्रेस ने कड़ी टक्कर में भाजपा से एक सीट बनासकांठा छीन ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से 25 पर जीत हासिल की, लेकिन 2019 के आम चुनाव की तुलना में उसका मत प्रतिशत 63.11 फीसदी से गिरकर 61.86 फीसदी रह गया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इंडिया गठबंधन के घटक दलों - कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने 25 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ा और दोनों पार्टियों का संयुक्त मत प्रतिशत 33.93 फीसदी रहा। इसमें से कांग्रेस का मत प्रतिशत 31.24 फीसदी और आप का 2.69 फीसदी रहा। कांग्रेस ने कड़ी टक्कर में भाजपा से एक सीट - बनासकांठा - छीन ली, जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में सभी 26 सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने की भाजपा की कोशिश विफल हो गई। आम आदमी पार्टी (आप) भरूच और भावनगर सीटों पर जीत हासिल नहीं कर सकी, जहां उसने इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में अपने उम्मीदवार उतारे थे। आंकड़ों के अनुसार, 2019 के आम चुनाव में जब कांग्रेस ने बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर चुनाव लड़ा था और उसे कोई सीट नहीं मिली थी, तब उसका मत प्रतिशत 32.55 फीसदी था। इसके अलावा, राज्य की सभी 26 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का मत प्रतिशत 0.76 फीसदी रहा।



बांसुरी स्वराज को बधाई देते मनोज तिवारी।

# 73 महिला सांसद चुनीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के आए नतीजों में कुल 73 महिलाएं चुनी गईं, जबकि 2019 के आम चुनाव में संख्या 78 थी। देशभर से निचले सदन के लिए चुनी गईं कुल महिला सांसदों में से पश्चिम बंगाल 11 महिलाओं के साथ आगे है। कुल 797 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिसमें भाजपा ने सबसे अधिक 69 को और कांग्रेस ने 41 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया था।

संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद यह पहला चुनाव है। इस कानून में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, इस बार भाजपा की 30 महिला उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव जीता, कांग्रेस की 14, तृणमूल कांग्रेस की 11, समाजवादी पार्टी की चार, द्रमुक की तीन और जनता दल (यू) और लोजपा (आर) की दो-दो महिला उम्मीदवार जीतीं। 17वीं लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या सबसे अधिक 78 थी। भाजपा की हेमा मालिनी, तृणमूल की महुआ मोइत्रा, राकांपा (शरदचंद्र पवार) की सुप्रिया सुले और सपा की डिंपल यादव ने लोस चुनाव में अपनी सीटें बरकरार रखीं जबकि कंगना रनौत और मीसा भारती ने ध्यान अपनी ओर खींचा। मछलीशहर से सपा की 25 वर्षीय उम्मीदवार प्रिया सरोज और कैराना सीट से 29 वर्षीय इकरा चौधरी जीत हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की उम्मीदवारों में शामिल हैं।

**भाजपा ने 69, कांग्रेस ने 41 महिलाओं को बनाया था उम्मीदवार**

# 40 में से 40 की जीत राष्ट्र के नेतृत्व में मददगार : स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को कहा कि इंडी गठबंधन संवैधानिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए देश के नेतृत्व का जिम्मा लेगा। उन्होंने कहा कि 40 में से 40 की जीत राष्ट्र के नेतृत्व में मददगार होगी क्योंकि द्रमुक तथा इसके सहयोगी दलों ने तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटें और पुडुचेरी की एक सीट जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और राष्ट्रीय स्तर पर इंडी गठबंधन की जीत से निरंकुशता पर लगाम लगी है और अब लोकतंत्र की नई कोंपलें फूटने लगी हैं। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जहां राम मंदिर का निर्माण हुआ, वहां लोगों ने भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को नकार दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद पत्र लिखते हुए स्टालिन ने कहा कि जनता ने द्रमुक और सहयोगी दलों को शानदार जीत दिलाई है और कार्यकर्ताओं ने इस शानदार प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत की है। समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद देते हुए द्रमुक प्रमुख ने कहा कि इस सफलता ने भाजपा शासन के सत्ता के दुरुपयोग और अपमानजनक प्रचार को कड़ा जवाब दिया तथा यह सुनिश्चित किया कि सांप्रदायिक ताकतों को तमिलनाडु में कोई मौका नहीं मिले।

### अभिवादन



राष्ट्रपति भवन में निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए आयोजित रात्रिभोज में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ।

# पूर्व मुख्यमंत्री, फिल्म स्टार सहित 280 पहली बार चुने गए सदस्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री, फिल्म स्टार, राजनीतिक कार्यकर्ता और उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश सहित 280 ऐसे विजेता हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन के सदस्य होंगे।


उत्तर प्रदेश लोकसभा के लिए सबसे अधिक 80 सदस्य को चुनकर भेजता है और 18वीं लोकसभा के लिए राज्य से चुने गए 45 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इनमें टेलीविजन धारावाहिक रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल (मेरठ), चर्चित अमेठी सीट से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा, नगीना सीट से निर्वाचित दलित अधिकार कार्यकर्ता एवं आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद शामिल हैं। महाराष्ट्र से 33 लोकसभा सदस्य पहली बार चुनकर आए हैं, जिनमें स्कूल शिक्षक भास्कर भागरे भी शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने डिंडोरी की आदिवासी सीट से मैदान में उतारा था। भागरे ने भाजपा नेता भारती पवार को हराया। महाराष्ट्र से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों में मुंबई उत्तर से भाजपा के पीयूष गोयल, अमरावती से कांग्रेस नेता बलवंत वानखेड़े, अकोला से पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय धोत्रे के पुत्र एवं भाजपा नेता अनूप धोत्रे अकोला और सांगली से निर्दलीय सदस्य विशाल पाटिल शामिल हैं। पहली बार लोकसभा पहुंचने वाले पूर्व मुख्यमंत्रियों में नारायण राणे (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, महाराष्ट्र), त्रिवेंद्र सिंह रावत (हरिद्वार, उत्तराखंड), मनोहर लाल (करनाल, हरियाणा), बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा पश्चिम, त्रिपुरा), जीतन राम मांझी (गया, बिहार), बसवराज बोम्मई (हावेरी, कर्नाटक), जगदीश शेट्टार (बेलगाम, कर्नाटक), चरणजीत सिंह चन्नी (जालंधर, पंजाब) शामिल हैं।



कंगना रनौत।



अरुण गोविल।



मनोहर लाल खट्टर।

- उत्तर प्रदेश से 45 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन में उपस्थिति दर्ज कराएंगे

# हार से नाराज मंत्री बोले- आपके सांसद राहुल कोई कमी नहीं होने देंगे

**रायबरेली, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और रायबरेली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कहा कि वह एक साल तक शनिवार और रविवार को आंशिक अवकाश पर रहेंगे क्योंकि उनको पारिवारिक दायित्व निभाने हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में सिंह को करीब चार लाख मतों से हराया। सिंह ने कहा कि चूंकि अब राहुल गांधी आपके सांसद हो गये हैं तो मैं उम्मीद करता हूं कि वह आपको किसी तरह की कमी महसूस नहीं होने देंगे और शनिवार और रविवार को जनता की सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार, रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 6,87,649 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को 2,97,619 मत प्राप्त हुए। सिंह ने रायबरेली के लोगों को संबोधित करते हुए एक पत्र में कहा मैं रायबरेली की जनता से विनम्र निवेदन करता हूं कि मैं 2019 से 2024 तक बिना थके और बिना रुके आपकी सेवा करता आ रहा हूं। उन्होंने पत्र में कहा कि सरकार और पार्टी की सेवा करने के बाद हमें अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए सिर्फ शनिवार और रविवार का दिन मिलता है।



- दिनेश प्रताप सिंह ने कहा- शनिवार, रविवार को आंशिक अवकाश पर रहूंगा

# पंजाब में आठ में से दो दलबदलू जीते

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब में पिछले कुछ महीनों में दल बदलने वाले आठ उम्मीदवारों में से केवल दो नेता ही लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर पाए। दल बदलने वाले जिन दो नेताओं ने जीत हासिल की है उनमें आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राज कुमार चब्बेवाल और कांग्रेस पार्टी के धर्मवीर गांधी शामिल हैं। विधानसभा में विपक्ष के उपनेता रहे चब्बेवाल इस साल मार्च में आप में शामिल हो गए थे। बाद में उन्हें होशियारपुर सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया। उन्होंने होशियारपुर सीट से कांग्रेस पार्टी की यामिनी गोमर को हराया। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व सांसद गांधी अप्रैल में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने पटियाला निर्वाचन क्षेत्र से 'आप' के बलबीर सिंह को 14,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया। गांधी ने 2016 में आप छोड़ने के बाद अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी नवां पंजाब पार्टी बनाई थी, जिसका उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के बाद विलय कर दिया था। चुनाव में दूसरे स्थान पर रहने वाले दल-बदलू नेताओं में भाजपा के सुशील रिंकू, रवनीत सिंह बिट्टू और आप के गुरप्रीत सिंह जीपी शामिल रहे। इसके अलावा पंजाब के 13 सांसदों में से आठ ऐसे हैं, जो पहली बार सांसद चुने गए हैं। इनमें आप के मालविंदर सिंह कंग (आनंदपुर साहिब), राज कुमार चब्बेवाल (होशियारपुर), गुरमीत सिंह मीत हेयर (संगरूर), कांग्रेस पार्टी के सुखजिंदर सिंह रंधावा (गुरदासपुर), चरणजीत सिंह चन्नी (जालंधर), अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग (लुधियाना) और निर्दलीय सरबजीत सिंह खालसा (फरीदकोट) और अमृतपाल सिंह (खडूर साहिब) शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब से केवल एक ही महिला संसद पहुंच सकी।


### हरियाणा में भाजपा को पांच सीटों का नुकसान

**चंडीगढ़।** लोकसभा रिजल्ट में भाजपा को हरियाणा में झटका लगा है। 2019 के चुनाव में सभी 10 सीटें जीतने वाली बीजेपी को इस बार सिर्फ 5 ही सीटें मिलीं। भाजपा का लगातार दूसरी बार क्लीन स्वीप का सपना पूरा न हो सका। भाजपा को करनाल, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, गुरुग्राम और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से जीत मिली। जबकि कांग्रेस ने अंबाला, सोनीपत, हिसार, सिरसा और रोहतक सीट पर जीत दर्ज की। रोहतक से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

### जीत की शुभकामनाएं



टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



तेदपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू का स्वागत करते सांसद श्रीकांत लता एकनाथ शिंदे।



शिवगंगा निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद कार्ति पी. चिदंबरम प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए।

**विजय की बधाई** दुनिया भर के नेताओं ने लोकसभा चुनाव एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी शुभकामनाएं

# अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन बोले- भारत से दोस्ती और गहरी होगी

नयी दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली जीत को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की समेत विश्व के 75 से अधिक नेताओं ने निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री सुनक ने मोदी से फोन पर अलग-अलग बातचीत की।



**अमेरिका** : राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को उनकी जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई हो। पीएम मोदी और एनडीए के अलावा, बाइडन ने देश के 650 मिलियन मतदाताओं को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती और बढ़ रही है।



**सिंगापुर** : प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में राजग गठबंधन की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि वह अगले वर्ष दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारत के अपने समकक्ष के साथ मिलकर काम करने के आकांक्षी हैं।



**इटली** : प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा चुनाव में जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इटली और भारत की मित्रता को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे तथा विभिन्न मुद्दों पर सहयोग को और मजबूत करेंगे।



**मालदीव** : राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने संदेश में कहा कि वह मोदी के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। मुइज्जू ने एक्स पर कहा प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और भाजपा नीत राजग को 2024 के आम चुनाव में लगातार तीसरी बार सफलता मिलने पर बधाई। उन्होंने कहा कि साथ मिलकर काम करना चाहता हूं।



**ब्रिटेन** । प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और उन्हें लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। सुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टैक्स पर एक पोस्ट में कहा यूके और भारत के बीच सबसे गहरी मित्रता है और साथ मिलकर यह आगे भी बढ़ती रहेगी।



**यूक्रेन** : राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने भारत में दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों के सफलतापूर्वक संपन्न होने का स्वागत किया। उन्होंने कहा भारत के संसदीय चुनाव में लगातार तीसरी जीत पर मोदी, भाजपा और भाजपा नीत राजग को बधाई। मैं भारत के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना करता हूं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

बुद्धयो भयं प्रणुदति तपसा विन्दते महत्।
गुरुशुश्रूषया ज्ञानं शान्तिं योगेन विन्दति ॥

ज्ञान द्वारा मनुष्य का डर दूर होता है ,तप द्वारा उसे ऊंचा पद मिलता है ,गुरु की सेवा द्वारा विद्या प्राप्त होती है तथा योग द्वारा शांति प्राप्त होती है।

## संपादकीय

# गठबंधन की राजनीति

लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार गठन के मुद्दे पर एक बैठक में मंथन किया। बैठक में नरेंद्र मोदी राजग के नेता चुने गए। चुनाव परिणाम में राजग को बहुमत मिलने के साथ ही नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया था। साथ ही 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। अठारहवीं लोकसभा के लिए किसी भी एक दल को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। चुनाव परिणाम ने संदेश दिया है कि गठबंधन की राजनीति खत्म नहीं हुई है। भारतीय लोकतंत्र की जमीनी सच्चाई देश को गठबंधन की राजनीति की ओर ले जा रही है। यानि एक बार फिर देश में गठबंधन सरकार की वापसी हो रही है। गौरतलब है कि भारत में गठबंधन व्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता का प्रमुख कारण रही है। परंतु गत वर्षों में भारत की राजनीति में जो नया मोड़ आया है उसमें गठबंधन की सरकार को नकारा भी नहीं जा सकता। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वप्रथम गठबंधन सरकार की शुरुआत 1977 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार के गठन के साथ मानी जाती है। परंतु जनता पार्टी के घटक दल जनसाधारण के विकास एवं स्वयं के दलीय आधार को सुदृढ़ करने की अपेक्षा गठबंधन के भीतर अपने महत्व को लेकर अधिक संघर्षरत रहे, जिससे जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप पार्टी और सत्ता दोनों की अकाल मृत्यु हो गई। 1979,1989, 1990 और 1991, 1996 व 1997 में गठबंधन की सरकार बनी जो कार्यकाल पूरा करने से पूर्व की गिर गईं। कहा जा सकता है कि क्षेत्रीय दलों की भरमार ने देश को राजनैतिक अस्थिरता के दौर में पहुंचा दिया था।

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को अकेले ही बहुमत हासिल था और आसानी से दस साल तक सरकार चला पाई और अपने एजेंडे को लागू करती रही लेकिन अब गठबंधन की सरकार होगी। चुनावी नतीजे इशारा तो कर रहे हैं कि तीसरी बार भाजपा को सरकार चलाने में उतनी सुविधा नहीं होगी। इसके चलते भाजपा को अपनी प्राथमिकताओं से भी समझौता करना पड़ सकता है, क्योंकि उसे अपने एजेंडे को लागू करने के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर रहना होगा। क्षेत्रीय दल स्थानीय मुद्दों को बहुत ही प्रमुख स्थान देते हैं और सरकार की गलत नीतियों एवं मनमानी पर रोक लगाते हैं। मिली-जुली सरकार की सफलता के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल अहंवादी व्यक्तित्व और अनुशासनहीनता का त्याग कर सार्वजनिक नैतिकता के भाव को ग्रहण करें।

# बचना है तो बचा लो हिमालय



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक चमोली

कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है, उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

**हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है, जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा।**

पर्यावरण का संकट 21 वीं सदी में मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर उभर रहा है। हालांकि पर्यावरण का यह संकट इससे पहले की सभ्यताओं के आगे भी उनके अस्तित्व का सवाल खड़ा कर चुका है। हम जानते हैं कि हमारी सिंधु घाटी सभ्यता और मिस्र की नील घाटी सभ्यता तथा मेसोपोटामिया की दजला-फरात नदियों की सभ्यता,जो कि ईसा पूर्व लगभग 3000 वर्ष पूर्व अपनी उच्चता के शिखर को प्राप्त थी,जहां आज की नगरीय सभ्यता के समान सभ्यता मौजूद थी। जिसने वहां संसाधनों के अधिक दोहन,वृक्षों के अधिक कटान के परिणाम स्वरूप प्रकृति का संतुलन बिगाड़ा। परिणामस्वरूप बाढ़ आदि कारणों से यह विकसित सभ्यताएं नष्ट हो गई। पर्यावरण के महत्व का यह पहला सबक था।

इसी सबक का परिणाम हुआ सिंधु घाटी सभ्यता के बाद भारत में विकसित वैदिक सभ्यता ने प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रकृति को ही अपना देवता बना लिया। भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने बीते लगभग ढाई हजार सालों में प्रकृति का संरक्षण कर,अपनी सभ्यताओं का विकास किया। पशुपालन और कृषि सभ्यताओं में पर्यावरण के साथ एक बेहतर ताल-मेल बना रहा,लेकिन औद्योगिक क्रांति के बाद विकास का जो मॉडल सामने आया,रासायनिक गैसों का जो स्राव हुआ, उसने मात्र 100 साल के भीतर ही पर्यावरण का संकट खड़ा कर दिया। 5 जून 1974 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया, ताकि पर्यावरण के प्रति वैश्विक चेतना को विकसित किया जा सके,लेकिन बीते 50 वर्ष में पर्यावरण के वैश्विक हालात दिन पर दिन चिंताजनक होते गए हैं। पर्यावरण पर दो प्रकार का संकट है। एक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन का जिसका सीधा संबंध औद्योगिक विकास से है और दूसरा पारिस्थितिकी पर मार।

बीते सालों में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के सवाल पर सरकारों के मध्य सहमति भी बनी है। इसमें 1992 में रियो पृथ्वी सम्मेलन, 2015 का पेरिस समझौता जिसे 196 देशों ने स्वीकार किया, यह महत्वपूर्ण है। पेरिस समझौते में ग्रीन हाउस इफेक्ट को प्रभावित करने वाली छह गैसों को प्रतिबंधित किया गया है। पेरिस सम्मेलन में 21 वीं सदी के अंत तक वैश्विक औसत तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि ही रखने का संकल्प है,लेकिन मौजूदा हालात में जिस तेजी से गर्मी बढ़ती जा रही है, उसमें 2030 से 2050 के मध्य ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि हो जाने के आसार हैं जिसके परिणाम स्वरूप दो मीटर तक समुद्र का जल स्तर बढ़ जाएगा और तटीय क्षेत्र डूबने से संकट में होंगे।

विश्व में पर्यावरण की सबसे बड़ी चिंता हिमालय क्षेत्र में है,क्योंकि हिमालय ही न केवल भारत को,बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया की आर्थिक की एवं भूगोल को नियंत्रित करता है। हिमालय जिसमें आंशिक चीन,पाकिस्तान ,अफगानिस्तान, नेपाल,भारत और भूटान सहित छह देशों में लगभग 2100 किलोमीटर लंबाई व 150 से 400 किलोमीटर तक की चौड़ाई वाला हिमालय शामिल है,जो कि 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और दुनिया का सबसे बड़ा हिम क्षेत्र है। हिमालय में 110 से अधिक चोटियां जिनकी ऊंचाई 7300 मीटर से अधिक है, मौजूद हैं। इन उच्च हिम शिखरों में अभी मानव की पहुंच नहीं है। हिमालय में 15 हजार से अधिक छोटे-बड़े ग्लेशियर हैं।

हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा संकट गहरा रहा है। एक ग्लेशियरों का तेज पिघलना,जंगलों का कटना, मिट्टी का अधिक तेजी से बहना, इन सब कारणों से गर्मी का बेतहाशा बढ़ना। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि सदी की शुरुआत से लेकर अब तक हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने की दर दोगुनी हो गई है,पिछले चार दशकों में एक चौथाई से ज्यादा बर्फ पिघल चुकी है। तेजी से बर्फ पिघलने की दर इस क्षेत्र के लिए "विनाशकारी" भविष्य की ओर इशारा करती है,जिस पर एक अरब लोग नियमित पानी के लिए निर्भर हैं।

प्रतिवर्ष 8 लाख घन मीटर बर्फ पिघल रही है जिसकी भरपाई नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष ग्लेशियर की ऊंचाई पांच मीटर कम हो रही है। ग्लेशियरों के पिघलने की जो दर 1975 से 2000 तक 22 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष आंकी गई थी,वह 2000 से 2016 के बीच बढ़कर 43 सेंटीमीटर प्रति वर्ष हो गई है। 2000 से 2016 के मध्य औसत तापमान में भी एक डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि देखी गई। कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय पर पड़ रहे इस पारिस्थितिकी दबाव के परिणाम स्वरूप हिमालय क्षेत्र में मौजूद 30 लाख झरनों से आधे झरने सूख रहे हैं अथवा मौसमी हो गए हैं जिससे न केवल हिमालय क्षेत्र में,बल्कि संपूर्ण भारत में पेयजल का संकट बढ़ता दिख रहा है। उच्च हिमालय क्षेत्र में बर्फ के पिघलने का सबसे महत्वपूर्ण कारण जंगलों के प्रति हमारी उपेक्षा भी है। वर्ष 2019 में उत्तर-पूर्व के हिमालयी राज्य जिन्हें हम सेवन सिस्टर के नाम से जानते हैं,में 1108 वर्ग किलो मीटर वन क्षेत्र कम हुआ है। वनों के अनियंत्रित दोहन से ग्लेशियरों के साथ ही हिमालय में मिट्टी का क्षरण भी चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। उत्तराखंड हिमालय में 48.3 प्रतिशत भाग में मिट्टी का कटाव औसत 11.2 टन प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष से अधिक है। कुल मिलाकर हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा हमला हो रहा है। हिमालय में खतरा बढ़ने के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया में जिसमें भारत भी शामिल है, सामान्य जनजीवन खतरे में पड़ गया है। इस वर्ष देश के आधा दर्जन शहरों में तापमान 50 डिग्री के पार चला गया और देश की राजधानी दिल्ली भी करीब-करीब 50 डिग्री में ही पहुंचकर मानी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है,जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा। आसान उपाय वृक्षारोपण को जीवन पद्धति बना लेना है। इस वर्ष हम चिपको आंदोलन की 50 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उत्तराखंड से जन्मे इस ऐतिहासिक आंदोलन ने पूरे विश्व पटल पर पर्यावरण की चेतना का विस्तार किया। हमें उम्मीद है कि हम इस वर्ष फिर पर्यावरण बचाने की दिशा में हम कुछ बड़े कदम उठाएंगे।

## प्रसंगवश

# भाजपा को भारी पड़ी अपनों की उपेक्षा

2024 के परिणाम एक सबक हैं,जो 400 पार का नारा लगा रही थी उस भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। हालांकि एनडीए को बहुमत मिल गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जो भाजपा का महत्वपूर्ण एवं स्थापित गढ़ माना जाता है। उस घर में मोदी का सिर्फ डेढ़ लाख वोटों से जीतना, कई बड़े चेहरों का हारना एवं भाजपा को आधी सीट भी न मिलना चिंता का विषय है। इसको समझने के लिए समग्र परिदृश्य को समझना होगा।

एक समय अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोध का आंदोलन क्रांति के रूप में पूरे देश ने देखा। उस आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन करके दिल्ली के मुख्यमंत्री की शपथ लेकर अपनी पुरानी शपथ को दरकिनार कर दिया। इस पूरे परिदृश्य में एक तरफ कांग्रेस का पतन हो रहा था तो दूसरी तरफ देश में क्रांति की बयार चल रही थी। इसी बीच गुजरात मॉडल से चर्चित हुए नरेंद्र मोदी देश में लोकप्रिय होने लगे। देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। आते ही मोदी ने अपनी कार्यशैली से लोगों के उत्साह को बढ़ाना शुरू कर दिया। उनके समकक्ष उनके ही दल के राजनेताओं के कद उनके सामने बौने होने लगे। विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनने लगीं। अटल जी की नैतिकता की नीतियों से इतर यह एक नई भाजपा थी,जो नैतिकता नहीं सत्ता को प्राथमिकता दे रही थी।



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

2019 आते-आते भाजपा से उसके मतदाता की अपेक्षा बढ़ने लगी। इस दौरान भाजपा में बाहर से लोग आने शुरू हो चुके थे। यह वह लोग थे जिनको हराकर या जिनसे संघर्ष करके भाजपा का मूल कार्यकर्ता दल को मजबूत करने का आधार बना था। इनके आने से मूल कार्यकर्ता निराश होने लगा। 2014 में गुजरात के अमित शाह को जब उत्तर प्रदेश की कमान दी गई तो उन्होंने अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए 73 सीटें दिलवा दी थीं। बाहर के किसी व्यक्ति को किसी प्रदेश की कमान देने का प्रयोग सफल था। इसी तर्ज पर प्रांत और जिले स्तर पर बाहरी व्यक्ति को प्रभारी बनाया जाने लगा। धीरे-धीरे हर कला में पारंगत और आर्थिक संसाधनों से पूर्ण यह वर्ग मूल संगठन में पैठ बनाने लगा। मोदी के प्रथम कार्यकाल में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अनेक नेता दूसरे कार्यकाल में चर्चित नहीं दिखे। नितिन गडकरी शांत रहकर अपना कार्य करते रहे। राजनाथ सिंह ज्यादा बयानबाजी करते नहीं दिखे। रविशंकर,स्मृति ईरानी,वसुंधरा राजे, शिवराज चौहान सहित अनेक नेता सिर्फ अपने कार्यों तक सीमित रहे। सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, मनोहर पर्रीकर आदि स्वर्ग सिधार गए।

भारत अमेरिकी तर्ज पर पूंजीवाद का बड़ा बाजार बन गया। गूढ़ चिंतन मनन करने वाले लोगों का स्थान सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर नाचने गाने वाली पीढ़ी ने ले लिया। मीडिया संस्थानों में कारपोरेट का आर्थिक हस्तक्षेप बढ़ने से निष्पक्षता से ज्यादा पक्ष या विपक्ष के प्रवक्ता होने की होड़ लग गई। यह एक नया भारत था जिसमें अब विमर्श का स्थान नहीं था। इसमें वाद विवाद,आरोप प्रत्यारोप और धार्मिक विषयों को मूल विषयों से प्रतिस्थापित कर दिया गया। एक तरफ देश का नेतृत्व अपने विचार को स्थापित करते चला रहा था तो दूसरी तरफ देश का युवा भविष्य चिंतन-मनन से इतर मनोरंजन और बाजार के हाथों खेलने लगा था। अब बाजार में सब कुछ बिक रहा है। सब कुछ उपलब्ध है। पद, पैसा, प्रतिष्ठा सब कुछ प्राप्त हो जाएगा,बस आपके पास धन होना चाहिए। कितने व्यवस्थित तरीके से पिछले दो-तीन दशक में भारत एक बाजार के रूप में स्थापित कर दिया गया।

अब 2024 में नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करते दिख रहे हैं। इस बार भाजपा नहीं एनडीए पूर्ण बहुमत में है। 400 पार का आंकड़ा बहुत दूर रह गया है। इसकी वजह सिर्फ मोदी नहीं है। मोदी की टीम से जुड़े लोगों का वह अहंकार है जिसका आत्मचिंतन उन्हें करना ही होगा। लक्ष्य से कम सीटों पर,जो मुद्दे बौद्धिक गिनवा रहे हैं वह हैं कि हिंदू जातियों में बंट गया,मुसलमान ने वोट नहीं दिया,विदेशी ताकतों ने खेल किया और गर्मी बहुत थी तो मतदाता बाहर नहीं निकला। जबकि कुछ वास्तविक तथ्य जो इन नतीजों का सत्य हैं वह है टिकट वितरण में आलाकमान का अहंकार,जमीनी सूचना तंत्र के स्थान पर लाभार्थी रिपोर्टरों पर ऐतबार, स्थानीय नेताओं का तिरस्कार, सरकार में हर स्तर पर चाटुकार एवं भ्रष्ट नौकरशाही की बेलगाम रफ्तार है। अपने लोगों की उपेक्षा के कारण विचार परिवार का मौन प्रहार भी एक वजह रही।

# बड़े-बड़े दावों की खुली पोल



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

**उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है, यही जनता जनार्दन का फैसला है।**

आखिर लोकसभा चुनाव के परिणाम आ गए और देश ने देखा कि एग्जिट पोल और चार सौ पार की पोल खुल गई। बड़े-बड़े नेताओं के बड़े-बड़े बोल धरे के धरे रह गए और जनता ने अपना जनादेश सुना दिया। जिस राम मंदिर में जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा कर कांग्रेस को निमंत्रण ठुकरा देने पर कोसा गया,उसी अयोध्या में हार पचाना कोई आसान नहीं। यह हार हजम नहीं होने वाली। उत्तर प्रदेश में यह बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला। सबसे बड़ी बात कि बसपा प्रमुख मायावती का प्रभाव बिल्कुल जीरो पर पहुंच गया।

एक समय मायावती, जयललिता और ममता बनर्जी तीन देवियां बहुचर्चित थीं, लेकिन जयललिता रही नहीं और मायावती दस साल तक जनता के पक्ष में कहीं दिखी नहीं तो जीरो पर आ गईं। बस,एक ममता बनर्जी ने अपनी साख बरकरार रखी और पश्चिमी बंगाल में अकेली ही डटी रहीं और भाजपा के अश्वमेध घोड़े को थाम लिया। उत्तर प्रदेश में कहा जा रहा है कि बसपा का वोट बैंक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की ओर खिसक गया यानी बहन मायावती के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। कांशीराम का संघर्ष बेकार कर दिया।

एक समय जो प्रधानमंत्री पद की दावेदार बन गईं थीं,वही मायावती इस तरह कठपुतली मात्र बनतीं दिखीं जिससे इनके समर्थकों का दिल टूट गया। महाराष्ट्र की बात करें तो जिस अघाड़ी सरकार को गिराया था उसी अघाड़ी सरकार के दलों को लोगों ने चुन लिया। इस तरह सरकारें गिराने का जवाब जनता ने वोट से दिया। ऐसा ही जवाब चंडीगढ़ में भी मिला,वहां भी मेयर चुनाव में जो खेला किया गया था,जनता ने उसे नकारते कांग्रेस के मनीष तिवारी को चुनना बेहतर समझा। हिमाचल में भी जो कांग्रेस के छह विधायक भाजपा के साथ हिमाचल सरकार गिराने गए थे और अयोग्य घोषित कर दिए गए थे,वे भी दोबारा चुनाव में उतरे जिनमें से चार चुनाव हार गए यानी उनको लोगों ने दलबदल की सजा दे दी और इस तरह हिमाचल सरकार को जीवनदान मिल गया। आपातकाल की बड़ी महिमा कर भाजपा ने ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया था,जो जेल में रहे थे,लेकिन खुद अघोषित आपातकाल लगाने का खामियाजा भी भुगतना पड़ा इस बार चुनाव में।

यह ईडी, सीबीआई और निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं को तोते बना देना भी जनता को रास नहीं आया। कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ नारा काम करता दिखा और लोगों ने लोकतंत्र बचाने की कोशिश की,जो चेतावनी जैसा परिणाम आ गया। अब तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और बिहार के सुशासन बाबू यानी नीतीश कुमार के हाथ में सत्ता का संतुलन चला गया है। भाजपा अपने दम पर सरकार नहीं बना रही। अब इसे चंद्रबाबू और नीतीश कुमार के सहारे की कदम-कदम पर जरूरत रहेगी और ये दोनों कभी भी पलटी मारने के लिए जाने जाते हैं यानी एक अनिश्चितता तो सिर पर सवार रहेगी। सबसे बड़ी बात कि वह खुला हाथ नहीं रहेगा शासन में,जो पिछले दस साल तक रहा।

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है। कभी आपातकाल के बाद का चुनाव याद कीजिए और सोचिए कि आपातकाल के विरोध में कैसे इंदिरा गांधी और चौ बंसीलाल तक को धरती पर ला दिया था जनता ने, कुछ ऐसा ही अंडर करंट था इस बार,जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भांपने में असफल रहा,वैसे ही जैसे आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी अनुमान नहीं लगा पाई थीं। जनता जनार्दन का फैसला, इसके आगे नतमस्तक चाहे इंदिरा गांधी हों या फिर कोई और इसके आगे नतमस्तक होना पड़ता।

## सोशल फोरम

# देश को एक बड़ी राहत मिली

**इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है।**

देश ने चुनाव नतीजों से राहत पाई है,पर स्थानीय लड़ाइयों को भारत की लड़ाई में बदलना अभी बाकी है। यह देश का पहला चुनाव है,जब अभूतपूर्व ढंग से सर्वाधिक लोकसभा सीटें पाने वाले दल का मोरल टूटा हुआ है और अपेक्षाकृत काफी कम सीटें पाने वाले विपक्षी दल का मोरल ऊंचा उठा हुआ है। यह चुनाव फल सांप्रदायिक प्रचार में बह गए हजारों हिंदुओं को यह सोचने के लिए प्रेरित करेगा कि सत्ता के लोभ में धर्म और धार्मिक विद्वेष को राजनीतिक हथियार बनाना। इतिहास पर हमला और गांधी का लगातार अपमान कहां तक उचित है? देश ने एक बड़ी राहत पा ली है, जो जनता में प्रेम,स्वतंत्रता और न्याय की भूख बचे होने का प्रमाण है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है। फिर भी इस चुनाव फल से यह समझ लेना गलत है कि सांप्रदायिक फासीवाद का खतरा टल गया। पिछले 10 सालों में सामाजिक खाइयां पर्याप्त चौड़ी कर दी गई हैं,विद्वेष का जहर कहीं-कहीं खून में शामिल हो चुका है। यह स्वीकार करना चाहिए कि धार्मिक पागलपन का अंत नहीं हुआ है,वह सिर्फ घायल हुआ है। यदि विपक्ष का गठबंधन अपने मतभेदों से उबरकर एक बड़ी वैचारिक समरसता के साथ,कुछ बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम लेकर और अपने को थोड़ा और सुधार करके सामने नहीं आता तो इस देश की सांस्कृतिक जमीन में पिछले 100 सालों से बोया जा रहा जहर फिर बड़ा असर दिखा सकता है। विपक्ष के गठबंधन को मनबंधन बनना होगा। लोकसभा की 240 सीटों पर जीत को हल्के से नहीं लेना चाहिए। अभी स्थानीय लड़ाइयों को भारत की एक बड़ी लड़ाई में बदलना बाकी है,जो कुछ अधिक दिमागी खुलेपन और अधिक गहरी एकता की मांग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सत्ता की लाठी छीन लेती है आस्था

वर्ष 1350 ईसा पूर्व, मिस्त्र देश में फराओ 'अखनातेन' का शासन काल था। इन्होंने अपने नाम के आगे अपने देवता का नाम सजाया था। 'आतेन' देवता को मानते हुए अखनातेन ने पूर्व काल में जनसामान्य में प्रचलित 'अमूम' नामक देवता के उपासक द्वितीय दर्जे के नागरिक माने जाने लगे। राजा केवल अतेन उपासकों का राजा बना हुआ था। तकरीबन सत्रह साल के अपने शासन काल में उसने धर्म आधारित राज्य चलाने की जबरदस्त कोशिश की। फिर उसके पुत्र का शासन काल आया,जिसे इतिहास तूतेन खामेन के नाम से जानता है।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

तूतेन मिस्त्र के सर्वाधिक प्रसिद्ध फराओ में से एक है। इनकी ममी दुनियाभर में शोध का विषय रही है। तूतेन ने पुराने प्रचलित धर्म की पुनर्स्थापना की। प्रचलित सौर देव एमूम अथवा आमेन को पुनः प्रतिष्ठित किया। जनता के मन से धर्म का दबाव हटा दिया। उसे स्वाभाविक जीवन एवं स्वाभाविक परंपरागत अभ्यास करने से न तो रोका गया और न ही राज्य की ओर से प्रेरित किया गया। राज्य अपना काम करता रहा और जनता अपना। तूतेन की कार्यशैली ने उसे आज तक का सबसे महान फराओ बनाया। एक और देश का इतिहास बांच लेते हैं। ब्रिटेन में 1653 से 1658 का काल खंड जब राजा चार्ल्स से दुखी जनता को ओलिवर क्रोमवेल में अपना नेता दिखाई दिया। ये समय इंग्लैंड में प्यूरिटन काल कहलाया। प्यूरिटन जो प्योर अर्थात् शुद्ध माने जाते थे। ये सब विशुद्ध धार्मिक लोग थे। किसी भी साज श्रृंगार, काव्य, रसमय अभिव्यक्ति के पुरजोर विरोधी थे। इनके समय में नाटक और साहित्य अभिव्यक्ति के माध्यम हुआ करते थे,जिन पर राज्य का कठोर अंकुश था। जनता मनोरंजन के साधनों का प्रयोग नहीं कर सकती थी।

ओलिवर की मृत्यु के बाद उनके बेटे रिचर्ड ने शासन संभाला जिन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। वह भी ओलिवर के पूर्व जनरल मोनक के द्वारा। 1660 में वही सरकार जिससे सब नाखुश थे रोयलिस्ट चार्ल्स की सत्ता आ गई। धर्म की रफ्तार हल्की पड़ गई। मानवीय आकांक्षा ये धर्म पर भारी साबित हुई। ओलिवर के शव को जो सालों पहले हीरो की तरह दफनाया गया था,कब्र से निकाल कर चौराहे पर लटका कर उसके सिर को धड़ से अलग किया गया। धर्म के प्रति ये कैसी अनासक्ति प्रकट हो गई? आज जब राम की नगरी की सीट की खबर सुनी तो बरबस ही बहुत सारे देशों का इतिहास दिमाग में उछलने लगा। आस्था,सत्ता पर हावी होती है पर जब-जब सत्ता आस्था की लकीर पीटती है। आस्था सत्ता की लाठी छीन लेती है। धर्म केवल धर्म के लिए हो सकता है,चुनाव के लिए मुद्दे पुराने ही चलेंगे।

# चुनावों के निहितार्थ

राजनीति चंचल होती है। यहां स्थायित्व नहीं होता। हार-जीत चुनावी राजनीति का अहम हिस्सा है। यही लोकतंत्र को प्राणवान और जीवंत बनाता है। सियासी दलों और नेताओं को लोकप्रियता,विश्वसनीयता और स्वीकार्यता घटती- बढ़ती रहती है। एक बार जनता का विश्वास खोने वाला दल अथवा नेता अगली बार पुनः जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त कर सकता है। सियासत में विश्वसनीयता स्थायी भाव नहीं होता है। इसके उलट तटस्थता, निष्पक्षता और जनपक्षधरता पत्रकारिता के बुनियादी तत्व हैं। यदि एक बार पत्रकारिता की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई उसे दुबारा पाना मुश्किल होता है।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं। इन चुनावों में किसी राजनीतिक दल की स्वीकार्यता कुछ बढ़ी,किसी की थोड़ी बहुत घटी। जिन सियासी दलों की घटी,उनकी अगले चुनाव में बढ़ सकती है। जिनकी बढ़ी, संभव है कि अगले चुनाव में कम हो जाए,लेकिन पत्रकारिता के पेशे की विश्वसनीयता को पहुंची क्षति की भरपाई संभव नहीं है। पत्रकारिता के लिहाज से इस चुनाव का परिणाम यह है कि तथाकथित मुख्यधारा के खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता रसातल में पहुंच गई। सुखद पक्ष यह है कि मुख्यधारा के खबरिया चैनलों के बरअक्स सोशल मीडिया की विश्वसनीयता एवं लोकप्रियता में कई गुना उछाल आया है। आने वाला वक्त सोशल मीडिया का है।

# नष्ट होते जंगल

हाल में उत्तराखंड में जंगलों की आग भारी चिंता का विषय है। अखबारों की खबरों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि जंगल की आग बुझाने का रवैया उदासीन है,जिन अग्निशमन कर्मचारियों को इस काम में लगाना था,उनकी चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार के मुख्य राज्य सचिव को तुरंत कोर्ट में हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है,सुप्रीम कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग की विशिष्ट छूट के बाद भी वन विभाग के कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी कैसे लगा दी गई? उल्लेखनीय है कि अब से दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड में जिम कार्बेट पार्क में पेड़ों के कटान और अवैध खनन मामले में तल्ख टिप्पणी कर चुका है। अब जब 40 प्रतिशत वन क्षेत्र आग की चपेट में है तो इसे बचाने के लिए जिम्मेदार और भविष्य में आग की घटनाओं को रोकने और जंगलों को बचाने के लिए क्या सुप्रीम कोर्ट सख्त कदम उठाने के मूड में है या जंगल यों ही काटे जाते रहेंगे? निरंतर कम होता जा रहा वन क्षेत्र पर्यावरण चिंता का विषय बना हुआ है। पृथ्वी पर मौजूद पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से 46 प्रतिशत पेड़ समाप्त किए जा चुके है,420 बिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र ही धरती पर शेष हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय वन क्षेत्र नीति के अनुसार 33.3 प्रतिशतभी भाग पर वन होने चाहिए,किंतु मात्र 19.5 प्रतिशत भाग पर ही वन रह गए हैं,जो एक गंभीर बात है। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाना और उन्हें आग से बचाया जाना बहुत जरूरी है अन्यथा पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकना,पर्यावरण को और वन जीवों को बचाना नामुमकिन हो जाएगा। पर्यावरण को बचाना भी हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## आचार संहिता खत्म होते ही शुरू होगी साइबर थानों में भर्ती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बड़े पैमाने पर साइबर अपराध से जूझ रहा पुलिस विभाग जल्द ही थानों पर कार्मिकों की भर्ती करने जा रहा है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि विभाग ने बाकी संसाधनों को थानों तक पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। प्रदेश में पुलिस विभाग ने 57 थाने स्थापित कर दिए हैं। इन थानों पर लगभग सभी संसाधन पहुंचाएं जा चुके हैं। सिर्फ कार्मिकों की तैनाती होनी बाकी थी। इसके लिए गृह विभाग ने कार्मिकों की भर्ती का आदेश दिया था, लेकिन इसी बीच चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। कुल 1425 पदों पर पुलिस कार्मिकों की भर्ती होनी थी, लेकिन गृह विभाग ने चुनाव होने तक रोक लगा दी। अब जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का विचार किया जा रहा है। ताकि जल्द स जल्द थानों का कार्य संचालन हो सके। साइबर थानों की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिन जिलों में अभी थाने नहीं खुल पाए हैं वहां पर पुलिस लाइनों में जगह चिन्हित कर थाने तैयार करने के आदेश दिए गए हैं।

# देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसी भाषा का प्रयोग उचित नहीं

## सैन्य संस्थानों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय वायुसेना स्टेशन में घुसपैठ के आरोपी नेपाली नागरिक को जमानत पर रिहा करते हुए अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि सुरक्षा के उद्देश्य से सशस्त्र बलों के परिसर में अतिक्रमणकारियों को प्रवेश की अनुमति नहीं है, लेकिन 'देखते ही गोली मार दी जाएगी' जैसी भाषा का इस्तेमाल कानून की दृष्टि में उचित नहीं है। विशेषकर जब सशस्त्र बलों की स्थापना सार्वजनिक स्थान पर हो, जहां आमजनता विशेषकर बच्चे आते-जाते रहते हों। इस तरह के शब्दों का बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए केंद्र सरकार को इस तरह के शब्दों को लिखने में सावधानी बरतनी चाहिए।

कोर्ट ने इस बात से सहमति जताई कि हर किसी को रक्षा परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन अतिक्रमणकारियों को गोली मार दी जाएगी और देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसे संदेशों के बजाय हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने इस साल फरवरी में नशे की हालत में अवैध रूप से वायुसेना स्टेशन में प्रवेश कर गए नेपाली नागरिक एतबीर लिंबू को सशर्त जमानत देते हुए की।

याची के खिलाफ आईपीसी और शासकीय गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धाराओं के तहत थाना पुरामुफ्ती, प्रयागराज में मामला दर्ज कराया गया था। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आवेदक गरीब परिवार से है और नौकरी के उद्देश्य से भारत आया है। घटना वाले दिन नशे की हालत में वह मनौरी वायुसेना स्टेशन में प्रवेश कर गया।

हिंदी का ज्ञान न होने और पहचान पत्र खो जाने के कारण वहां तैनात सैनिकों को अपना ठीक से परिचय नहीं दे पाया। याची के अधिवक्ता ने आगे बताया कि परिसर में प्रवेश करने का उसका कोई गलत इरादा नहीं था। याची के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है, फिर भी सभी पहलुओं पर विचार किए बिना जांच अधिकारी ने याची के खिलाफ आरोप-पत्र जारी कर दिया। इस पर कोर्ट ने सरकार से रक्षा भूमि पर अवैध घुसपैठ, अतिक्रमण और अनाधिकृत पहुंच को रोकने के लिए उठाए गए उपाय की जानकारी मांगी थी, जवाब में वायुसेना ने अपने हलफनामे में कोर्ट को बताया पठानकोट एयरबेस और उरी आर्मी बेस पर आतंकवादी हमले के बाद रक्षा प्रतिष्ठानों/स्टेशनों की भौतिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं।

## मेरठ में स्वीमिंग पूल पर युवक की हत्या हमलावर फरार

**मेरठ, एजेंसी :** जिले के लोहियानगर क्षेत्र के एक स्वीमिंग पूल पर युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोली चलते ही स्वीमिंग पूल पर नहाने आये लोगों में भगदड़ मच गई। वारदात के बाद आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गये। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने मंगलवार रात हुई इस घटना के बारे में बुधवार को बताया कि मृतक का नाम अरशद (30) है। जैदी फार्म निवासी अरशद थाना नौचंदी क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर था और उस पर 18 मुकदमे दर्ज थे। लोहियानगर क्षेत्र के एक स्वीमिंग पूल पूल में नहाने के दौरान अरशद का बिलाल नाम के युवक के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते बिलाल ने गोली चला दी जिससे अरशद की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी हमलावर बिलाल पर भी हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोपों में मुकदमे दर्ज हैं। मृतक के परिजनों की तरफ से हमलावर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## ग्रीन वॉल का बुरा हाल



हरियाली है धरा का भूषण, करती है ये दूर प्रदूषण... पर नगर निगम को इससे वास्ता नहीं। कानपुर के लाल इमली चौराहे पर वर्ष 2022 में नगर निगम ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए यह ग्रीन वॉल बनाई थी जिसमें छोटे-छोटे गमले लगाकर पौधे लगाए गए थे। पर्यावरण दिवस पर इनकी हालत देख लीजिए। हरियाली कब की खत्म हो चुकी और सूखे पौधे नगर निगम की सक्रियता की पोल खोल रहे हैं। फोटो - मनोज तिवारी

## हत्या के दोषी तीन सगे भाइयों समेत पांच को उम्रकैद

**बलिया, एजेंसी :** यहां की एक अदालत ने हत्या के चार वर्ष पुराने एक मामले में बुधवार को तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों को उम्रकैद की सजा सुनायी। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि हल्दी थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव में सात सितम्बर 2020 को शिव जी यादव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के समय शिव अपनी पत्नी के साथ दवा लेने के लिए जा रहा था। इस मामले में शिव की पत्नी राज मुनी देवी की तहरीर पर तीन सगे भाइयों लाल जी यादव, छागुर यादव और सरल यादव के साथ-साथ अजय यादव और उसके पिता छोटक यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। अदालत ने सभी आरोपियों को हत्या का दोषी करार देते हुए उन्हें सजा सुनायी।

## फिर बढ़ी बिजली की मांग, 29 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग फिर बढ़ गई। बुधवार को अधिकतम बिजली मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति काबू में की गई। जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना रहा।

बीते दिन तापमान में कुछ कमी आने के कारण मांग में कुछ कमी आ गई थी। अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मांग फिर अचानक बढ़ गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार मांग बढ़ने पर एनर्जी एक्सचेंज से आयात बढ़ाकर मांग पूरी की गई। आने वाले दिनों में मांग के और बढ़ने की संभावना को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बीते एक जून को बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया था। बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इससे पहले 29 मई को बिजली की अधिकतम मांग को 29,077 मेगावाट दर्ज हुई थी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि तापमान में कभी कमी व बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण बिजली की मांग भी घट-बढ़ रही है। भारी मांग के कारण 30 हजार मेगावाट तक मांग के पहुंचने की संभावना को लेकर पूरी तैयारी की गई है।

# अब पंचायतें ऑनलाइन भरेंगी बिजली का बिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतें सरकारी संपत्तियों में बिना बिल जमा किए बिजली नहीं जला पाएंगी। बिल नहीं मिले या फिर गड़बड़ मिले यह प्रधान व सचिव का बहाना नहीं चलेगा। जो भी बकायेदारी है वह पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन जमा की जाएगी।

इस तरह से प्रदेश की 57,754 ग्राम पंचायत पर करीब 22 अरब की बकायेदारी बताई जा रही है। इसे वसूलने के लिए बिजली विभाग ने पंचायती राज विभाग के साथ खर्च बिजली का आकलन किया है। साथ ही ब्लॉकों के विभागीय पोर्टल पंचायती राज डेवलपमेंट (पीडीए) पर लाखों रुपये के बिल अपलोड किए हैं। जिनका खंड विकास अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों से सत्यापन कराकर ऑनलाइन जमा करेंगे। यदि बिल में गड़बड़ी होगी तो उसमें विभाग सुधार करेगा। बिजली विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों को लॉगिन आईडी व पासवर्ड दिए हैं। इसी आईडी पर हर माह बिल आएंगे और इसी से जमा होंगे।

### नहीं कर पाएंगे बिजली चोरी, लेंगे कनेक्शन

ग्राम पंचायतों की ज्यादातर सरकारी संपत्तियों पर बिजली कनेक्शन नहीं हैं। जहां कनेक्शन हैं तो वहां मीटर खराब हैं। चोरी से बिजली भी जलाई जाती है और ऑफलाइन व्यवस्था के तहत बिजली बिल का पता नहीं चलता है। इसे रोकने के लिए बिजली विभाग के आग्रह पर पंचायती राज विभाग ने ऐसी संपत्तियों का सर्वे कराया कर रिपोर्ट जुटाई है। जहां बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे और मीटर ठीक किए जाएंगे।

## नदी में डूबने से तीन भाइयों की मौत

**रानीगंज(प्रतापगढ़), अमृत विचार :** सई नदी में नहाने गए बुधवार को दो सगे व एक मौसेरे भाइयों समेत तीन किशोरों की मौत हो गई। लालगंज क्षेत्र के अजगरा रानीगंज, बहुंचरा गांव निवासी सीमा दुबे, आदर्श दुबे(14) व आदित्य दुबे (12) के साथ अपने मायके रानीगंज के मऊ डंडियां गांव संजय कुमार तिवारी के घर दोनों बेटों के साथ सोमवार को आई थी। वहीं किशुनगंज कांपा निवासी 16 वर्षीय शिवा पांडेय भी मां संगीता पांडेय के साथ मंगलवार को नाना के घर गर्मी की छुट्टी बिताने आया था। दोपहर में आदर्श अपने भाई आदित्य और मौसी के बेटे शिवा पांडेय के साथ बाग में घूमने निकले। इसके बाद तीनों नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। डूबने से दो सगे भाई सहित तीनों किशोरों की मौत हो गई। दोपहर करीब तीन बजे घाट पर दोनों भाई आदर्श व आदित्य का शव पानी में उतराता दिखाई दिया। कुछ दूरी पर शिवा पांडेय का भी शव मिल गया।

## पति की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारी के रूप में माता-पिता को वैवाहिक विवादों में कार्यवाही का अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवादों में पति की मृत्यु के बाद विधिक उत्तराधिकारी के प्रश्न पर विचार करते हुए कहा कि पति की मृत्यु के बाद हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 11 के तहत विवाह को शून्य घोषित करने के लिए दाखिल किए गए आवेदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाने का अधिकार सीपीसी के आदेश के अनुसार माता-पिता को है।

उक्त अधिनियम की धारा 11 के तहत पारिवारिक न्यायालय के समक्ष लंबित कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए माता-पिता को मृतक के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में प्रतिस्थापित करने के प्रश्न पर कोर्ट ने माना कि वैवाहिक मामलों में संपत्ति के अधिकार भी शामिल होते हैं, जहां एक पक्ष द्वारा विवाह को शुरू से ही शून्य घोषित करने की मांग की जाती है। ऐसे में मृतक के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में माता-पिता को प्रतिस्थापित किया जा सकता है और कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने शताक्षी मिश्रा की प्रथम अपील को खारिज करते हुए पारित किया, जिसमें अपीलकर्ता ने अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी और उसने बतौर विधिक उत्तराधिकारी मृतक के माता-पिता द्वारा विवाह को शून्य घोषित करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाने का विरोध किया था।

## वर्ग पहेली-92

**बाएं से दाएं**

1. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

4. 1. वह राजकीय अधिकारी जिसे फ़ौजदारी या आपराधिक अभियोगों को सुनने और विचार करने तथा अपराधियों को दंड देने का अधिकार होता है 2. न्यायाधीश, (मजिस्ट्रेट)।

6. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।


7. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

2. जिसका संस्कार हुआ हो।

3. गुंडागर्दी, गुंडाराज।

5. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।




### वर्ग पहेली -91 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | दी | खा | | 2 नि | | |
| थि | | | 3 पे | शा | चि | 4 क |
| मा | | | | च | | च |
| 5 स | रे | बा | ज़ा | र | | पें |
| | | | | | | दि |
| | | | | 6 प | नि | या |
| 7 सं | सू | च | क | | | |

## मुख्यमंत्री ने जन्म दिन पर किया पौधरोपण



**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर पौधरोपण किया। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिये कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

# 300 करोड़ का भुगतान, फिर भी गरीब बच्चे प्रवेश को परेशान

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट स्कूल

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के लिए सरकार की ओर से पिछले सत्र का करीब 300 करोड़ रुपये फीस भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद भी शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए चयनित 50 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश लेने में निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं। जहां प्रवेश लिए जा रहे हैं वहां किसी न किसी मद में भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

आरटीई अधिनियम कहता है कि फीस प्रतिपूर्ति का पैसा सरकार देती है ऐसे में कोई शुल्क निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं ले सकते हैं। कई बार बच्चे का साल न बर्बाद हो इस डर से एडमिशन फीस अभिभावक चुका भी देते हैं फिर भी किसी न किसी मद में अवैध धन उगाही जारी है।

हालात ये हैं कि गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने वाली हैं और आरटीई के तीन चरणों की लाटरी खुल चुकी है लेकिन 50 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश निजी स्कूलों ने नहीं दिया है। मनमानी के चलते पिछले सत्र में भी हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए थे। अभिभावकों से स्कूल प्रबंधक आवेदन और फार्म का शुल्क मांग रहे हैं। वार्षिक समारोह-प्रतियोगिताओं के नाम पर भी शुल्क मांगा जा रहा है।

### 55 हजार स्कूलों में दो लाख सीटों पर प्रवेश का लक्ष्य

प्रदेश भर के 55 हजार से अधिक निजी स्कूलों में इस बार दो लाख बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं आरटीई के 3 चरणों में 1,52,993 बच्चों का चयन हुआ है। आरटीई के चौथे चरण में एक जून से 20 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। सत्यापन 21 जून से 27 जून तक होंगे। लॉटरी 28 जून को निकलेगी।

### 18 हजार चयनित, प्रवेश सिर्फ 8 हजार को

तीन चरणों में अब तक अकेले लखऊ में 18 हजार बच्चे चयनित हुए लेकिन प्रवेश 8 हजार बच्चों को ही मिल पाया।10 हजार बच्चों के अभिभावक निजी विद्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं।

## भीरा में युवक को शारदा नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

**भानपुर(खीरी), अमृत विचार :** भीरा क्षेत्र में मंगलवार को शारदा नदी में पानी पीने गए एक युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे मार डाला। तलाश के दौरान बुधवार की सुबह उसका शव नदी में बरामद हुआ है। भीरा क्षेत्र के गांव रेवतीपुरवा निवासी बबलू (21) मंगलवार को शारदा नदी के किनारे अपने पशुओं को चराने ले गया था। बताया जाता है कि तभी उसे प्यास लगी। इस पर वह नदी में पानी पीने चला गया। इसी दौरान नदी में मौजूद मगरमच्छ ने बबलू पर हमला बोल दिया और उसको पानी में खींच ले गया। देर शाम तक पशु घर वापस आ गए, लेकिन बबलू नहीं आया। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

## सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | | 4 | | | 3 |
| | 6 | 7 | | | 8 | 4 | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | 5 | | 7 |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | | 1 | | | | 9 | | |
| | 8 | | | | | | | 6 |
| 7 | | 4 | | 5 | | | | 8 |
| | 3 | 9 | 6 | | | 1 | 7 | |
| 1 | | | 3 | | | 2 | 9 | |

### सुडोकू -4 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 4 | 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 18.07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज धन को लेकर संतुष्ट रहेंगे। परिजनों का सहयोग और प्रेम प्राप्त होगा। अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करेंगे। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहने वाली है।

**वृष** – आज विवादित मामलों का समाधान आपको मिल सकता है। यदि नया घर ढूंढना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी। नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपका मानसिक तनाव दूर होगा। कुछ अच्छी खबर के मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज किसी को भी उधार देने से आपको बचना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों पर ज्यादा निर्भर होना उचित नहीं है। अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा।

**कर्क** – आज प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने की विचार बनाएंगे। कार्ययोजना में बदलाव करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप कुछ मनोकामनाओं के पूर्ण होने से बेहद प्रसन्न रहेंगे। नव विवाहित जोड़े कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह** – आज नौकरी में आपकी सुविधाएं बढ़ सकती है। आप भोग-विलास को काफी महत्व देंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रबंधन कार्य से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में लगे रहेंगे।

**कन्या** – आज गुरुओं का मार्गदर्शन लेने से आपको लाभ होगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। आप कुछ परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाई होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**तुला** – आज अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। किसी से कोई वादा करना उचित नहीं होगा। धार्मिक विषयों को लेकर गंभीर रहेंगे। आप काफी प्रसन्न हो सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। विवादित मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें।

**वृश्चिक** – आज यदि आप अपने अधिकारियों से संबंध मजबूत करना चाहते हैं तो दिन उसके लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई जानकारियों को लेकर आप काफी उत्सुक रहेंगे। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा।


**धनु** – आज शत्रुओं के साथ समझौता करने के अवसर मिल सकते हैं। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। आपको किसी मित्र की मदद करने का अवसर मिलेगा। आपकी बातों से लोग नाराज हो सकते हैं। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च होगा।

**मकर** – आज यदि आपको किसी तरह की पाचन समस्या है तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बच्चे अपने माता-पिता के साथ चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबारी अपने एकाउंट्स आदि को लेकर कुछ सावधान रहें। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा।

**कुंभ** – आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव रहेगा। गूढ़ विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं। अपने घर की साज-सज्जा में आप काफी रुचि ले सकते हैं।

**मीन** – आज लोग आपसे अपनी बातें शेयर करना पसंद करेंगे। युवा प्रेमियों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ के अवसर मिलेंगे। यदि आप सोशल मीडिया में काफी सक्रियता रखते हैं तो आपको इसके माध्यम से काफी लाभ हो सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 20.16 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन — दोपहर : 12.00
भीष्मा — रात : 09.00

&pictures
बादल — सुबह : 10.30
नाम शबाना — रात : 07.00

SONY PIX
द वॉटर हार्स — सुबह : 11.10
द डॉर्क नाइट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
यह तो कमाल हो गया — सुबह : 11.20
लगान — शाम : 06.00

colors CINEPLEX
रघुवीर — सुबह : 09.21
साजन — शाम : 06.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 6 जून 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2055, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1525, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1865, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1890, स्वास्तिक 2025, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 5 माह के निचले स्तर पर

## एचएसबीसी इंडिया के मुताबिक कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। सर्वेक्षण के अनुसार, एक और सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। बिक्री में बढ़ोतरी, उत्पादकता में तेजी और मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबावों के कारण वृद्धि में कुछ बाधा भी आई। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-मई में भारत की सेवा गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, घरेलू नए ठेकों में थोड़ी कमी आई लेकिन वे मजबूत बने रहे। यह मजबूत मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा-कीमतों की बात करें तो मई में कच्चे माल तथा श्रम की लागत में वृद्धि के कारण लागत दबाव बढ़ गया। कंपनियां मूल्य वृद्धि का केवल एक हिस्सा ही ग्राहकों तक पहुंचाने में सक्षम रहीं। मई में जिस क्षेत्र में पर्याप्त सुधार हुआ, वह नए निर्यात ठेके थे...जिसमें वृद्धि सितंबर 2014 में श्रृंखला की शुरुआत के बाद से सबसे तेज रही।

### मांग बढ़ने से कार्यालय की भर्तियों में आया सुधार



**मुंबई।** तेल एवं गैस, बैंकिंग और रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्यालयों में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में लगातार सुधार होरहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल जैसे क्षेत्रों में अप्रैल की तुलना में मई में नियुक्तियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। कार्यालय में बैठकर काम करने वाले पदों पर भर्तियां हालांकि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में दो प्रतिशत कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईटी (शून्य प्रतिशत वार्षिक), बीपीओ (तीन प्रतिशत) और शिक्षा (पांच प्रतिशत) में भर्ती में गिरावट ने समग्र नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक को नीचे कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया, तेल एवं गैस (14 प्रतिशत), बैंकिंग (12 प्रतिशत) और एफएमसीजी (17 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर पर कल आएगा निर्णय

**मुंबई।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3 दिन की द्विमासिक मासिक बुधवार को शुरू हुई। माना जा रहा है कि एमपीसी प्रमुख ब्याज दर रेपो को यथावत रखेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की घोषणा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर (रेपो) में कटौती की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। फरवरी, 2023 से रेपो दर 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। अर्थव्यवस्था में तेजी के बीच माना जा रहा है कि एमपीसी ब्याज दरों में कटौती से बचेगी। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था और तब से उसने लगातार सात बार इसे यथावत रखा है।

# सेबी ने सीधे ग्राहकों के खातों में प्रतिभूति भुगतान को किया अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए उठाया गया कदम

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को ग्राहकों के खाते में प्रतिभूतियों के सीधे भुगतान की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया। परिचालन दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह 14 अक्टूबर से प्रभावी होगा। वर्तमान में, समाशोधन निगम प्रतिभूतियों के भुगतान को ब्रोकर के खाते में जमा करता है। उसके बाद इसे संबंधित ग्राहक के डीमैट खातों में जमा किया जाता है। सेबी ने शेयर बाजारों, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है, भुगतान के लिए प्रतिभूतियां समाशोधन निगम सीधे संबंधित ग्राहक के डीमैट खाते में जमा करेगा। इसके अलावा, समाशोधन निगमों को मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा के तहत बिना भुगतान वाली प्रतिभूतियों और वित्तपोषित शेयरों की पहचान करने के लिए कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों (सीएम) के लिए एक व्यवस्था प्रदान करनी चाहिए। सेबी ने सुझाव दिया है कि 'पोजिशन' के स्तर पर अगर कोई कमी रहती है तो कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों को नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से इसका निपटान करना चाहिए। इसके अलावा, ऐसे मामलों में ब्रोकर को समाशोधन निगम की तरफ से लगाए गए शुल्क के अलावा ग्राहक पर कोई शुल्क नहीं लगाना चाहिए।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050-55,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

# शुल्क वापसी राशि सीधे निर्यातकों के बैंक खातों में भेज रहा सीबीआईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से होगा भुगतान

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बुधवार को कहा कि उसने सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) मंच के जरिए इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शुल्क वापसी की राशि सीधे निर्यातकों के बैंक खाते में भेजना शुरू कर दिया है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि निर्यातकों के खातों में शुल्क वापसी राशि का भुगतान सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से स्वचालित रूप से किया जाएगा। यह कागज रहित सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में सीबीआईसी की एक और पहल है। इस नई सुविधा से शुल्क वापसी की राशि के भुगतान में कम समय लगेगा और पारदर्शिता भी बढ़ने की उम्मीद है। लेखा महानियंत्रक ने पीएफएमएस को तैयार और क्रियान्वित किया है। इसने सरकार के वित्तीय प्रशासन में व्यापक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएफएमएस का उपयोग प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के लिए भी किया जाता है।

### सोने की कीमत में 80 रुपये और चांदी में 1,200 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये घटकर 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# राजग की जीत से नीतिगत स्थिरता का उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- मूडीज के अनुसार सीट घटने से धीमा पड़ सकता है सुधार




वैश्विक वित्तीय साख प्रमाणन एजेंसी मूडीज का कहना है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार बनने से देश की आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहने की उम्मीद है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन का बहुमत इस बार हल्का होने से सुधारों की गति पर असर पड़ सकता है।

मूडीज ने लोकसभा के मंगलवार को जारी नतीजों पर निवेशकों के लिए जारी एक सामान्य परचे में बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का बहुमत पहले से हल्का होने के दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों को लागू करने में देरी हो सकती है। नोट में कहा गया है कि सुधारों में देरी से राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के सरकार की योजना की प्रगति बाधित हो सकती है। मूडीज ने इन परिणामों पर परचे में कहा है, हमें उम्मीद है कि खास तौर पर बुनियादी ढांचे पर खर्च और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने पर बजटीय जोर के संबंध में लागू नीतियों की निरंतरता, मजबूत आर्थिक वृद्धि में सहायक होगी। वहीं मूडीज का यह भी सोचना है कि राजग की जीत का अपेक्षाकृत कम अंतर, साथ ही संसद में भाजपा को पूर्ण बहुमत से पीछे रह जाने से अधिक दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों की प्रगति में देरी हो सकती है जो राजकोषीय मजबूती की राह पर प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति के बारे में मूडीज का अनुमान है, भारत की आर्थिक शक्ति के बारे में हमारा आकलन है कि 2023-24 से 2025-26 के तीन साल के दौरान वास्तविक आर्थिक वृद्धि में लगभग सात प्रतिशत रह सकती है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बच्चे का मिला शव शरीर पर कुत्ते के काटने के निशान

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को कचरे के ढेर के पास छह साल के एक बच्चे का शव मिला जिस पर कुत्ते के काटने के निशान थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि बच्चे की मौत के कारण का पता नहीं चला है और अभी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे की मौत आवारा कुत्ते के हमले से हुई है। शव फूला हुआ है, जिसको देखकर संदेह होता है कि बच्चा कचरे के ढेर के पास बने जलाशय में गिर गया होगा। अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुत्ते ने बच्चे को कब काटा।

### जम्मू-कश्मीर के वन क्षेत्रों में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के नौशेरा वन में भी आग लग गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने अग्निशमन अभियान शुरू किया।

### गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति झुलसा

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा शहर के इंद्रपुरी मोहल्ले में बुधवार को एक घर में गैस सिलेंडर के फटने से मालिक बुरी तरह से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी राजेंद्र कुमार ने एजेंसी से दो गैस सिलेंडर मंगवाये थे। बुधवार को एजेंसी का डिलीवरी ब्वॉय सिलेंडर देने पहुंचा। राजेंद्र कुमार दो सिलेंडर लेकर रसोई में गया और गैस चूल्हे में एक सिलेंडर की सील निकालकर उसे फिट करने लगा तो अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे राजेंद्र बुरी तरह से झुलस गया, उसे उपचार के लिये सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची थी।

# आप कार्यालय की जमीन पर 6 सप्ताह में फैसला ले केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी को अन्य राजनीतिक दलों की तरह यहां पार्टी कार्यालय के लिए जगह लेने का अधिकार है। साथ ही उच्च न्यायालय ने केंद्र से इस मुद्दे पर 6 सप्ताह के भीतर फैसला लेने को कहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में जनरल पूल (आवासीय आवंटन प्रणाली) से दिल्ली में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई का अधिकार है और यह तब तक के लिए है जब तक उन्हें अपना दफ्तर बनाने के लिए जमीन नहीं मिल जाती। न्यायाधीश ने कहा कि दबाव या जनरल पूल की अनुपलब्धता अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकती है। अदालत ने कहा-प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आज से 6 सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करें और एक विस्तृत आदेश पारित करके तत्काल निर्णय लें।

### उच्च न्यायालय ने कहा-आवंटन के अधिकार से नहीं किया जा सकता है वंचित




अदालत ने यह भी कहा कि भले ही जमीन के आवंटन को लेकर पक्षों के बीच विवाद हो, लेकिन यह दल को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को जनरल पूल से सरकारी आवास के आवंटन के लिए समेकित निर्देशों के अनुसार, अस्थायी तौर पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई के आवंटन के अधिकार से वंचित किए जाने का कारण नहीं हो सकता है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने अदालत में कहा कि चूंकि प्राधिकारियों ने नई दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर सभी अन्य राष्ट्रीय दलों को कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उनकी जिम्मेदारी है कि उसे भी ऐसा ही आवंटन किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था।

### मां बनीं महिलाओं को एकांत स्थान पर भेजने पर कर्नाटक को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक खबर को लेकर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी किया है, जिसमें तुमकुरु जिले के बिसाडीहल्ली क्षेत्र में हाल में मां बनीं और मासिक धर्म से गुजर रहीं महिलाओं को दूर और एकांत झोपड़ियों में छोड़े जाने का आरोप लगाया गया है। बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि यदि खबर में दी गई जानकारी सही है, तो यह निर्दोष महिलाओं और नवजात शिशुओं के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। बयान में कहा गया है कि एनएचआरसी ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि तुमकुरु जिले में हाल में सिजेरियन ऑपरेशन कराने वाली 19 वर्षीय को महिला एक दूर और निर्जन इलाके में स्थित झोपड़ी में छोड़ दिया गया है।

# मुंबई-दिल्ली आईआईटी शीर्ष 150 विवि में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के मुताबिक एमआईटी सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान बरकरार रखा है। बुधवार को जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2025 में यह जानकारी दी गई।

आईआईटी मुंबई पिछले साल के 149वें स्थान से 31 रैंक ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है, वहीं, आईआईटी दिल्ली ने अपनी रैंकिंग में 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया है। लंदन आधारित उच्च शिक्षा विश्लेषक, क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित रैंकिंग के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय की अपने स्नातकों की रोजगार क्षमता के मामले में स्थिति अच्छी है और यह रोजगार परिणामों की श्रेणी में विश्व स्तर पर 44 वें स्थान पर है। रैंकिंग के इस संस्करण में 46 विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली प्रतिनिधित्व के मामले में वैश्विक स्तर पर सातवें और एशिया में तीसरे स्थान पर है, जो केवल जापान (49 विश्वविद्यालय) और चीन (मुख्यभूमि) (71 विश्वविद्यालय) से पीछे है। वहीं, दुनिया के शीर्ष 400 संस्थानों में दो और प्रविष्टियां हैं जिनमें दिल्ली विश्वविद्यालय 328वें स्थान पर और अन्ना विश्वविद्यालय 383वें स्थान पर है। भारत का रोजगार परिणाम संबंधी आंकड़ा 23.8 के वैश्विक औसत से 10 अंक कम है, जो नौकरी की आवश्यकताओं और स्नातकों के कौशल के बीच अंतर को पाटने तथा नए स्नातकों के लिए अधिक अवसर पैदा करने की आवश्यकता को दर्शाता है। क्यूएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-इसके अतिरिक्त, भारत का सतत प्रक्रिया अंक भी वैश्विक औसत से लगभग 10 अंक कम है और यह उच्च शिक्षा प्रणाली के भीतर स्थिरता पहल को प्राथमिकता देने एवं इसे मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। क्यूएस ने इस बात को रेखांकित किया कि उपलब्धियों के बावजूद भारत को अंतर्राष्ट्रीयकरण में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसने कहा-देश अंतर्राष्ट्रीय संकाय अनुपात और अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात संकेतकों में पीछे है, जो अधिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एवं आदान-प्रदान की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

## केजरीवाल से तिहाड़ जेल में पत्नी सुनीता व आप सांसद राघव चड्ढा ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को यहां तिहाड़ जेल में मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जेल नियमों के अनुसार दोनों को दोपहर एक बजे आधे घंटे के लिए आगंतुक कक्ष में 'आप' प्रमुख से मिलने की अनुमति दी गई। नियमों के अनुसार, जेल में एक कैदी से दो आगंतुक हफ्ते में दो बार मिल सकते हैं। कैदी को अपने परिवार के सदस्यों से प्रतिदिन पांच मिनट तक फोन पर बात करने की भी अनुमति है। जेल के एक सूत्र ने यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार को अपनी कोठरी में टेलीविजन पर लोकसभा चुनाव के नतीजे देखे।

# गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

गढ़चिरौली, एजेंसी

- पुलिस ने विस्फोटकों का जखीरा किया बरामद

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई और बाद में विस्फोटकों का एक जखीरा बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि मंगलवार को खुफिया सूचना मिली थी कि नक्सलियों के अहेरी 'एलओएस' (स्थानीय अभियान दस्ता) के कुछ सशस्त्र कार्यकर्ता स्थानीय तेंदू पत्ता ठेकेदारों से धन उगाही करने के लिए जिले में घुसे हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम रमेश के नेतृत्व में गढ़चिरौली पुलिस की विशेष नक्सल विरोधी इकाई सी-60 की एक टीम तुरंत महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर इंद्रावती नदी के तट पर स्थित क्षेत्र के लिए रवाना हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बुधवार सुबह ग्यारेवाड़ा गांव के पास नक्सलियों ने पुलिस की टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी की गई। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक, तार, बैटरियां, नक्सली साहित्य और नक्सलियों किट बैग बरामद किए गए।

# बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक का ओडिशा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा में अपने 24 साल के शासन का अंत करते हुए राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि पटनायक ने राज भवन में राज्यपाल रघुबर दास को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। पटनायक के आवास पर बीजद के कई नेता एकत्रित हुए थे लेकिन वह अपना इस्तीफा देने अकेले ही राज्यपाल के आवास गए। बीजद अध्यक्ष ने बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया और अपना इस्तीफा पत्र सौंपने के बाद राज भवन से निकल गए। भाजपा ने ओडिशा में 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटें जीतकर सत्ता पर कब्जा जमा लिया है जबकि बीजद केवल 51 सीटें जीत पाई।

# सीबीएसई को लिखित और प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में मिली विसंगति

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोर्ड ने विद्यालयों को समीक्षा करने का दिया परामर्श

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 500 विद्यालयों के करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के कुछ विषयों में लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में महत्वपूर्ण विसंगति का पता लगाया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने विद्यालयों को उनकी आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करने का परामर्श दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों को सलाह दी गई है कि वे प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन करते समय निष्पक्षता और सटीकता को प्राथमिकता दें और सुनिश्चित करें कि प्रक्रिया उचित और विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली हो। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा-केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से सीबीएसई से संबद्ध 500 विद्यालयों में कुछ विषयों के 50 प्रतिशत या इससे अधिक विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा में मिले अंकों में कई महत्वपूर्ण विसंगित मिली है।

### छत्तीसगढ़ में एक इनामी समेत नौ नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसेगढ़ और मद्देड़ थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य लच्छु पूनेम (35) भी शामिल है जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत मद्देड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी की गई है।

# विदेश यात्रा मौलिक अधिकार: हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने विदेश जाने की अनुमति देते हुए की टिप्पणी



बॉम्बे बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि विदेश यात्रा के अधिकार को देश के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले में गवाह को थोड़े समय के लिए अमेरिका और ब्रिटेन जाने की अनुमति देते हुए अपने आदेश में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि विदेश यात्रा पर जाना किसी भारतीय व्यक्ति का उसका मौलिक अधिकार है।

न्यायमूर्ति कमल खाता और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की अवकाश पीठ ने गवाह संजय डांगी को 06 जून से 23 जून तक अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दी। एनडीएसआई गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटर डांगी को सीबीआई ने वधावन प्रवर्तित दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से जुड़े कथित घोटाले की जांच में गवाह के रूप में बुलाया था। ऑथम इन्वेस्टमेंट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ पंजीकृत है और इसकी कुल संपत्ति 9,500 करोड़ रुपये है। पीठ ने अनुमति देते हुए डांगी के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को भी 24 जून तक निलंबित कर दिया।

डांगी की ओर से पेश समक्ष याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता का नाम सीबीआई मामले में दायर आरोपपत्र में नहीं है और वास्तव में उसे गवाह के रूप में साक्ष्य देने के लिए एजेंसी द्वारा बुलाया गया था। इसके अलावा उन्हें पांच मौकों पर विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी और उन्होंने कभी भी अपने ऊपर लगाई गई शर्तों का उल्लंघन नहीं किया है।

### दिल्ली के एक अस्पताल में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्व दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में बुधवार को आंखों के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर शॉर्ट सर्किट के कारण एक एयर कंडीशनर में आग लगी। सोशल मीडिया पर अस्पताल में आग लगने के बारे में कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। एक वीडियो में अस्पताल की इमारत से आग की लपटें निकलते हुए और काले धुएं का गुबार उठते हुए देखा गया था।



## खेल डायरी




### सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारी

**जकार्ता।** भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है। ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। महिला युगल के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो येओंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गईं।

### चेन्नईयिन एफसी ने एल्सिन्हो से करार किया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ब्राजील के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी एलसन जोस डायस जूनियर (एल्सिन्हो) के साथ दो साल का करार किया, जिससे वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में मिडफील्डर जितेंद्र सिंह की सेवाएं हासिल करने के बाद एल्सिन्हो इस टीम से 2024-25 सत्र से पहले जुड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने कहा एल्सिन्हो एक बहुमुखी, मजबूत और तकनीकी फुटबॉलर है जो मिडफील्ड और सेंटर बैक में अपनी सेवाएं दे सकता है। इससे हमें रक्षापंक्ति में बेहतर विकल्प मिलेगा। हमारी टीम में ब्राजील के खिलाड़ियों का बड़ा विकल्प होता है। एल्सिन्हो ने 2014 में क्लब एस्पोर्टिवो नविरैएन्से के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। उन्होंने अपने करियर में अब तक 214 मैच खेले हैं। उन्होंने 15 गोल किए हैं और दो गोल करने में मदद की है।

### दाम्बुला फ्रेंचाइजी को मिला नया मालिक

**दाम्बुला।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया है। इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था। इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था। मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण फ्रेंचाइजी के अनुबंध को समाप्त करने के साथ रहमान को गिरफ्तार कर लिया था। एसएलसी ने कहा लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया स्थित एक अग्रणी सिविल इंजीनियरिंग परामर्श कंपनी सिकोइया कंसल्टेंट्स एलपीएल टीम दाम्बुला का भविष्य संभालने के लिए आगे आई है। इस कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी प्रियंगा डी सिल्वा की है जो पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र एक जुलाई से शुरू होने वाला है। यह तीन शहरों कैंडी, दाम्बुला और कोलंबो में खेला जाएगा।

# जीत के साथ शुरू हुआ भारत का सफर

## आयरलैंड को आठ विकेट से हराया, रोहित ने जड़ा अर्धशतक, हार्दिक ने झटके तीन विकेट

न्यूयॉर्क, एजेंसी



हैरी टेक्टोर का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के कप्तान रोहित शर्मा की (52) रनों की अर्धशतकीय तथा ऋषभ पंत के नाबाद (36) की पारियों के दम पर भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने 97 रनों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तेज शुरुआत की, इसी दौरान तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर विराट कोहली (1) मार्क ऐडेयर ने आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने अच्छी साझेदारी करते हुए टीम के स्कोर 76 रन तक पहुंचा था कि 10वें ओवर में रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। रोहित ने 37 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए 52 रनों की पारी खोली। सूर्यकुमार यादव दो रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत ने 26 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 36 रन बनाये। भारत ने 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से मार्क ऐडेयर और बेन व्हाइट ने एक-एक विकेट लिए।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड की पूरी टीम को 96 के स्कोर समेट दिया था। आज नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे ग्रुप ए के मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की पहली गेंदबाज पर अर्शदीप सिंह ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (2) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर में अर्शदीप ने एंडी बैलबर्नी (5) को बोल्ड कर अपने खाते में एक और विकेट का इजाफा कर लिया। सातवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने लोर्कान टकर (10) को बोल्ड कर दिया। हैरी टेक्टर (4) जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। कर्टिस कैमफर (12), जॉर्ज डॉकरेल (3), मार्क ऐडेयर (3), जॉश लिटिल (14) और गैरेथ डेलेनी 14 गेंद पर (26) रन बनाकर रनआउट हुये। आयरलैंड की पूरी टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

**ऋषभ पंत**
**36*** रन
**26** गेंद
**3/2** चौके/छक्के


36 रनों की पारी के दौरान शॉट लगाने ऋषभ पंत ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

| आयरलैंड 96/10 (16 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| एंड्रयू बालबिरनी बो अर्शदीप | 5 | 10 | 1/0 |
| पॉल स्टर्लिंग कैच पंत बो अर्शदीप | 2 | 6 | 0/0 |
| लोरकन टकर कैच पंज बो हार्दिक | 10 | 13 | 2/0 |
| हैरी टेक्टोर कैच कोहली बो बुमराह | 4 | 16 | 0/0 |
| कर्टिस कैम्फर कैच पंत बोल्ड हार्दिक | 12 | 8 | 1/1 |
| जॉर्ज डॉकरेल कैच बुमराह बो सिराज | 3 | 5 | 0/0 |
| गैरेथ डेलानी रन आउट (सिराज/पंत) | 26 | 14 | 2/2 |
| मार्क एडेयर कैच शिवम दुबे बो हार्दिक | 3 | 2 | 0/0 |
| बैरी मैक्कार्थी और बोल्ड अक्षर | 0 | 6 | 0/0 |
| जोशुआ लिटिलब बुमराह | 14 | 13 | 2/0 |
| बेंजामिन व्हाइट नॉटआउट | 2 | 4 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन : 15, गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1, बुमराह 3-0-6-2, हार्दिक 4-1-27-3, अक्षर 1-0-3-1, जडेजा 1-0-7-0

| भारत 97/2 (12.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रिटायर हर्ट | 52 | 37 | 4/3 |
| विराट कोहली कैच व्हाइट बो एडेयर | 1 | 5 | 0/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 36 | 26 | 3/2 |
| सूर्यकुमार कैच डॉकरेल बो व्हाइट | 2 | 4 | 0/0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन : 6, गेंदबाजी :** मार्क एडेयर 4-0-27-1, जोशुआ लिटिल 4-0-42-0, बैरी मैक्कार्थी 2.2-0-18-0, कर्टिस कैम्फर 1-0-4-0, बेंजामिन व्हाइट-1-0-6-1

## मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने: रोहित



**न्यूयार्क।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ से उन्होंने पद के लिए आवेदन करने का आग्रह किया था लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हुआ। टी-20 विश्वकप 2024 में आयरलैंड के साथ होने वाले मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में रोहित ने कहा मैंने उन्हें मनाने की बहुत प्रयास किया लेकिन कई और चीजे हैं, जिनका उनको ख्याल रखना है। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यकाल को बहुत पसंद किया है। मुझे पता है कि टीम के अन्य सदस्य भी यही बात कहेगा।

टूर्नामेंट जीतने के सवाल पर कहा, हमने इस बारे में नहीं सोचा है। जब मैंने आयरलैंड में पर्दापण किया था, वह मेरे पहले अंतर्राष्ट्रीय कप्तान थे तो मेरा और उनका संबंध बहुत लंबा है। वह हम सबके लिए एक रोल मॉडल हैं। हम उनको खेलते देख ही बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, हम जानते है कि उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें क्या मिला है। वह कई बार टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकालकर ले गए हैं। वह इसी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान दृढ़ निश्चय दिखाया है। एक कोच के रूप में जब वह टीम में आए, तो मैं उनसे यही सब सीखना चाहता था। तो ट्रॉफी जीतने से अधिक यह सब जरूरी था।

वैसे हमने कई बड़ी सीरीज और टूर्नामेंट भी इस दौरान जीते। मैंने उनके साथ काम करने के हर एक क्षण आनंद लिया। एक टीम के रूप में हम यही चाहते थे। मैंने इन सबके बारे में बहुत सोचा है। अब मैं केवल अपने खेल और टीम की मदद के लिए जा रहा हूं। मेरा ध्यान अब बस यही है।

# ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर अमेरिका के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

विश्व टेस्ट चैंपियन मेस (गदा) और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप में जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों हैं। टी-20 विश्व कप खिताब लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं है। ऑलराउंडर और नवनियुक्त कप्तान मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तथा एकदिवसीय विश्व कप फाइनल



में भारत के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा। वहीं दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली। कनाडा के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में सात विकेट की जीत के बाद अमेरिका की टीम आत्मविश्वास से भरी है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।

### चोट के कारण अमेरिका के खिलाफ नहीं खेलेंगे इमाद वसीम

**डलास।** ऑलराउंडर इमाद वसीम मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। कप्तान बाबर आजम ने कहा कि वसीम मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं और बाएं हाथ के इस स्पिनर की प्रगति पर नजर रखी जा रही है। बाबर ने यहां मीडिया से कहा मेडिकल स्टाफ उस पर नजर रखे हुए है और वह विश्व कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस अनुभवी टी-20 विशेषज्ञ खिलाड़ी को संन्यास से वापसी कराई गई। वसीम के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को भी टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में चुना गया है।

# कार्लसन से हारे प्रज्ञानानंदा वैशाली ने मुजिचुक को हराया

स्टावेंगर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि उनकी बड़ी बहन आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो करूआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक

**नॉर्वे शतरंज**



के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं। करूआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं। महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने स्वीडन की पिया क्रेमलिंग के खिलाफ जीत से 14.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। उन्हें वैशाली के खिलाफ मुजिचुक की हार से भी फायदा मिला। यूक्रेन की मुजिचुक 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनसे 1.5 अंक पीछे वैशाली 11.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।

## अफरीदी बोले भारत-पाकिस्तान सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी

**न्यूयॉर्क।** पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय सुपर बाउल के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी-20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी।

दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे। टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने आईसीसी से कहा, वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं। मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है।

# टीम अपनी खामियों को सुधारेगी: नवनीत कौर

लंदन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग के यूरोपीय दौरे के दूसरे चरण में लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा टीम एकजुटता के साथ अपनी खामियों को दूर करने के लिए काम कर रही है।

उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हमारा ध्यान अब आवश्यक समायोजन और रणनीति बनाने पर है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने शेष मैचों में मजबूती से आगे बढ़ें। हमारा मानना है कि आने वाले मैचों का महत्व न केवल टूर्नामेंट के लिए है, बल्कि एक टीम के रूप में उभरकर आगे बढ़ने का समय है, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी खामियों को दूर करने के साथ टीम को मजबूत बनाने के लिए एकजुट हैं। एफआईएच प्रो



लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हमें कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीख रही। बेल्जियम और ब्रिटेन के साथ करीबी मुकाबलों में असफलताओं के बावजूद टीम ने लचीलापन और सुधार दिखा। जैसा कि हम अपने शेष दो मैचों में फिर से जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं, हम अपने पिछले प्रदर्शन का विश्लेषण करने और सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है।

# यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं : छेत्री

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की।

भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी। फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे चरण के क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ कहा, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग 20 दिन पहले ही मिल चुके हैं और हमने मेरे



करियर की आखिरी मैच की बात कर ली है। यह हो चुका है। हम यहां केवल और केवल कुवैत और भारत के बारे में बात करने के लिए आए हैं।

भावुक छेत्री ने अनुरोध किया कि वे उनसे बार-बार उनके संन्यास के बारे में न पूछें ताकि वह खुले दिमाग से खेल सकें। यह मेरे और मेरे अंतिम मैच के बारे में नहीं है, यह हमारे और कुवैत के बारे में है। और मैं अपने अंदर एक छोटे से संघर्ष से गुजर रहा हूं। कृपया बार-बार आप कैसा महसूस कर रहे हैं पूछकर इसे बदतर न बनाएं। केवल आप ही लोग हैं जो यह सवाल पूछ रहे हैं। हम ड्रेसिंग रूम में इसके बारे में बात नहीं करते हैं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं।

### इटली ने तुर्की से खेला गोल रहित ड्रॉ, पुर्तगाल ने फिनलैंड को हराया



**मिलान।** इटली ने अगले महीने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा का अभियान शुरू करने से पहले अभ्यास मैच में तुर्की के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। इटली के खिलाफ मैच के दौरान तुर्की के डिफेंडर ओजान केबाक को गंभीर चोट लीग और उनके जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 से बाहर होने की आशंका है। इटली को अपना दूसरा मैत्री मैच रविवार को बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ खेलना है जिसके बाद टीम यूरो 2024 में 15 जून को अल्बानिया के खिलाफ खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दूसरी तरफ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे पुर्तगाल ने फिनलैंड को 4-2 से हराया। फिनलैंड के खिलाफ पुर्तगाल के लिए ब्रूनो फर्नांडिज ने दो जबकि रूबेन डियाज और डिएगो जोटा ने एक-एक गोल किया। फिनलैंड के लिए दोनों गोल तेमु पुकी ने दागे। ऑस्ट्रिया ने सर्बिया को 2-1 से हराया जबकि आयरलैंड ने हंगरी को हराकर उसके अजेय अभियान को थाम दिया।

## एमएलसी से जुड़े कमिंस, सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से करार

**मेलबर्न।** तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का करार किया है जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी-20 लीग को आईसीसी से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कमिंस ने कहा एमएलसी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और क्रिकेट के लिए अमेरिका के बाजार में काफी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया को अगले साल जून-जुलाई में पूर्ण श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और यह देखना होगा कि यह शीर्ष तेज गेंदबाज तब इस टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहता है या नहीं। सेन फ्रांसिस्को की टीम में ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क कमिंस के साथी होंगे।

# घुटने की सर्जरी के कारण जोकोविच फ्रेंच ओपन और विंबलडन से बाहर

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच घुटने की सर्जरी के कारण फ्रेंच ओपन और एक जुलाई से शुरू होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पेरिस में जोकोविच के घुटने की सर्जरी होनी है इस प्रक्रिया को लेकर उन्होंने फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था और अब एक जुलाई से शुरु होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सर्जरी के बाद स्वस्थ्य होने में लगने वाले समय के कारण सात सप्ताह बाद शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक में भी उनके भाग लेने पर संशय बन गया है।

रोलैंड गैरोस में कोर्ट की स्थितियों और जोकोविच की चोट के बीच संबंध एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। जिसने खिलाड़ियों की सुरक्षा और टूर्नामेंट प्रबंधन पर प्रश्नचिन्ह



लगा दिया हैं। इससे पहले साइबेरिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने सोशल मीडिया पर कहा मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे रोलैंड गैरोस से हटना पड़ रहा है, मैंने कल के मैच में पूरे दिल से खेला और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और दुर्भाग्य से, मेरे दाहिने घुटने में एक मेनिस्कस टियर के कारण मेरी टीम और मैंने सावधानीपूर्वक विचार किया, जिसके बाद एक कठिन निर्णय लेना पड़ा। मैं इस सप्ताह फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अपने प्रशंसकों को उनके प्यार और निरंतर समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी सेमीफाइनल में

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान वी को हराकर फ्रेंच ओपन पुरूष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दोनों ने 7-6, 5-7,6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन को जीतने में एक घंटा और चार मिनट लगे। उन्होंने पहला सेट कड़े मुकाबले में जीता लेकिन दूसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने वापसी की। तीसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल एकतरफा रहा और बोपन्ना तथा एबडेन ने बेल्जियम की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बोपन्ना और एबडेन ने पहले और तीसरे दौर में भी तीन सेट के मुकाबले खेलने पड़े थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## स्लोवेनिया ने फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में दी मान्यता

**ल्युब्लियाना, एजेंसी।** यूरोपीय देश स्लोवेनिया ने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मंगलवार को मान्यता दे दी। स्लोवेनियाई संसद ने बहुमत से इस कदम को मंजूरी दे दी और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी की ओर से इस मुद्दे पर जनमत संग्रह के आह्वान को खारिज कर दिया।

गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए इजरायल पर दबाव बनाने के व्यापक प्रयास के तहत सरकार ने पिछले हफ्ते स्पेन, आयरलैंड और नॉर्वे के नक्शेकदम पर चलते हुए फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने का फैसला किया। प्रधानमंत्री रॉबर्ट गोलोब ने एक्स पर कहा फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने से वेस्ट बैंक और गाजा में लोगों में आशा जगी है।

## नाबालिग की रिमांड बढ़ाने की मांग को बाल न्याय मंडल का किया रुख

**पुणे, एजेंसी**

**पुणे कार दुर्घटना**

पुणे पुलिस ने बाल न्याय मंडल (जेजेबी) के समक्ष एक आवेदन दायर कर एक कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय किशोर की हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया गया है जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुणे के एक निगरानी गृह में बंद 17 वर्षीय लड़के की रिमांड बुधवार को समाप्त हो रही है। पुणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा, हमने जेजेबी के समक्ष एक आवेदन दायर कर पर्यवेक्षण गृह में उसकी हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ाने की मांग की है। पुणे पुलिस की याचिका पर जेजेबी के समक्ष बुधवार को सुनवाई होनी है। महाराष्ट्र के पुणे शहर के कल्याणी नगर में 19 मई को तड़के एक पोर्श कार की टक्कर लगने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कार को कथित रूप से एक नाबालिग चला रहा था जो उस वक्त शराब के नशे में था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटे बाद एक रियल एस्टेट डेवलपर के नाबालिग बेटे को जमानत दे दी थी और उसे सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने के लिए कहा था। कड़ी आलोचना के बाद, पुलिस ने फिर से जेजेबी से संपर्क किया, जिसने आदेश में संशोधन किया और आरोपी को 5 जून तक निगरानी केंद्र में भेज दिया। पुलिस ने नाबालिग के रक्त नमूनों की उसकी मां के रक्त नमूनों से कथित अदला-बदली के आरोप में नाबालिग के पिता, मां, दो डॉक्टरों और सरकारी ससून जनरल अस्पताल के एक अन्य कर्मचारी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। घटना से संबंधित मामले में नाबालिग के दादा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करने और आरोपी डॉक्टरों और नाबालिग के पिता के बीच वित्तीय लेनदेन कराने के आरोप में मंगलवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया है।

## ताइवान ने क्षेत्र में चीन के 26 विमानों का पता लगाया

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान की सेना ने पिछले दिन द्वीप के करीब चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 26 विमानों और 10 जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म "एक्स" पर लिखा गया "ताइवान के आसपास संचालित 26 पीएलए विमान और 10 पीएलएएन जहाजों का पता स्थानीय समयानुसार आज सुबह छह बजे तक लगाया गया था। इस दौरान 19 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड (वायु रक्षा पहचान क्षेत्र) में प्रवेश किया।"

## उ. कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उड़े बी-1बी बमवर्षक विमान



जेडीएएम बमों में बंकर-बस्टर भी शामिल

दक्षिण कोरिया के लड़ाकू विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया

**सियोल, एजेंसी**

अमेरिका ने सात वर्ष में पहली बार दक्षिण कोरिया में अपने बमबारी अभ्यास के लिए बुधवार को कोरियाई प्रायद्वीप पर लंबी दूरी के बी-1बी बमवर्षक विमान उड़ाए। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बी-1बी बमवर्षक विमान ने अमेरिका के अन्य और दक्षिण कोरिया के लड़ाकू विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किए।

उसने बताया कि बी-1बी बमवर्षक विमान ने प्रशिक्षण के दौरान दक्षिण कोरिया के विमानों के सुरक्षा घेरे में रहते हुए ज्वाइंट डायरेक्ट एटैक म्यूनिशंस (जेडीएएम) गिराए। यह 2017 के बाद से ऐसा पहला बमबारी अभ्यास है। जेडीएएम बमों में बंकर-बस्टर भी शामिल हैं। जेडीएएम एक मार्गदर्शन प्रणाली है जो बिना निर्देशित, पारंपरिक बमों को अधिक सटीक, जीपीएस-निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। अमेरिका के सभी लड़ाकू विमान, बमवर्षक विमान और ड्रोन जेडीएएम इस्तेमाल कर सकते हैं और इसकी युद्ध सामग्री उन हथियार प्रणालियों में शामिल है जिसे अमेरिका रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए उपलब्ध कराता रहा है।

## एक नजर

### इजरायली हमले में 38 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा में मंगलवार को इजरायल की सेना के हमले में कम से कम 38 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी। अल जज़ीरा ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में आठ फिलिस्तीनी पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इन पुलिसकर्मियों की देर अल-बलाह में उनकी कार पर हुए इजरायली हमले में मौत हो गयी। इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा था उनकी जमीनी सेना मध्य गाजा पट्टी के ब्यूरिज इलाके में काम कर रही थी, जबकि लड़ाकू विमानों ने हवा से हमास के ठिकानों पर हमला किया।

### इंडोनेशिया के दक्षिणी सुमात्रा में भूकंप के झटके

**हांगकांग।** इंडोनेशिया के दक्षिणी सुमात्रा में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक 02 :20 बजे (ग्रीनविच मीन टाइम) आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 3 .66 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 100 .68 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 10 .0 किलोमीटर की गहराई पर रहा।

### श्रीलंका में समुद्र में डूबे भारतीय दंपति की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में परिवार के साथ छुट्टियां मनाने आए एक भारतीय दंपति की देश के दक्षिण में हंबनटोटा के पास समुद्र में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय पुरुष और 33 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। प्रारंभिक पड़ताल के अनुसार दोनों पति-पत्नी थे। एक समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, घटना मंगलवार को किरिंदा बीच पर अपने परिवार के साथ आए पर्यटकों के साथ घटी।

### पाकिस्तान में टिकटॉकर की गोली मारकर हत्या


**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नाजिमाबाद में मंगलवार की रात मोबाइल फोन की दुकान के सुरक्षा गार्ड ने एक टिकटॉकर को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान उत्तरी नाजिमाबाद निवासी मुख्तियार अहमद के 24 वर्षीय बेटे साद अहमद के रूप में हुई है। सुरक्षा गार्ड ने उसे उस समय गोली मारी दी, जब वह साखी हसन के पास सरीना मोबाइल मार्केट के बाहर वीडियो बना रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि लोग एक घायल व्यक्ति के आसपास खड़े थे और सुरक्षा गार्ड गुल हसन को पकड़ रखा था।

## भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है चुनाव : सीजेआई

### चुनावों के बीच न्यायाधीशों ने मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित किया

**ऑक्सफोर्ड/लंदन, एजेंसी**

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर बात रखी
- न्यायिक प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला



भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है, वहीं न्यायाधीश व्यवस्था की रक्षा करने वाले संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ मंगलवार को प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने इस दौरान न्यायिक प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ की जाने वाली कुछ अनुचित आलोचनाओं को रेखांकित करते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि प्रौद्योगिकी का समग्र प्रभाव न्यायपालिका को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचने में मदद करना है। उन्होंने भारत के आम चुनावों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, चुनाव संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है... भारत में न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते और इसका एक कारण यह भी है कि न्यायाधीश हालातों और संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसमें हम परंपरा की भावना को प्रदर्शित करते हैं और साथ ही इस भावना को भी प्रदर्शित करते हैं कि एक अच्छे समाज का भविष्य कैसा होना चाहिए। निर्णय सुनाते समय उन्हें जिन राजनीतिक और सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ा, उसके बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, न्यायाधीश के रूप में मेरे 24 वर्षों के कार्यकाल में मुझे कभी भी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा।

उन्होंने कहा, हमारा जीवन सरकार की राजनीतिक शाखा से बिल्कुल अलग है... लेकिन स्पष्ट रूप से न्यायाधीशों को अपने निर्णयों के व्यापक राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव से परिचित होना चाहिए। यह राजनीतिक दबाव नहीं है, बल्कि न्यायालय द्वारा किसी निर्णय के संभावित प्रभाव की समझ है।

वहां मौजूद विद्यार्थियों ने सीजेआई चंद्रचूड़ से पिछले वर्ष उच्चतम न्यायालय की ओर से विशेष विवाह अधिनियम पर सुनाए गए फैसले के बारे में सवाल पूछा जिसमें भारत में समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के खिलाफ फैसला सुनाया गया था। उन्होंने कहा, मैं यहां फैसले का बचाव नहीं करूंगा, क्योंकि एक न्यायाधीश के तौर पर मेरा मानना है कि एक बार फैसला सुनाए जाने के बाद यह न केवल राष्ट्र की बल्कि वैश्विक मानवता की पूंजी बन जाता है।

## सुनीता विलियम्स ने तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स बुधवार को एक अन्य सहकर्मी के साथ तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए रवाना हुईं। इसके साथ ही दोनों ने बोइंग कंपनी के स्टारलाइनर यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले सदस्य बनकर इतिहास रच दिया।



विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' कई बार के विलंब के बाद फ्लोरिडा के 'केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन' से रवाना हुआ। विलियम्स ने इस तरह के मिशन पर जाने वाली पहली महिला के रूप में भी इतिहास रचा। वर्ष 2012 में विलियम्स अंतरिक्ष में 'ट्रायथलॉन' पूरा करने वाली पहली व्यक्ति बनी थीं। विलियम्स मई 1987 में अमेरिकी नौसैन्य अकादमी से प्रशिक्षण लेने के बाद अमेरिकी नौसेना से जुड़ी थीं। विलियम्स को 1998 में नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था और वह दो अंतरिक्ष अभियानों-2006 में अभियान 14/15 तथा 2012 में 32/33 अभियानों का हिस्सा बनीं।

## बाइडन-ट्रंप ने कुछ राज्यों में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**





अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगवलार को कुछ राज्यों में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीत लिया। 'पॉर्न स्टार' स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद पहली बार चुनाव में उतरे ट्रंप ने न्यू मेक्सिको, मोंटाना और न्यू जर्सी में प्राइमरी चुनाव जीता। बाइडन ने न्यू मेक्सिको, साउथ डकोटा, न्यू जर्सी, मोंटाना और वाशिंगटन डीसी में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीता।

ट्रंप और बाइडन दोनों को मंगलवार को हुए मुकाबलों में आसानी से जीत हासिल करने की उम्मीद थी। लेकिन कई अमेरिकियों का कहना है कि वे 2020 के चुनाव को दोहराना नहीं चाहते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में ट्रंप के वर्चस्व को पहले संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने चुनौती दी थी लेकिन बाद में उन्होंने मार्च में राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ से बाहर होने की घोषणा की। हेली ने दो सप्ताह पहले कहा था कि वह नवंबर में ट्रंप के लिए वोट करेंगी। हालांकि, न्यू मेक्सिको में वह प्राइमरी चुनाव की दौड़ में शामिल थीं जहां कई मतदाताओं ने हेली के पक्ष में वोट किया लेकिन मंगलवार देर रात तक उनका वोट प्रतिशत 10 फीसदी से कम था।

बाइडन को हमास के साथ इजराइल के युद्ध से निपटने को लेकर डेमोक्रेटिक मतदाताओं की नाखुशी के कारण हाल में हुए मुकाबलों में विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की। इस बीच, मतदाताओं ने मंगलवार को इन राज्यों में संघीय, राज्य और स्थानीय कार्यालय के लिए प्राइमरी चुनाव में भी वोट डाला।

## लेबनान में अमेरिकी दूतावास पर हमले का किया प्रयास

**बेरूत, एजेंसी।** लेबनान की राजधानी बेरूत के निकट अमेरिकी दूतावास पर हमले का प्रयास कर रहे एक बंदूकधारी को सैनिकों ने पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों की संख्या चार थी। सेना ने यह जानकारी दी।

चरमपंथी समूह हिजबुल्ला और इजराइली सैनिकों के बीच महीनों से जारी लड़ाई के कारण इस देश के सीमावर्ती क्षेत्र में हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। साथ ही लेबनान कई वर्षों से राजनीतिक गतिरोध और आर्थिक तंगी का भी सामना कर रहा है। लेबनान की सेना ने बयान में बताया कि सैनिकों ने एक हमलावर पर गोली चला दी। सेना ने हमलावर की पहचान केवल सीरियाई नागरिक के रूप में की है।

## पाकिस्तान में झूठी शान की खातिर दो बहनों की हत्या

**लाहौर, एजेंसी**

- दोनों ने ही अपनी पसंद के लोगों से अदालत में शादी कर ली थी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में झूठी शान की खातिर दो बहनों की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पंजाब प्रांत में प्रेम विवाह करने पर दो बहनों की उनके पिता और भाई ने हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार को लाहौर से करीब 350 किलोमीटर दूर वेहारी में हुई।

पुलिस के अनुसार निशात और अफशां नामक दो बहनें पिछले महीने अपना घर छोड़कर चली गईं थीं और दोनों ने ही अपनी पसंद के लोगों से अदालत में शादी कर ली थी। दोनों की उम्र 20 वर्ष के आस-पास बताई जा रही है। दोनों बहनों के पिता के अनुरोध पर आयोजित पंचायत की बैठक में उनके दूल्हों के परिवारों को आदेश दिया गया कि वे विवाहित लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंप दें। पुलिस ने कहा, दूल्हों के परिवारों ने पंचायत के आदेश का पालन किया और दोनों लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। मंगलवार को लड़कियों के पिता सईद और भाई आसिम ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उन्हें घर पर ही प्रताड़ित करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि उन्होंने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रमुख पाकिस्तानी मानवाधिकार कार्यकर्ता सारिम बर्नी तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

प्रमुख पाकिस्तानी मानवाधिकार कार्यकर्ता सारिम बर्नी को मानव तस्करी के आरोप में देश की शीर्ष जांच एजेंसी ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सरकार की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

जियो न्यूज के अनुसार, संघीय जांच एजेंसी की मानव तस्करी रोधी टीम ने सारिम बर्नी को अमेरिका से कराची हवाई अड्डे पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा है कि मानवाधिकार कार्यकर्ता को अमेरिकी सरकार की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। सरकार ने बर्नी पर 25 से ज्यादा बच्चों की तस्करी कर अमेरिका भेजने और अवैध रूप से बच्चों को गोद दिलाने का आरोप लगाया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, संघीय जांच एजेंसी गिरफ्तारी से पहले कुछ समय से बर्नी की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

### पांच पूर्व नौसेना अफसरों की फांसी पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस्लामाबाद की एक शीर्ष अदालत ने पांच पूर्व पाकिस्तानी नौसेना अधिकारियों की फांसी पर रोक लगा दी है जिन्हें पहले 'जनरल कोर्ट मार्शल' के एक आदेश के द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश बाबर सत्तार ने नौसेना अधिकारियों के अनुरोध पर मंगलवार को लिखित आदेश जारी किया। इससे एक दिन पहले इस मामले में सुनवाई हुई थी।

### पाकिस्तान में 34 टीवी चैनलों को अवमानना नोटिस

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने दो नेताओं की कथित न्यायपालिका विरोधी प्रेस वार्ता प्रसारित करने के लिए बुधवार को 34 टीवी चैनलों को अवमानना नोटिस जारी किया। निर्दलीय उम्मीदवार सीनेटर फैसल वावदा और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट के सांसद मुस्तफा कमाल को अलग-अलग प्रेस वार्ता करने और कथित तौर पर शीर्ष न्यायपालिका के न्यायाधीशों के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी करने के लिए कार्यवाही का सामना करना पड़ा।

## श्रीलंका में खराब मौसम से मरने वालों की संख्या 30 हुई

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में 15 मई से जारी भीषण बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिता बंडारा टेन्नाकून ने बुधवार को संसद में यह जानकारी दी। टेन्नाकून ने कहा भारी मानसूनी बारिश ने 71 घरों को नष्ट कर दिया है जबकि 9,300 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। टेन्नाकून ने बताया कि 63 बुनियादी ढांचा व्यवस्था के साथ-साथ 825 छोटे और मध्यम स्तर के उद्योगों को भी नुकसान पहुंचा है। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो सहित 10 जिलों में मूसलाधार बारिश होने के कारण अचानक बाढ़ आ गई, पेड़ गिर गए, तेज हवाएं चलीं, बिजली गिरी और धरती खिसक गई।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय की फिल्म दे दे प्यार दे 2 में नजर आएंगे अनिल कपूर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे' प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म को लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। अब इसके सीक्वल का ऐलान कर दिया गया है, जो अगले साल यानी 2025 में लाया जाएगा। फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहला पार्ट खत्म हुआ था। मेकर्स ने स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव किए हैं, वहीं फिल्म में नए एक्टर्स की एंट्री हुई है। अनिल कपूर इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि अजय देवगन की 'दे दे प्यार दे 2' की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वह हाथों में स्क्रिप्ट लिए नजर आ रही हैं। रकुल ने तस्वीर के साथ लिखा, फेवरेट सेट पर वापसी हो गई है . दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग शुरू।

### सनी लियोनी की नई फिल्म कोटेशन गैंग का पहला पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनत्री सनी लियोनी की नई फिल्म कोटेशन गैंग का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। सनी लियोनी ने अपनी अपकमिंग तमिल फिल्म 'कोटेशन गैंग' का फर्स्ट लुक शेयर किया है। सनी लियोनी ने दो पोस्टर शेयर किए। इनमें उनका नया अवतार देखने को मिल रहा है, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा होगा। पहले पोस्टर में सनी, प्रियामणि के रोल में स्कर्ट के साथ चेक शर्ट पहने नजर आ रही हैं। वहीं दूसरे पोस्टर में उन्होंने को-एक्टर जैकी श्रॉफ की गर्दन को गुस्से में पकड़ा हुआ है। सनी लियोनी ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "एक हाइपर-लिंक फिल्म जुलाई से सिनेमाघरों में !फिल्म 'कोटेशन गैंग' में सनी लियोनी एक हत्यारन की भूमिका में हैं, जो एक गिरोह की मुख्य सदस्य है। वो कॉन्ट्रैक्ट किलर है।

### कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को होगा रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को रिलीज़ होगा। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ' 'कल्कि 2898 एडी' ' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 10 जून को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। बुधवार की सुबह ट्रेलर लॉन्च की घोषणा करते हुए, फिल्म के आधिकारिक हैंडल ने खबर साझा की। कल्की 2898 एडी का ट्रेलर 10 जून को आएगा। ट्रेलर रिलीज़ की तारीख की घोषणा एक नए पोस्टर के साथ की गई, जिसमें प्रभास द्वारा निभाए गए किरदार को पहाड़ की चोटी पर खड़े हुए देख सकते हैं और पोस्टर पर लिखा है, सब कुछ बदलने वाला है।

**खगोल विज्ञान** इस खोज को अत्यंत दुर्लभ मान रहे हैं वैज्ञानिक, घूमने में मात्र एक सेकंड का लगता है समय

## अपनी धुरी पर बहुत धीमी गति से घूमता है ध्वस्त तारा

**अमृत विचार, नैनीताल**

- यह खोज सिडनी विश्वविद्यालय व ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी के वैज्ञानिकों ने की है

वैज्ञानिकों ने ध्वस्त हो चुके एक ऐसे तारे को खोज निकाला है, जो अपने अक्ष में बहुत धीमी रफ्तार से एक घंटे में घूम पाता है, जबकि इस तरह के ध्वस्त तारे को घूमने में मात्र एक सेकंड का समय लगता है। यह दुर्लभ खोज मानी जा रही है।

सिडनी विश्वविद्यालय व ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। इस तरह के ध्वस्त तारे को रेडियो-उत्सर्जक न्यूट्रॉन तारा कहा जाता है। अब तक इस तरह के 3,000 से अधिक तारों की खोज हो चुकी है, जो अपने कक्ष में सेकेंडभर में चक्कर पूरा कर लेते हैं। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हो चुकी है। खोजकर्ता वैज्ञानिक मनीषा कालेब के अनुसार रेडियो स्पंदन उत्सर्जित करने वाले न्यूट्रॉन स्टार की यह खोज असामान्य है। यह खोज तारकीय वस्तुओं के जटिल जीवन चक्र में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करने वाली है। इसके धीमी गति से घूमने की वजह पता लगाने का प्रयास वैज्ञानिक कर रहे हैं। इस तरह के तारे भौतिकी की चरमता रहती है।

### अजूबा है समूचा ब्रह्मांड

ब्रह्मांड अजूबा है और तरह तरह के रहस्यों से घिरा हुआ है। वर्तमान में हम ब्रह्मांड का एक अंशभर भी नही जान पाए हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड असीम शक्तियों का भंडार है। जिसका उपयोग हम दैनिक जीवन में कर सकते हैं। जिस कारण वैज्ञानिक वर्ग इस दिशा में निरंतर अध्ययन करते हैं और ब्रह्मांड के रहस्यों से पर्दा उठाते रहते हैं।



ध्वस्त तारे के घूमने की तस्वीर। • अमृत विचार

जब ये तारे ढहते हैं, तो अपनी धुरी पर पूरी तरह से घूमने में केवल कुछ सेकंड या एक सेकंड का अंश लेते हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के वजारी यामाजी में सीएसआईआरओ के एएसकेएपी रेडियो टेलीस्कोप के जरिए यह खोज की गई है। यह खोज तब हुई जब वैज्ञानिक आसमान के बड़े हिस्से में गामा किरणों के स्रोत की निगरानी कर रहे थे। साथ ही तेज़ रेडियो विस्फोट की तलाश कर रहे थे। तभी इस न्यूट्रॉन तारे पर नजर पड़ गई। जब इसका बारीकी से अध्ययन किया तो यह हकीकत सामने आई।